पंजीकरण संख्या–यू0ए0/डी0ओ0/डी0डी0एन0/30/2015–17

सरकारी गजट, उत्तराखण्ड

उत्तराखण्ड सरकार द्वारा प्रकाशित

रुड़की

खण्ड–18] रुड़की, शनिवार, दिनांक 12 अगस्त, 2017 ई0 (श्रावण 21, 1939 शक सम्वत्) [संख्या–32

विषय–सूची

प्रत्येक भाग के पृष्ठ अलग–अलग दिये गए हैं, जिससे उनके अलग–अलग खण्ड बन सकें

विषय	पृष्ठ संख्या	वार्षिक चन्दा
		रु0
सम्पूर्ण गजट का मूल्य	—	3075
भाग 1–विज्ञप्ति–अवकाश, नियुक्ति, स्थान–नियुक्ति, स्थानान्तरण, अधिकार और दूसरे वैयक्तिक नोटिस ...	581–710	1500
भाग 1–क–नियम, कार्य–विधियां, आज्ञाएं, विज्ञप्तियां इत्यादि जिनको उत्तराखण्ड के राज्यपाल महोदय, विभिन्न विभागों के अध्यक्ष तथा राजस्व परिषद् ने जारी किया ...	407–413	1500
भाग 2–आज्ञाएं, विज्ञप्तियां, नियम और नियम विधान, जिनको केन्द्रीय सरकार और अन्य राज्यों की सरकारों ने जारी किया, हाई कोर्ट की विज्ञप्तियां, भारत सरकार के गजट और दूसरे राज्यों के गजटों के उद्धरण	—	975
भाग 3–स्वायत्त शासन विभाग का क्रोड़–पत्र, नगर प्रशासन, नोटीफाइड एरिया, टाउन एरिया एवं निर्वाचन (स्थानीय निकाय) तथा पंचायतीराज आदि के निदेश जिन्हें विभिन्न आयुक्तों अथवा जिलाधिकारियों ने जारी किया ...	—	975
भाग 4–निदेशक, शिक्षा विभाग, उत्तराखण्ड	—	975
भाग 5–एकाउन्टेन्ट जनरल, उत्तराखण्ड	—	975
भाग 6–बिल, जो भारतीय संसद में प्रस्तुत किए गए या प्रस्तुत किए जाने से पहले प्रकाशित किए गए तथा सिलेक्ट कमेटियों की रिपोर्ट	—	975
भाग 7–इलेक्शन कमीशन ऑफ इण्डिया की अनुविहित तथा अन्य निर्वाचन सम्बन्धी विज्ञप्तियां	—	975
भाग 8–सूचना एवं अन्य वैयक्तिक विज्ञापन आदि ...	123	975
स्टोर्स पर्चेज–स्टोर्स पर्चेज विभाग का क्रोड़–पत्र आदि ...	—	1425

भाग 1

विज्ञप्ति–अवकाश, नियुक्ति, स्थान–नियुक्ति, स्थानान्तरण, अधिकार और दूसरे वैयक्तिक नोटिस

शिक्षा अनुभाग–6 (उच्च शिक्षा)

अधिसूचना

25 जुलाई, 2017 ई0

संख्या 741/XXIV(6)/2017–12(02)/2014–श्री राज्यपाल महोदय, श्री देव सुमन विश्वविद्यालय अधिनियम, 2011(समय–समय पर यथासंशोधित) की धारा 5 की उपधारा (2) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करके विश्वविद्यालय से संबंधित या उससें आनुषांगिक विषयों का उपबंध करने के लिए निम्नलिखित प्रथम परिनियम बनाने की सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते है,

श्री देव सुमन उत्तराखण्ड विश्वविद्यालय प्रथम परिनियमावली, 2017

अध्याय 1
प्रारम्भिक

1.01– (1) इन परिनियमों का संक्षिप्त नाम श्री देव सुमन उत्तराखण्ड़ विश्वविद्यालय प्रथम परिनियमावली 2017 है। धारा 35(2)

(2) ये परिनियम राजपत्र में प्रकाशित होने की तारीख से प्रवृत्त होगें।

1.02 (1) विश्वविद्यालय के ऐसे सभी विद्यमान परिनियम और ऐसे सभी अध्यादेश जो इस परिनियमावली से असंगत हों ऐसी असंगति की सीमा तक एतद्द्वारा विखंडित किये जाते हैं और तुरन्त प्रभावहीन हो जायेंगे, सिवाय उन बातों के सम्बन्ध में, जो इस परिनियमावली के प्रारम्भ होने के पूर्व की गई हो या की जाने से छूट दी गई हों। धारा 35

1.03– इस परिनियमावली में, जब तक कि संदर्भ से अन्यथा अपेक्षित न हो– धारा 35

(क) 'अधिनियम', से उत्तराखण्ड का अधिनियम संख्या, 22 वर्ष 2011 श्री देव सुमन उत्तराखण्ड विश्वविद्यालय अधिनियम अभिप्रेत है;

(ख) 'खंड' से परिनियम के उस खंड से अभिप्रेत है जिसमें उक्त पद आया हो;

(ग) 'धारा' से अधिनियम की धारा अभिप्रेत हैं;

(घ) 'विश्वविद्यालय' से श्री देव सुमन उत्तराखण्ड विश्वविद्यालय अभिप्रेत है; और

(ड.) ऐसे शब्दों तथा पदों के जो इस परिनियमावली में प्रयुक्त हैं किन्तु परिभाषित नहीं हैं वही अर्थ होंगे जो अधिनियम में उनके लिये दिये गये हैं।

1.04– इस परिनियमावली में किसी अध्यापक की आयु के सम्बन्ध में सभी निर्देश सम्बन्धित अध्यापक के जन्म दिनांक के अनुसार आयु के प्रति, जो उसके हाईस्कूल प्रमाण–पत्र में या उसके समकक्ष मान्यता प्राप्त किसी अन्य परीक्षा प्रमाण–पत्र में उल्लिखित हो, निर्देश समझे जायेंगे। धारा 35

अध्याय–2
विश्वविद्यालय के अधिकारी और अन्य कार्य निर्वाहक
कुलाधिपति

2.01– (1) कुलाधिपति किसी ऐसे विषय पर जो उन्हें धारा 45 के अधीन निर्दिष्ट किया जाय, विचार करते समय विश्वविद्यालय अथवा सम्बद्ध पक्षकारों से ऐसे दस्तावेज अथवा सूचना जिसे वह आवश्यक समझे मांग सकते हैं और किसी अन्य मामले में विश्वविद्यालय से कोई दस्तावेज या सूचना मांग सकते हैं। धारा 9(4) तथा 35(ख)

(2) जहां कुलाधिपति खंड (1) के अधीन विश्वविद्यालय से कोई दस्तावेज या सूचना मागें, वहां कुलसचिव का यह सुनिश्चित कर्त्तव्य होगा कि ऐसा दस्तावेज या सूचना कुलपति से अनुमोदन कराकर तुरन्त उन्हें भेज दी जाय।

कुलपति

2.02— (1) कुलपति को किसी सम्बद्ध महाविद्यालय से अध्यापन परीक्षा अनुसंधान, वित्त अथवा महाविद्यालय में अनुशासन अथवा अध्यापन की कार्यक्षमता को प्रमाणित करने वाले किसी विषय के संबंध में जिस दस्तावेज या सूचना को वह उचित समझे उसको मांगने की शक्ति होगी। धारा 10(6)

(2) कुलपति को निःशुल्क सुविधायुक्त आवास उपलब्ध कराया जायेगा जिसका रख रखाव विश्वविद्यालय द्वारा किया जायेगा।

वित्त अधिकारी

2.03— जब वित्त अधिकारी का पद रिक्त हो अथवा जब वित्त अधिकारी अस्वस्थता, अनुपस्थित या किसी अन्य कारण से अपने पद के कर्त्तव्यों का पालन करने में असमर्थ हो तो उसके पद के कर्तव्यों का पालन ऐसे अन्य अधिकारी द्वारा किया जायेगा जिसे कुलपति नाम–निर्दिष्ट करे।

2.04— (क) विश्वविद्यालय की निधियों का सामान्य पर्यवेक्षण करेगा; धारा 8 (ग)

(ख) किसी वित्तीय मामले में परामर्श या तो स्वतः या उसका परामर्श अपेक्षित होने पर दे सकता है;

(ग) नकद तथा बैंक–बैलेंस की स्थिति तथा विनिधान की स्थिति पर सतत् दृष्टि रखेगा; धारा 13(7) और 35(1) (ख)

(घ) विश्वविद्यालय की आय का संग्रह और संदायों का वितरण करेगा और उसमें लेखे रखेगा;

(ड.) यह सुनिश्चित करेगा कि भवन् भूमि फर्नीचर तथा उपस्कर के रजिस्टर अद्यतन रखे जाते है और विश्वविद्यालय में उपस्कर तथा उपयोग में आने वाली अन्य सामग्रियों के स्टाक की नियमित जांच की जाती हैं;

(च) किसी भी अप्राधिकृत व्यय तथा अन्य वित्तीय अनियमिताओं की सम्यक् परीक्षा करेगा और सक्षम प्राधिकारी को दोषी व्यक्तियों के विरूद्ध अनुशासनिक कार्यवाही विषयक सुझाव देगा;

(छ) विश्वविद्यालय के किसी विभाग अथवा, इकाई से ऐसी कोई सूचना अथवा विवरणी जिसे वह अपने कर्त्तव्यों के पालन के लिये आवश्यक समझे, मंगा सकेगा;

(ज) विश्वविद्यालय के लेखों की निरन्तर आन्तरिक संपरीक्षा के संचालन का प्रबन्ध करेगा और उन बिलों की संपरीक्षा प्रारम्भ में ही करेगा जो तत्सम्बन्धी किसी भी स्थायी आदेश द्वारा अपेक्षित हो;

(झ) वित्तीय मामलों के सम्बन्ध में ऐसे अन्य कृत्यों का निर्वहन करेगा जो उसे कार्य परिषद् अथवा कुलपति द्वारा सौंपे जायें;

(ञ) अधिनियम और परिनियमों के उपबन्धों के अधीन रहते हुए, सहायक कुल–सचिव (लेखा) के पद से न्यून विश्वविद्यालय के संपरीक्षा और लेखा अनुभाग के समस्त कर्मचारियों पर परिनियम 2–06 के खंड (2) और (3) के अर्थान्तर्गत अनुशासनिक नियंत्रण रखेगा और उप/सहायक कुल सचिव (लेखा) और लेखा अधिकारी के कार्य का पर्यवेक्षण करेगा।

2.05— यदि वित्त अधिकारी के कृत्य का निर्वहन करने के संबंध में किसी विषय पर कुलपति और वित्त अधिकारी के बीच कोई मतभेद उत्पन्न हो जाय, तो वह प्रश्न राज्य सरकार को निर्दिष्ट किया जायेगा, जिसका विनिश्चय अन्तिम होगा और दोनो अधिकारी उससे बाध्य होंगे।

परीक्षा नियंत्रक

2.06 अधिनियम तथा परिनियमावली के उपबन्धों के अधीन रहते हुए:– धारा 16

(1) परीक्षा नियंत्रक अपने कार्य एवं दायित्वों से संबंधित अभिलेखों की अभिरक्षा का उत्तरदायी होगा।

(2) कुलपति के निर्देशों के अधीन परीक्षा समिति की बैठक बुलाने, इस बैठक में उन सभी सूचनाओं जिनकी आवश्यकता हो को प्रस्तुत करने, बैठक का कार्यवृत्त रखने और परीक्षा समिति की ओर से पत्राचार करने का उत्तरदायी होगा।

(3) परीक्षा समिति द्वारा नियुक्त समितियों की बैठक आहूत करने, समिति को आवश्यक सूचनायें एवं अभिलेख उपलब्ध कराने और समिति की संस्तुतियां परीक्षा समिति के सम्मुख करने का उत्तरदायी होगा।

(4) विश्वविद्यालय के विभिन्न पाठ्यक्रमों की परीक्षाओं की समय सारणी घोषित करने, प्रश्न पत्रों को तैयार करने एवं मोडिरेशन तथा उनकी अभिरक्षा करने तथा कथित परीक्षाओं के परीक्षाफल तैयार करने तथा उसे घोषित करने हेतु उत्तरदायी होगा।

(5) अपने कार्य एवं दायित्वों के निर्वहन हेतु विश्वविद्यालय के किसी कार्यालय से ऐसे अभिलेख एवं विवरणी मांग सकेगा जिसकी आवश्यकता हो।

(6) अपने अधीनस्थ कार्यरत कर्मचारियों पर प्रशासनिक नियंत्रण रखेगा, और विश्वविद्यालय के ऐसे किसी भी अधीनस्थ कर्मचारी से स्पष्टीकरण प्राप्त कर सकेगा जिसे विश्वविद्यालय की परीक्षाओं के कार्य हेतु योजित किया गया हो अथवा परीक्षा नियंत्रक के रुप में उसके दायित्वों से संबंधित हो, और समुचित प्राधिकारी को दोषी व्यक्ति के विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही की संस्तुति करेगा।

(7) अन्य ऐसे कार्य सम्पादित करेगा जो कि अध्यादेश द्वारा निर्धारित की जाय, कार्य परिषद्, परीक्षा समिति और कुलपति द्वारा समय–समय पर सौंपे जाय।

(8) परीक्षा नियंत्रक के कार्यो में सहयोग के लिए सहायक परीक्षा नियंत्रक की नियुक्ति की जायेगी।

(9) परीक्षा नियंत्रक एवं सहायक परीक्षा नियंत्रक के पद पर नियुक्ति हेतु शैक्षिक अर्हता एवं चयन प्रक्रिया ऐसी होगी, जैसी समय–समय पर कार्य परिषद् की संस्तुति के उपरान्त शासन द्वारा निर्धारित की जायेगी।

कुलसचिव

धारा 14

2.07– (1) अधिनियम तथा परिनियमावली के उपबन्धों के अधीन रहते हुए, कुलसचिव का विश्वविद्यालय के निम्नलिखित कर्मचारियों से भिन्न सभी कर्मचारियों पर अनुशासनिक नियंत्रण होगा, अर्थात्

(क) विश्वविद्यालय के अधिकारीगण

(ख) उप कुलसचिव और सहायक कुलसचिव

(ग) विश्वविद्यालय के अध्यापकगण, चाहे वह अध्यापक के रूप में कार्य कर रहे हों या पारिश्रमिक वाले पद पर हों या किसी अन्य हैसियत से; यथा परीक्षक या अन्तरीक्षक के रूप में कार्य कर रहे हों;

(घ) पुस्तकालयाध्यक्ष;

(ङ) विश्वविद्यालय में लेखा और सम्परीक्षा अनुभाग के कर्मचारी।

(2) खण्ड (1) के अधीन अनुशासनिक कार्यवाही करने की शक्ति के अन्तर्गत उक्त खण्ड में निर्दिष्ट किसी कर्मचारी को पदच्युत करने, हटाने, पंक्तिच्युत करने, प्रत्यावर्तित करने, उसकी सेवा समाप्त करने अथवा उसे अनिवार्य रूप से सेवा–निवृत्त करने का आदेश देने की शक्ति होगी, और ऐसे कर्मचारी की जांच होने तक की अवधि में या जांच करने का विचार होने पर निलम्बित करने की भी शक्ति होगी।

(3) खण्ड (2) के अधीन कोई आदेश तब तक नहीं दिया जायेगा जब तक ऐसी जांच न कर ली जाय, जिसमें उसे अपने विरूद्ध दोषारोपों से अवगत करा दिया गया हो और उन दोषारोपों के सम्बन्ध में सुनवाई का युक्तियुक्त अवसर दे दिया गया हो;

परन्तु जहां ऐसी जांच के पश्चात् उन पर कोई शास्ति आरोपित करने की प्रस्थापना हो, वहां ऐसी जांच के दौरान दिये गये साक्ष्य के आधार पर ऐसी शास्ति आरोपित की जा सकती है और ऐसे व्यक्ति को प्रस्ताविक शास्ति के विरूद्ध अभिवेदन करने का अवसर देना आवश्यक नहीं होगा :

परन्तु यह भी कि यह खण्ड निम्नलिखित मामलों में लागू नहीं होगा, यद्यपि आदेश का आधार कोई आरोप हो (जिसमें दुराचरण या अक्षमता का आरोप भी सम्मिलित हो), यदि ऐसे आदेश से प्रत्यक्षतः यह प्रकट न होता हो कि वह ऐसे आधार पर पारित किया गया था :–

(क) किसी स्थानापन्न प्रोन्नत व्यक्ति को उसकी मूल पंक्ति में प्रत्यावर्तित करने का आदेश।

(ख) किसी अस्थायी कर्मचारी की सेवा को सामाप्त करने का आदेश।

(ग) किसी कर्मचारी को, उसके पचास वर्ष की आयु प्राप्त कर लेने के पश्चात् अनिवार्य रूप से सेवानिवृत्त करने का आदेश।

(घ) निलम्बन का आदेश।

2.08– परिनियम 2.07 में निर्दिष्ट किसी आदेश से व्यथित विश्वविद्यालय का कोई कर्मचारी, उस पर ऐसे आदेश के तामील किये जाने के दिनांक से पन्द्रह दिन के भीतर, परिनियम 8.01 के अधीन गठित अनुशासनिक समिति को (कुल सचिव के माध्यम से) अपील कर सकता हैं, ऐसी अपील पर समिति का विनिश्चय अन्तिम होगा।

2.09– अधिनियम के उपबन्धों के अधीन रहते हुए; कुल सचिव का निम्नलिखित कर्त्तव्य होगाः– **धारा 35**

(क) विश्वविद्यालय की समस्त संपत्ति का अभिरक्षक होना जब तक कि कार्य परिषद् द्वारा अन्यथा व्यवस्था न की गई हो;

(ख) धारा 21 में निर्दिष्ट विभिन्न प्राधिकारियों के अधिवेशनों को संबंधित प्राधिकारी के अनुमोदन से बुलाने के लिये समस्त सूचनायें जारी करना और ऐसे समस्त अधिवेशनों का कार्यवृत्त रखना; **धारा 14**

(ग) सभा, कार्य परिषद् तथा शैक्षिक परिषद् के अधिकृत पत्र–व्यवहार का संचालन करना;

(घ) ऐसी समस्त शक्तियों का प्रयोग करना जो कुलाधिपति, कुलपति अथवा विश्वविद्यालय के विभिन्न प्राधिकारियों अथवा निकायों के, जिनका कार्य वह सचिव के रूप में करता हों, आदेशों को कार्यान्वित करने के लिये आवश्यक या समीचीन हो;

(ङ) विश्वविद्यालय के द्वारा या विरूद्ध वादों या कार्यवाहियों में विश्वविद्यालय का प्रतिनिधित्व करना, मुख्तारनामे पर हस्ताक्षर करना तथा अभिवचनों का सत्यापन करना।

संकायों के संकायाध्यक्ष

2.10– (1) कोई व्यक्ति उस पद पर न रह जाने पर, जिसके आधार पर वह संकायाध्यक्ष का पद धारण कर पाया, संकायाध्यक्ष नहीं बना रहेगा।

2.11– (1) ऐसे संकायों को छोड़कर जिसमें केवल एक शिक्षक हो, कोई ऐसा अध्यापक जिसने इस परिनियमावली के प्रारम्भ होने के दिनांक को – धारा 20 तथा 35 (1)(ख)

(क) तीन वर्ष अथवा उससे अधिक अवधि के लिये संकायाध्यक्ष का पद धारण कर लिया हो, यह समझा जायेगा कि वह अपनी बारी पूरी कर चुका है और ज्येष्ठता–क्रम में पात्र अगला अध्यापक इस परिनियमावली के प्रारम्भ के दिनांक से संकायाध्यक्ष का पद धारण करेगा। धारा 20 तथा 41(2)

(ख) संकायाध्यक्ष के रूप में तीन वर्ष पूरे न किये हों, तीन वर्ष की अवधि पूर्ण होने तक संकायाध्यक्ष का पद धारण किये रहेगा और ऐसी अवधि पूर्ण होने पर,ज्येष्ठता–क्रम में पात्र अगला शिक्षक संकायाध्यक्ष के रूप में पद धारण करेगा।

(2) ऐसी अवधि की जिसमें किसी अध्यापक ने संकायाध्यक्ष का पद धारण किया हो, गणना करने के प्रयोजनार्थ :–

(क) जिस अवधि में ऐसे अध्यापक को विश्वविद्यालय के किसी अधिकारी के या किसी न्यायालय के आदेश द्वारा संकायाध्यक्ष का पद धारण करने या उस पर बने रहने से निषिद्ध किया गया था, उसको निकाल दिया जायेगा।

(ख) जिस अवधि में किसी अध्यापक को विश्वविद्यालय के किसी अधिकारी के या किसी न्यायालय के आदेश के अधीन संकायाध्यक्ष का पद धारण करने की अनुमति दी गई हो, उस अवधि की गणना संकायाध्यक्ष की पदावधि के प्रयोजनार्थ उसकी बारी अगली बार आने पर की जायेगी, यदि अन्ततः यह पाया जाय कि उसे उक्त अवधि में उस पद को धारण करने का विधिक हक नहीं था।

2.12– संकायाध्यक्ष के निम्नलिखित कर्त्तव्य तथा शक्तियाँ होगी :–

(क) वह संकाय–बोर्ड के समस्त अधिवेशनों का सभापतित्व करेगा और यह देखेगा कि बोर्ड के विभिन्न विनिश्चय कार्यान्वित किये जाते हैं। धारा 20(2) तथा 35(1)(ख)

(ख) वह संकाय की वित्तीय तथा अन्य आवश्यकताओं को कुलपति की जानकारी में लाने के लिये उत्तरदायी होगा।

(ग) वह संकाय में समाविष्ट विभागों के पुस्तकालयों, प्रयोगशालाओं तथा अन्य परिसम्पत्तियों की उचित अभिरक्षा तथा अनुरक्षण के लिये आवश्यक उपाय करेगा।

(घ) उसे अपने संकाय से संबंधित अध्ययन बोर्डों के किसी अधिवेशन में उपस्थित होने तथा बोलने का अधिकार होगा किन्तु जब तक वह उसका सदस्य न हो, उसे उसमें मतदान करने का अधिकार न होगा।

छात्र–कल्याण के संकायाध्यक्ष

2.13– छात्र कल्याण के संकायाध्यक्ष की नियुक्ति विश्वविद्यालय के उन अध्यापकों में से, जिन्हें कम से कम दस वर्ष का अध्यापन–कार्य अनुभव हो और जो सह प्रोफेसर से निम्न पंक्ति के न हों कार्य परिषद् द्वारा कुलपति की सिफ़ारिश पर की जायेगी।

2.14– छात्र कल्याण के संकायाध्यक्ष के रूप में नियुक्त शिक्षक, शिक्षक के रूप में अपने कर्त्तव्यों के अतिरिक्त संकायाध्यक्ष के कर्त्तव्यों का भी पालन करेगा।

2.15– छात्र कल्याण के संकायाध्यक्ष की पदावधि तीन वर्ष के लिए होगी, जब तक कि कार्य परिषद् द्वारा पहले ही समाप्त न कर दी जाय:

2.16– (1) छात्र कल्याण के संकायाध्यक्ष की सहायता शिक्षकों का (जिनका चयन अध्यादेशों में निर्धारित रीति से किया जायेगा) एक दल करेगा, जो शिक्षकों के रूप अपने सामान्य कर्त्तव्यों के अतिरिक्त उक्त कर्त्तव्यों का पालन करेगा। इस प्रकार चुने गये शिक्षक छात्र–कल्याण के सहायक संकायाध्यक्ष कहलायेंगे। धारा 21(च) तथा 35(1)

(2) छात्र–कल्याण के सहायक संकायाध्यक्षों में से एक सहायक संकायाध्यक्ष विश्वविद्यालय की महिला अध्यापकों में से नियुक्त किया जायेगा जो बालिका छात्राओं के कल्याण की देखभाल करेगी।

2.17– (1) छात्र–कल्याण के संकायाध्यक्ष तथा छात्र–कल्याण के सहायक संकायाध्यक्षों का यह कर्त्तव्य होगा कि वे छात्रों को ऐसे मामलों में, जिनमें सहायता तथा मार्ग–दर्शन अपेक्षित है, सामान्यतः सहायता प्रदान करें तथा विशेषतया, छात्रों तथा भावी छात्रों को, धारा 21(च) तथा 35(1) (ख)

(क) विश्वविद्यालय तथा उसके पाठयक्रमों में प्रवेश लेने,
(ख) उपयुक्त पाठयक्रम तथा अभिरूचि का चुनाव करने,
(ग) निवास स्थान ढूंढने,
(घ) भोजन–व्यवस्था करने, धारा 21(च) तथा 35(1) (ख)
(ङ) चिकित्सीय सलाह तथा सहायता प्राप्त करने,
(च) छात्रवृत्तियां, वृत्तिका, अंशकालिक नियोजन तथा अन्य आर्थिक सहायता प्राप्त करने,
(छ) अवकाश के दिनों तथा शैक्षिक अध्ययन यात्राओं के लिए यात्रा सुविधायें प्राप्त करने,
(ज) विदेश में अग्रेत्तर अध्ययन की सुविधायें प्राप्त करने,
(झ) विश्वविद्यालय की परम्परायें अक्षुण्य रहें इस उद्देश्य से उन्हें अध्ययन करने में उचित रुप से सहायता करना और सलाह देना।

(2) छात्र कल्याण का संकायाध्यक्ष किसी छात्र के संरक्षक से किसी मामले के सम्बन्ध में, जिसमें उसकी सहायता अपेक्षित हो, आवश्यकतानुसार सम्पर्क कर सकता है।

2.18– छात्र–कल्याण के संकायाध्यक्ष छात्र संघ चुनावों के सम्बन्ध में मार्ग दर्शक एवं दिशा–निर्देश प्रदान करेंगे।

2.19– सम्बध महाविद्यालयों के छात्र–कल्याण संकायाध्यक्ष की व्यवस्था परिनियम 2.12 से 2.17 के उपबन्ध सम्बन्ध महाविद्यालयों के लिए इस प्रकार लागू होंगें मानों क्रमशः शब्द "कार्यपरिषद्" और "कुलपति" के स्थान पर "प्रबन्ध–समिति" और 'प्राचार्य" रखे गये हों। छात्र कल्याण के संकायाध्यक्ष एवं अन्य को मानदेय महाविद्यालय की निधियों से प्रबन्ध–समिति की पूर्वानुमति से दिया जा सकता है।

2.20– छात्र–कल्याण के संकायाध्यक्ष को विश्वविद्यालय की निधियों से ऐसा मानदेय दिया जा सकता है जैसा कुलपति, कार्य परिषद् की संस्तुति से निश्चित करें।

विभागाध्यक्ष

2.21– विश्वविद्यालय में अध्यापन के प्रत्येक विभाग का ज्येष्ठतम शिक्षक उस विभाग का विभागाध्यक्ष होगा। धारा 19 और 35(ग)

पुस्तकालयाध्यक्ष

2.22– विश्वविद्यालय, राज्य सरकार के पूर्वानुमोदन से, एक पूर्णकालिक पुस्तकालयाध्यक्ष नियुक्त कर सकता हैं। पुस्तकालयाध्यक्ष की अर्हतायें, चयन एवं नियुक्ति विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा समय–समय पर निर्धारित प्राविधानों के अन्तर्गत होगी।

2.23– विश्वविद्यालय के पुस्तकालय का अनुरक्षण तथा उसकी सेवा को ऐसी रीति से, जो अध्यापन कार्य तथा अनुसन्धान कार्य के हित में सर्वाधिक सहायक हो, संगठित करना पुस्तकालयाध्यक्ष का कर्त्तव्य होगा।

2.24– पुस्तकालयाध्यक्ष कुलपति के अनुशासनिक नियंत्रण में रहेगा। परन्तु उसे अनुशासनिक कार्यवाहियों में अपने विरूद्ध कुलपति द्वारा दिये गये किसी आदेश के विरूद्ध कार्य परिषद् को अपील करने का अधिकार होगा। धारा 21(च) धारा 35

नियंता

2.25– नियंता विश्वविद्यालय के शिक्षकों में से कुलपति द्वारा नियुक्त किया जायेगा। नियंता कुलपति को विश्वविद्यालय के छात्रों के सम्बन्ध में अनुशासनिक प्राधिकार का प्रयोग करने में सहायता देगा, और अनुशासन के सम्बन्ध में ऐसी शक्तियों का प्रयोग और कर्त्तव्यों का पालन भी करेगा जो उसे कुलपति द्वारा इस निमित्त सौंपे जाय। **धारा 35**

2.26– नियंता की सहायता के लिये सहायक नियंता होंगे जिनकी संख्या कार्य परिषद् द्वारा समय–समय पर निश्चित की जायेगी। **धारा 31 तथा 35(1) (ख)**

2.27– कुलपति नियंता के परामर्श से सहायक नियंता नियुक्त करेंगे।

2.28– नियंता तथा सहायक नियंता एक वर्ष के लिए पद धारण करेंगे और पुनर्नियुक्ति के लिये पात्र होंगे:

परन्तु जब तक कि उसका उत्तराधिकारी नियुक्त न हो जाय; प्रत्येक नियंता अथवा सहायक नियंता पद पर बना रहेगा। परन्तु यह और कि कार्यपरिषद् कुलपति की सिफारिश पर नियंता को उक्त अवधि की समाप्ति के पूर्व हटा सकती है;

परन्तु यह भी कि कुलपति किसी सहायक नियंता को उक्त अवधि की समाप्ति के पूर्व हटा सकते हैं।

2.29– नियंता तथा सहायक नियंता को विश्वविद्यालय की निधियों से ऐसा मानदेय दिया जा सकता है जैसा कुलपति कार्य परिषद् की संस्तुति से निश्चित करें। **धारा 31 तथा 35(1) (ख)**

2.30– सम्बद्ध महाविद्यालयों के नियंता की व्यवस्था परिनियम 2.24 से 2.28 के उपबन्ध महाविद्यालयों के लिए इस प्रकार लागू होंगें मानों क्रमशः शब्द "कार्यपरिषद्" और "कुलपति" के स्थान पर "प्रबन्ध–समिति" और 'प्राचार्य" रखे गये हों। मानदेय महाविद्यालय की निधियों से प्रबन्ध समिति की पूर्वानुमति से दिया जा सकता है। राज्य सरकार द्वारा संचालित सम्बद्ध महाविद्यालयों की स्थिति में "कार्यपरिषद्" एवं "कुलपति" के स्थान पर क्रमशः "निदेशक उच्च शिक्षा" एवं "प्राचार्य" रखे गये हों। मानदेय महाविद्यालय की निधि से निदेशक उच्च शिक्षा की पूर्वानुमति से दिया जा सकता है।

अध्याय 3
कार्य परिषद्

3.01– संकायों के संकायाध्यक्ष जो धारा 25(1) (ग) के अधीन कार्य परिषद् के सदस्य होंगे, उसी क्रम में चुने जायेंगे जिस क्रम में विभिन्न संकायों के नाम परिनियम 7.01 में प्रगणित हैं।

3.02– धारा 25(1) (घ) के अधीन विश्वविद्यालय के अध्यापकों का प्रतिनिधित्व निम्न प्रकार से होगा–

(क) एक प्रोफेसर जिसका चयन ज्येष्ठताक्रम में चक्रानुक्रम से किया जायेगा;

(ख) एक सह प्रोफेसर जिसका चयन ज्येष्ठताक्रम में चक्रानुक्रम से किया जायेगा;

(ग) एक सहायक प्रोफेसर जिसका चयन ज्येष्ठता चक्रानुक्रम से किया जायेगा।

3.03– सम्बद्ध महाविद्यालयों के तीन प्राचार्यों (एक स्ववित्तपोषित से) और दो अन्य अध्यापकों जो धारा 25(1)(घ) के अधीन कार्य–परिषद् के सदस्य होंगे और जिनका चयन, यथास्थिति, ऐसे प्राचार्यों और अध्यापकों के ज्येष्ठता–क्रम में चक्रानुक्रम से किया जायेगा।

3.04— धारा 25(1) के खण्ड (च) के अधीन चुने गये व्यक्ति बाद में विश्वविद्यालय, संस्थान, घटक महाविद्यालय, सम्बद्ध महाविद्यालय या छात्र निवास या महाविद्यालय, या विश्वविद्यालय के छात्रावास का छात्र होने या उसकी सेवा स्वीकार कर लेने पर कार्य परिषद् के सदस्य नही रह जायेंगे। धारा 25 और धारा 35(1)

3.05— कोई व्यक्ति एक से अधिक हैसियत से कार्य परिषद् का न तो सदस्य होगा न सदस्य बना रहेगा, और जब कभी कोई व्यक्ति एक से अधिक हैसियत से कार्य–परिषद् का सदस्य हो जाय, तो वह उसके दो सप्ताह के भीतर यह चुन लेगा कि वह किस हैसियत से कार्य परिषद् का सदस्य रहना चाहता है और दूसरा स्थान रिक्त कर देगा। यदि वह इस प्रकार चुनाव न करें, तो यह समझा जायेगा कि उसने उस स्थान का जिस पर समय की दृष्टि से वह पहले से आसीन था उपर्युक्त दो सप्ताह की अवधि की समाप्ति के दिनांक से रिक्त कर दिया है।

3.06— कार्य परिषद् अपनी कुल सदस्यता के बहुमत द्वारा पारित संकल्प से, विश्वविद्यालय के किसी अधिकारी या प्राधिकारी को अपनी ऐसी शक्तियाँ जिन्हें वह ठीक समझे, ऐसी शर्तों के अधीन रहते हुये जिन्हें संकल्प में निर्दिष्ट किया जाय, प्रत्यायोजित कर सकती है।

3.07— कार्य परिषद् ऐसे किसी प्रस्ताव पर जिसमें वित्तीय प्राविधान अन्तर्ग्रस्त हो विचार करने के पूर्व वित्त अधिकारी की राय प्राप्त करेगी।

अध्याय–4

सभा

अध्यापकों आदि का प्रतिनिधित्व

4.01— विश्वविद्यालय और उसके घटक महाविद्यालयों तथा संस्थानों के, यदि कोई हों, छात्रावासों तथा छात्रनिवासियों के दो प्रोवोस्ट तथा वार्डेन का, जो धारा 22(1) के वर्ग 2 (ग) के अधीन सभा के सदस्य होंगे, चयन प्रोवोस्ट तथा वार्डेन के रूप में उनकी लगातार दीर्घकालिक सेवा के आधार पर चक्रानुक्रम से किया जायेगा।

4.02— (1) ऐसे पन्द्रह अध्यापकों का जो धारा 22(2) के वर्ग 2 (ङ) के अधीन सभा के सदस्य होंगे, चयन निम्नलिखित रीति से किया जायेगा :–

(क) विश्वविद्यालय के एक प्रोफेसर,
(ख) विश्वविद्यालय के एक सह प्रोफेसर,
(ग) विश्वविद्यालय के दो सहायक प्रोफेसर,
(घ) छात्र–कल्याण के संकायाध्यक्ष,
(ङ) सम्बद्ध महाविद्यालयों के चार प्राचार्य,
(च) सम्बद्ध महाविद्यालयों के छः अन्य अध्यापक।

4.03— (1) सम्बद्ध महाविद्यालयों के प्रबन्धतंत्र के दो प्रतिनिधि, जो धारा 22(2) के वर्ग 2 (च) के अधीन सभा के सदस्य होंगे, उनका चयन कुलपति द्वारा चक्रानुक्रम से नाम निर्दिष्ट किया जायेगा। धारा 22वर्ग (2)(ग)

(2) प्रतिनिधित्व करने वाला प्रबन्धतंत्र, सभा के किसी अधिवेशन में अपने किसी सदस्य (जिसके अन्तर्गत सभापति भी है) को भेजने के लिये स्वतंत्र होगा।

स्नातकों का रजिस्ट्रीकरण तथा सभा में उनका प्रतिनिधित्व

4.04— कुल सचिव अपने कार्यालय में रजिस्ट्रीकृत स्नातकों का एक रजिस्टर रखेगा, जिसे आगे इस अध्याय में रजिस्टर कहा गया है। धारा 22वर्ग (2)(ङ)

4.05– रजिस्टर में निम्नलिखित विवरण होंगे :–

(क) रजिस्ट्रीकृत स्नातकों का नाम तथा पता;

(ख) उनके स्नातक होने का वर्ष;

(ग) विश्वविद्यालय या महाविद्यालय का नाम जहां से वे स्नातक हुये;

(घ) रजिस्टर में स्नातक का नाम दर्ज किये जाने का दिनांक;

(ङ) ऐसे अन्य ब्यौरे जिनके बारे में कार्य परिषद् समय–समय पर निर्देश दे।

टिप्पणी– ऐसे रजिस्ट्रीकृत स्नातकों के नाम काट दिये जायेंगे जिनकी मृत्यु हो गई हो।

4.06– विश्वविद्यालय का प्रत्येक स्नातक कार्य परिषद् द्वारा अनुमोदित प्रपत्र में आवेदन पत्र देने पर और रूपये एक हजार एक मात्र की फीस देने पर रजिस्टर में अपना नाम उस दीक्षान्त समारोह के दिनांक से दर्ज कराने का हकदार होगा जिसमें वह उपाधि प्रदान की गई थी या उसके उपस्थित रहने पर प्रदान की गई होती जिसके आधार पर उसका नाम दर्ज करना है। आवेदन–पत्र स्नातक द्वारा स्वयं दिया जायेगा और उसे या तो स्वयं कुलसचिव को दिया जा सकता है या रजिस्ट्रीकृत डाक द्वारा भेजा जा सकता है। यदि दो या उसके अधिक आवेदन पत्र एक ही आवरण में प्राप्त हो, तो उन्हें अस्वीकार कर दिया जायेगा। धारा 22वर्ग (2)(च)

परन्तु किसी अन्य विश्वविद्यालय से मूल रूप में सम्बद्ध और अब विश्वविद्यालय से सम्बद्ध महाविद्यालय का प्रत्येक स्नातक भी विश्वविद्यालय में रजिस्ट्रीकृत स्नातक के रूप में रजिस्ट्रीकरण के लिये आवेदन कर सकता है, बशर्ते कि वह उसी उपाधि के आधार पर किसी अन्य विश्वविद्यालय का रजिस्ट्रीकृत स्नातक न हो। धारा 22 वर्ग (3) तथा 35(1)(क)

4.07– आवेदन–पत्र प्राप्त होने पर कुलसचिव, यदि यह ज्ञात हो कि स्नातक सम्यक रूप से अर्ह है और विहित फीस दे दी गयी है, आवेदक का नाम रजिस्टर में दर्ज करेगा।

4.08– कोई रजिस्ट्रीकृत स्नातक, जिसका नाम निर्वाचन की अधिसूचना के दिनांक के पूर्ववर्ती 30 जून को एक वर्ष या उससे अधिक अवधि से रजिस्टर में लिखा हो, रजिस्ट्रीकृत स्नातक के प्रतिनिधियों के निर्वाचन में मत (वोट) देने का हकदार होगा।

परन्तु एक वर्ष का निबन्धन इस परिनियमावली के प्रकाशित होने पर सभा के लिये होने वाले रजिस्ट्रीकृत स्नातकों के प्रथम निर्वाचन पर लागू नहीं होगा।

4.09– कोई रजिस्ट्रीकृत स्नातक धारा 22 (2)वर्ग (3) के अधीन निर्वाचन में खड़े होने के लिये पात्र होगा, यदि उसका नाम निर्वाचन के दिनांक के पूर्ववर्ती 30 जून को कम से कम तीन वर्ष तक रजिस्टर में दर्ज रहा हो। धारा 35(1)

परन्तु तीन वर्ष का निबन्धन इस परिनियमावली के प्रकाशित होने पर सभा के लिए होने वाले रजिस्ट्रीकृत स्नातकों के प्रथम निर्वाचन पर लागू नहीं होगा।

4.10– धारा 22(2) के वर्ग (3) के अधीन निर्वाचित रजिस्ट्रीकृत स्नातकों का प्रतिनिधि विश्वविद्यालय या किसी संस्थान या किसी घटक महाविद्यालय, छात्रावास, सम्बद्ध महाविद्यालय छात्र निवास की सेवा में प्रवेश करने पर अथवा सम्बद्ध महाविद्यालय, छात्र निवास अथवा छात्रावास के प्रबन्धतंत्र से सम्बद्ध हो जाने पर अथवा छात्र हो जाने पर सदस्य नहीं रहा जायेगा, और इस प्रकार रिक्त हुए स्थान को ऐसे उपलब्ध व्यक्ति द्वारा, जिसे पिछले निर्वाचन के समय ठीक बाद में पढ़ने वाले अधिकतम मत प्राप्त हुए हों, शेष कार्यकाल के लिये भरा जायेगा। धारा 35(1)

4.11– कोई रजिस्ट्रीकृत स्नातक, जो पहले से ही किसी अन्य हैसियत से सभा का सदस्य हो रजिस्ट्रीकृत स्नातकों के प्रतिनिधि के रूप में निर्वाचन में खड़ा हो सकता है, और इस प्रकार उसके निर्वाचित हो जाने पर परिनियम 3.05 के उपबन्ध, आवश्यक परिवर्तनों सहित, लागू होंगे।

4.12– इस अध्याय के अधीन रजिस्ट्रीकृत स्नातकों का निर्वाचन **परिशिष्ट 'ख'** में निर्धारित आनुपातिक प्रतिनिधित्व प्रणाली के अनुसार एकल संक्रमणीय मत द्वारा किया जायेगा।

4.13– सभा के सदस्यों का कार्यकाल सभा के प्रथम अधिवेशन के दिनांक से प्रारम्भ होगा। धारा 22(2)वर्ग (3) तथा 35(1)

अध्याय 5
शैक्षिक परिषद्

5.01– विश्वविद्यालय के सम्बद्ध महाविद्यालयों से जो तीन प्राचार्य धारा 28(2)(पांच) के अधीन शैक्षिक परिषद् के सदस्य होंगे, उनका चयन ऐसे महाविद्यालयों के प्राचार्यों के रूप में उनकी ज्येष्ठता–क्रम में किया जायेगा।

5.02– ऐसे पन्द्रह अध्यापकों का, जो धारा 28(2) (छः) के अधीन शैक्षिक परिषद् के सदस्य होंगे, उनका चयन निम्नलिखित रीति से किया जायेगा :

(क) ज्येष्ठता–क्रम में चक्रानुक्रम से सम्बद्ध महाविद्यालयों के तीन प्रोफेसर।

(ख) ज्येष्ठता– क्रम में चक्रानुक्रम से सम्बद्ध महाविद्यालयों के चार सह प्रोफेसर।

(ग) ज्येष्ठता– क्रम में सम्बद्ध महाविद्यालयों के तीन अध्यापक (जो प्राचार्य न हों।)

टिप्पणी–(1) एक संकाय के एक से अधिक सह प्रोफेसर तथा एक से अधिक अध्यापक इस परिनियम के अधीन सदस्य नहीं होंगे।

(2) यदि एक संकाय के एक से अधिक सह प्रोफेसर और सहायक प्रोफेसर तथा एक महाविद्यालय के दो से अधिक अध्यापक इस परिनियम के अधीन शैक्षिक परिषद् के सदस्य होने के हकदार हों, तो, यथास्थिति ज्येष्ठतम प्रोफेसर और दो ज्येष्ठतम अध्यापक शैक्षिक परिषद् के सदस्य होंगे। वे सह प्रोफेसर, सहायक प्रोफेसर तथा अध्यापक जो इस प्रकार रह जायेंगे उनकी बारी चक्रानुक्रम से अगली बार आयेगी।

5.03– शिक्षा क्षेत्र में प्रतिष्ठित तीन व्यक्ति, जो धारा 28(2) के खण्ड (आठ) के अधीन शैक्षिक परिषद् के सदस्य होंगे, उनका सहयोजन उक्त धारा के खण्ड (एक) से (सात) में उल्लिखित सदस्यों द्वारा, जिनका अधिवेशन कुलसचिव बुलायेगा, उन व्यक्तियों में से किया जायेगा जो विश्वविद्यालय, घटक महाविद्यालय, संस्थान, सम्बद्ध महाविद्यालय, छात्र निवास या छात्रावास के कर्मचारी न हों।

5.04– धारा 28(2) के अधीन सदस्य तीन वर्ष के लिये पद धारण करेंगे। धारा 28(2) (पांच)

5.05– अधिनियम, इस परिनियमावली तथा अध्यादेशों के उपबन्धों के अधीन रहते हुए, शैक्षिक परिषद् की निम्नलिखित शक्तियाँ होंगी, अर्थात् –

(क) अध्ययन बोर्ड के द्वारा संकायों के माध्यम से प्रेषित पाठ्यक्रम विषयक प्रस्तावों की समीक्षा करना और उन पर अपनी सिफारिश करना तथा कार्य–परिषद् के विचारार्थ उन सिद्धान्तों और मापदण्डों की सिफारिश करना जिनके आधार पर परीक्षकों और निरीक्षकों को नियुक्त किया जाय; धारा 28(2) (छ:)

(ख) सभा अथवा कार्य–परिषद् द्वारा उसे निर्दिष्ट किये गये या सौंपे गये किसी भी विषय पर रिपोर्ट देना;

(ग) अन्य विश्वविद्यालयों और संस्थानों के डिप्लोमा तथा उपाधियों को मान्यता देने और विश्वविद्यालय के डिप्लोमा तथा उपाधियों या उत्तराखण्ड विद्यालयी शिक्षा परिषद् द्वारा संचालित इण्टरमीडिएट परीक्षा के प्रति उनकी समकक्षता के विषय में कार्य परिषद् को सलाह देना;

(घ) विश्वविद्यालय को विभिन्न उपाधियों तथा डिप्लोमाओं के लिये विषय विशेष में शिक्षण देने वाले व्यक्तियों की अपेक्षित अर्हताओं के सम्बद्ध में कार्य परिषद् को सलाह देना, और

(ङ) शिक्षा सम्बन्धी विषयों के सम्बन्ध में ऐसे कर्त्तव्यों का पालन करना और ऐसे सभी कृत्यों को करना जो अधिनियम, परिनियमों तथा अध्यादेशों के उपबन्धों को उचित रूप से कार्यान्वित करने के लिये आवश्यक हो।

5.06– शैक्षिक परिषद् का अधिवेशन कुलपति के निर्देश से बुलाया जायेगा। धारा 28(2) (आठ)

अध्याय 6
वित्त समिति

6.01– धारा 29 के खण्ड (ङ) में निर्दिष्ट व्यक्ति की सदस्यता की अवधि एक वर्ष होगी, परन्तु वह अपने उत्तराधिकारी के निर्वाचन तक पद पर बना रहेगा, कोई भी ऐसा सदस्य लगातार तीन बार से अधिक पद धारण नहीं करेगा। धारा 28(3)

6.02– व्यय की ऐसी नई मदें जो पहले से ही वित्तीय अनुमान में सम्मिलित न हों निम्नलिखित दशाओं में वित्त समिति को निर्दिष्ट की जायेंगी– धारा 28(5) एवं 35(1)

(क) अनावर्ती व्यय यदि उसमें एक लाख या उससे अधिक का व्यय अन्तर्ग्रस्त हो, और

(ख) आवर्ती व्यय यदि उसमें बीस हजार रूपये या इससे अधिक का व्यय अन्तर्ग्रस्त हो:

परन्तु यह कि विश्वविद्यालय के किसी अधिकारी या प्राधिकारी को यह अनुमति न होगी कि वह किसी ऐसे मद को जो एक बजट शीर्षक के अन्तर्गत आने वाली अनेक भागों में विभाजित की गयी हो, छोटी–छोटी धनराशियों की बहुत सी मदें मानकर कार्य करें और वित्त समिति के समक्ष प्रस्तुत न करें।

6.03– वित्त समिति ऐसे दिनांक को या उसके पूर्व, जिसकी अध्यादेशों द्वारा इस निमित्त व्यवस्था की जाय, परिनियम 6.02 अथवा परिनियम 6.04 के अधीन उसको निर्दिष्ट की गई व्यय की समस्त मदों पर विचार करेगी और उन पर अपनी सिफारिशों यथाशीघ्र देगी और कार्य परिषद् को संसूचित करेगी।

6.04– यदि कार्य–परिषद् वार्षिक वित्तीय अनुमान (अर्थात् बजट) पर विचार करने के पश्चात् किसी समय उसमें किसी ऐसे पुनरीक्षण का प्रस्ताव करे, जिसमें परिनियम 6.02 में निर्दिष्ट आवर्ती या अनावर्ती धनराशि का व्यय अन्तर्ग्रस्त हो तो कार्य परिषद् वित्त समिति को प्रस्ताव निर्दिष्ट करेगी।

6.05— वित्त अधिकारी द्वारा तैयार किया गया विश्वविद्यालय का वार्षिक लेखा तथा वित्तीय अनुमान वित्त समिति के समक्ष विचार के लिए रखा जायेगा और तत्पश्चात् कार्य–परिषद् के समक्ष अनुमोदनार्थ प्रस्तुत किया जायेगा। धारा 29(1)(ङ)

6.06— वित्त समिति के किसी सदस्य को असहमति अभिलिखित करने का अधिकार होगा, यदि वह वित्त समिति के किसी विनिश्चय से सहमत न हो।

6.07— लेखा की परीक्षा करने तथा व्यय के प्रस्तावों की समीक्षा करने के लिये वित्त समिति का प्रतिवर्ष कम से कम दो बार अधिवेशन होगा।

6.08— वित्त समिति के अधिवेशन कुलपति के निर्देश से बुलाये जायेंगे और वित्त अधिकारी द्वारा ऐसे अधिवेशनों को बुलाने के लिये सभी नोटिसें जारी की जायेंगी और सभी अधिवेशनों का कार्यवृत्त रखा जायेगा।

अध्याय 7
संकाय

7.01— विश्वविद्यालय में निम्नलिखित संकाय होंगे परन्तु पूर्व हे0न0ब0 गढ़वाल विश्वविद्यालय से सम्बद्ध किसी महाविद्यालय में चल रहे पाठ्यक्रमों को सम्बद्धता देने के लिए विश्वविद्यालय नये संकाय अथवा नये विभाग/पाठ्यक्रमों की अनुमति प्रदान कर सकता है, जिसकी सूचना विश्वविद्यालय के विहित प्राधिकारी के अनुमोदन के पश्चात् कुलाधिपति को प्रेषित की जायेगी। धारा 29(3) तथा 35(1)

धारा 29(2), 29(3) तथा 35(1)

(क) कला संकाय
(ख) वाणिज्य एवं प्रबन्धन संकाय
(ग) विज्ञान संकाय
(घ) शिक्षा संकाय
(ङ) विधि संकाय
(च) कृषि संकाय

7.02— (1) कला संकाय का बोर्ड निम्नलिखित प्रकार से गठित किया जायेगा :–

(i) संकाय का संकायाध्यक्ष, जो अध्यक्ष होगा।

(ii) संकाय में समाविष्ट विषयों में विश्वविद्यालय, घटक एवं सम्बद्ध महाविद्यालयों के पाँच प्रोफेसर और प्रोफेसर श्रेणी के पाँच विभागाध्यक्ष और सह प्रोफेसर; धारा 13(7) तथा 35(1)

(iii) स्नातकोत्तर महाविद्यालयों के तीन प्राचार्य;

(iv) एक ज्येष्ठतम अध्यापक जो प्राचार्य या संकाय में समाविष्ट और प्रथम उपाधि स्तर तक मान्यता प्राप्त प्रत्येक विषय के विभाग का ज्येष्ठतम अध्यापक होगा;

(v) उपर्युक्त खण्ड (iii) और (iv) में उल्लिखित प्राचार्यों और अध्यापकों से भिन्न संकाय के तीन ज्येष्ठतम अध्यापक, परन्तु ऐसे अध्यापकों में से दो एक ही विषय को प्राध्यापित न करते हों और एक ही महाविद्यालय के न हों, यदि उस विषय के अध्यापन के लिए एक से अधिक महाविद्यालय को मान्यता प्राप्त हो। इस प्रकार जो अध्यापक रह जायेंगे वह चक्रानुक्रम में अगली बार अपनी बारी नहीं खोयेंगे।

(vi) पांच व्यक्ति जो संकाय में समाविष्ट विषयों या उससे सम्बद्ध विषयों का विशिष्ट ज्ञान रखते हों और विश्वविद्यालय या उसके किसी महाविद्यालय की सेवा में न हों, कुलपति द्वारा निम्नलिखित श्रेणियों से नाम निर्दिष्ट किये जायेंगे :– धारा 35(1)

(क) विश्वविद्यालय के प्रोफेसर और सह प्रोफेसर;
(ख) स्नातकोत्तर महाविद्यालयों के वर्तमान या सेवा निवृत्त प्राचार्य;
(ग) अनुसंधान संस्थानों के निदेशक :

परन्तु उपर्युक्त में से कम से कम तीन व्यक्ति श्रेणी (क) और (ग) के होंगे,

(2) खण्ड (1) की मद संख्या (iii), (iv) और (v) के अधीन अध्यापक ज्येष्ठताक्रम में चक्रानुक्रम से चुने जायेंगे।

7.03– कला संकाय में निम्नलिखित विभाग होंगे:–

(1) संस्कृत तथा प्राकृत भाषाएं
(2) हिन्दी तथा आधुनिक भाषाएं
(3) उर्दू
(4) अंग्रेजी तथा आधुनिक युरोपीय भाषाएं और अन्य विदेशी भाषाएं
(5) दर्शन शास्त्र
(6) मनोविज्ञान
(7) शिक्षा शास्त्र
(8) राजनीतिक शास्त्र
(9) इतिहास जिसमें प्राचीन भारतीय इतिहास, संस्कृति तथा पुरातत्व भी सम्मिलित हैं।
(10) अर्थशास्त्र
(11) भूगोल
(12) संगीत
(13) चित्रांकन एंव चित्रकारी
(14) गृह विज्ञान
(15) समाजशास्त्र
(16) मानव विज्ञान
(17) पत्रकारिता
(18) पर्यटन और एलीमेण्टरी होटलीयरिंग
(19) अनुवाद और सृजनात्मक साहित्य
(20) पुस्तकालय विज्ञान
(21) क्षेत्रीय संस्कृति
(22) शारीरिक शिक्षा
(23) सामाजिक कार्य

धारा 35(1)

7.04– वाणिज्य एवं प्रबन्धन संकाय का बोर्ड निम्न प्रकार से गठित किया जायेगा:–

(i) संकाय का संकायाध्यक्ष, जो अध्यक्ष होगा;

(ii) विश्वविद्यालय के और संकाय के घटक महाविद्यालयों के पांच प्रोफेसर की श्रेणी के विभागाध्यक्ष या सह प्रोफेसर;

(iii) स्नातकोत्तर महाविद्यालयों के तीन प्राचार्य;

(iv) खण्ड (ii) में उल्लिखित प्राचार्यों और अध्यापकों से भिन्न घटक और सम्बद्ध महाविद्यालयों के अध्यापकों में से ज्येष्ठता–क्रम में, चक्रानुक्रम से, स्नातकोत्तर कक्षाओं को प्रध्यापित करने वाले तीन अध्यापक, परन्तु एक से अधिक एक ही महाविद्यालय का नहीं होगा। इस प्रकार चक्रानुक्रम में, जो अध्यापक रह जायेंगे वह अगली बार अपनी बारी नहीं खोयेंगे;

(v) विश्वविद्यालय में अर्थशास्त्र के अध्ययन बोर्ड का संयोजक;

धारा 35(1)

(vi) तीन व्यक्ति जो संकाय में समाविष्ट विषयों या उनसे सम्बद्ध विषयों का विशिष्ट ज्ञान रखते हों, और विश्वविद्यालय या उसके किसी महाविद्यालय की सेवा में न हों, कुलपति द्वारा निम्नलिखित श्रेणियों से नाम–निर्दिष्ट किये जायेंगे–

(क) विश्वविद्यालयों के प्रोफेसर और सह प्रोफेसर।

(ख) स्नातकोत्तर महाविद्यालयों के वर्तमान और सेवा निवृत्त प्राचार्य।

(ग) अनुसंधान संस्थानों के निदेशक;

परन्तु उपर्युक्त व्यक्तियों में से कम से कम दो व्यक्ति श्रेणी (क) और (ख) के होंगे।

7.05– वाणिज्य संकाय में निम्नलिखित विभाग होंगे :

(1) वाणिज्य

(2) व्यापार प्रबन्ध।

(3) मैनेजमेन्ट एण्ड इन्फॉरमेशन टैक्नालोजी

(4) एडवरटाइजिंग एण्ड पब्लिक रिलेशन मैनेजमेन्ट

(5) हॉस्पिटल एडमिनिस्ट्रेशन

7.06– विधि संकाय का बोर्ड निम्नलिखित प्रकार से गठित किया जायेगा:–

(i) संकाय का संकायाध्यक्ष।

(ii) विश्वविद्यालय, घटक एवं सम्बद्ध महाविद्यालयों के पांच प्रोफेसर और पांच प्रोफेसर की श्रेणी के विभागाध्यक्ष या सह प्रोफेसर। **धारा 35(1)**

(iii) स्नातकोत्तर महाविद्यालयों के तीन प्राचार्य।

(iv) उपर्युक्त खण्ड (iii) में उल्लिखित प्राचार्यों और अध्यापकों से भिन्न घटक और सम्बद्ध महाविद्यालयों के अध्यापकों में से ज्येष्ठता–क्रम में, चक्रानुक्रम से, विधि के दो अध्यापक, परन्तु वे दोनों एक ही महाविद्यालयों के नहीं होंगे। इस प्रकार जो अध्यापक रह जायेंगे वह चक्रानुक्रम में अगली बार अपनी बारी नहीं खोयेंगे।

(v) तीन व्यक्ति जो संकाय में समाविष्ट विषयों या उनसे सम्बद्ध विषयों का विशिष्ट ज्ञान रखते हों और विश्वविद्यालय या उसके किसी महाविद्यालय की सेवा में न हो, कुलपति द्वारा निम्नलिखित श्रेणियों से नाम–निर्दिष्ट किये जायेंगे:

(क) विश्वविद्यालय के प्रोफेसर और सह प्रोफेसर

(ख) स्नातकोत्तर महाविद्यालयों के वर्तमान या सेवा–निवृत्त प्राचार्य;

(ग) अनुसंधान संस्थानों के निदेशक :

परन्तु उपर्युक्त में से कम से कम दो व्यक्ति श्रेणी (क) और (ग) के होंगे।

(vi) जिला न्यायाधीश, टिहरी/देहरादून।

7.07– विधि संकाय में निम्नलिखित विभाग होंगे:–

(1) विधि विभाग

7.08– **(1)** विज्ञान संकाय का बोर्ड निम्नलिखित प्रकार से गठित किया जायेगा:–

(i) संकाय का संकायाध्यक्ष, जो अध्यक्ष होगा।

(ii) विश्वविद्यालय, घटक एवं सम्बद्ध महाविद्यालयों के पांच प्रोफेसर और पांच प्रोफेसर की श्रेणी के विभागाध्यक्ष या सह प्रोफेसर।

(iii) स्नातकोत्तर महाविद्यालयों के तीन प्राचार्य।

(iv) एक जेष्ठतम अध्यापक जो प्राचार्य या संकाय में समाविष्ट और प्रथम उपाधि स्तर तक मान्यता प्राप्त प्रत्येक विषय के विभाग का ज्येष्ठतम अध्यापक। **धारा 35(1)**

(v) उपर्युक्त खण्ड (iii) और (iv) में उल्लिखित प्राचार्यों और अध्यापकों से भिन्न संकाय के तीन ज्येष्ठतम अध्यापक, परन्तु ऐसे अध्यापकों में से दो एक ही विषय को प्राध्यापित न करते हों और एक ही महाविद्यालय के न हों, यदि उस विषय के अध्यापन के लिए एक से अधिक महाविद्यालय को मान्यता प्राप्त हो। इस प्रकार जो अध्यापक रह जायेंगे, वह चक्रानुक्रम में अगली बारी नहीं खोयेंगे। धारा 35(1)

(vi) पांच व्यक्ति जो संकाय में समाविष्ट विषयों का विशिष्ट ज्ञान रखते हों और विश्वविद्यालय या उसके किसी महाविद्यालय की सेवा में न हों, कुलपति द्वारा निम्नलिखित श्रेणियों से नाम–निर्दिष्ट किये जायेंगे–

(क) विश्वविद्यालय के प्रोफेसर और सह प्रोफेसर

(ख) स्नातकोत्तर महाविद्यालयों के वर्तमान या सेवा–निवृत्त प्राचार्य;

(ग) अनुसंधान संस्थानों के निदेशक :

परन्तु उपर्युक्त में से कम से कम दो व्यक्ति श्रेणी (क) और (ग) के होंगे।

(2) खण्ड (1) के उपखण्ड (iii), (iv) और (vi) के अधीन अध्यापक ज्येष्ठता–क्रम में, चक्रानुक्रम से चुने जायेंगे।

7.09– विज्ञान संकाय में निम्नलिखित विभाग होंगे:– धारा 35(1)

(1) भौतिक विज्ञान
(2) रसायन विज्ञान
(3) गणित
(4) जीव विज्ञान एवं बायोटैक्नोलॉजी
(5) वनस्पति विज्ञान एवं माइक्रोबाइलॉजी
(6) भू–विज्ञान
(7) सांख्यिकी
(8) खनिज समन्वेषण
(9) वन विद्या
(10) भू–गणित
(11) जैमोलॉजी
(12) कम्प्यूटर विज्ञान एवं इन्फॉरमेशन साइन्स
(13) फार्मेसी
(14) नैनो साइन्स
(15) पर्यावरण विज्ञान
(16) रिमोट सेन्सिग एवं जी0आई0एस0
(17) रक्षा एवं स्त्रातीजिक अध्ययन

7.10– शिक्षा संकाय का बोर्ड निम्नलिखित प्रकार से गठित किया जायेगा:–

(i) संकाय का संकायाध्यक्ष।

(ii) विश्वविद्यालय, घटक महाविद्यालयों के पांच प्रोफेसर और पांच सह प्रोफेसर की श्रेणी के विभागाध्यक्ष और सह प्रोफेसर।

(iii) शिक्षा के तीन अध्यापक होंगे जो घटक और सम्बद्ध महाविद्यालयों के या तो प्राचार्य होंगे या अध्यापकों में से, ज्येष्ठताक्रम में, चक्रानुक्रम से विभाग के ज्येष्ठतम अध्यापक होंगे, परन्तु उनमें से कम से कम एक उस विभाग के होंगे जहां एम.एड.स्तर तक पढ़ाया जाता हो।

(iv) उपर्युक्त (iii) में उल्लिखित प्राचार्यों और अध्यापकों से भिन्न घटक या सम्बद्ध महाविद्यालयों के अध्यापकों में से ज्येष्ठताक्रम में चक्रानुक्रम से, दो अध्यापक, परन्तु उनमें से एक से अधिक एक महाविद्यालय का नहीं होगा। इस प्रकार चक्रानुक्रम में जो अध्यापक रह जायेंगे वह अगली बार अपनी बारी नहीं खोयेंगे।

(v) तीन व्यक्ति जो संकाय में समाविष्ट विषयों या उससे सम्बद्ध विषयों का विशिष्ट ज्ञान रखते हों, और विश्वविद्यालय या उसके महाविद्यालय की सेवा में न हों, कुलपति द्वारा निम्नलिखित श्रेणी से नाम–निर्दिष्ट किये जायेंगे :–

(क) विश्वविद्यालय के प्रोफेसर और सह प्रोफेसर।

(ख) स्नातकोत्तर महाविद्यालयों के वर्तमान या सेवा–निवृत्त प्राचार्य।

(2) खण्ड (1) के उपखण्ड (iii),(iv) और (v) के अधीन अध्यापक ज्येष्ठताक्रम में चक्रानुक्रम से चुने जायेंगे। **धारा 35(1)**

7.11– शिक्षा संकाय में निम्नलिखित विभाग होंगे:–

(1) शिक्षा

7.12– **(1)** कृषि संकाय का बोर्ड निम्नलिखित प्रकार से गठित किया जायेगा :–

(i) संकाय का संकायाध्यक्ष, जो अध्यक्ष होगा ;

(ii) विश्वविद्यालय, घटक महाविद्यालयों के पांच प्रोफेसर और पांच सह प्रोफेसर की श्रेणी के विभागाध्यक्ष और सह प्रोफेसर।

(iii) महाविद्यालयों के तीन प्राचार्य।

(iv) एक ज्येष्ठतम अध्यापक होगा जो या तो प्राचार्य होगा या संकाय में समाविष्ट और प्रथम उपाधि स्तर तक मान्यता प्राप्त प्रत्येक विषय के विभाग का ज्येष्ठतम अध्यापक होगा;

(v) उपर्युक्त खण्ड (iii) और (iv) में उल्लिखित प्राचार्यों और अध्यापकों से भिन्न संकाय के तीन ज्येष्ठतम अध्यापक, परन्तु उनमें से दो एक ही विषय को प्राध्यापित न करते हों और एक ही महाविद्यालय के न हों, यदि उस विषय के अध्यापन के लिए एक से अधिक महाविद्यालय को मान्यता प्राप्त हो। इस प्रकार जो अध्यापक रह जायेंगे वह चक्रानुक्रम में अगली बार अपनी बारी नहीं खोयेंगे।

(vi) पांच व्यक्ति जो संकाय में समाविष्ट विषयों या उससे सम्बद्ध विषयों का विशिष्ट ज्ञान रखते हों और विश्वविद्यालय या उसके किसी महाविद्यालय की सेवा में न हो, कुलपति द्वारा निम्नलिखित श्रेणियों से नाम निर्दिष्ट किये जायेंगे :– **धारा 35(1)**

(क) विश्वविद्यालय के प्रोफेसर और सह प्रोफेसर

(ख) स्नातकोत्तर महाविद्यालयों के वर्तमान या सेवा–निवृत्त प्राचार्य।

(ग) अनुसंधान संस्थानों के निदेशक :

परन्तु उपर्युक्त व्यक्तियों में से कम से कम तीन व्यक्ति श्रेणी (क) और (ग) के होंगे।

(2) खण्ड (1) के उपखण्ड (iii),(iv) और (v) के अधीन अध्यापक ज्येष्ठताक्रम में चक्रानुक्रम से चुने जायेंगे।

7.13— कृषि संकाय में निम्नलिखित विभाग होंगे:—

(1) सस्य विज्ञान।
(2) औद्यानिकी।
(3) कृषि विस्तार।
(4) कीट विज्ञान
(5) पादप विज्ञान
(6) मृदा विज्ञान
(7) अनुवांशिकी एवं पादप प्रजनन
(8) वानिकी
(9) मत्स्य विज्ञान

7.14— (1) इस अध्याय में जैसा अन्यथा उपबन्धित है उसके सिवाय, संकाय के बोर्ड के पदेन सदस्यों से भिन्न सदस्य तीन वर्ष की अवधि के लिए पद धारण करेंगे। धारा 35(1)

(2) संकाय के बोर्ड का अधिवेशन उसके अध्यक्ष के निर्देश से बुलाया जायेगा।

7.15— अधिनियम के उपबन्धों के अधीन रहते हुए प्रत्येक संकाय के बोर्ड को निम्नलिखित शक्ति होगी, अर्थात्—

(i) पाठ्यक्रम के सम्बन्ध में सम्बन्धित अध्ययन बोर्ड से परामर्श करने के पश्चात् शैक्षिक परिषद् को सिफारिश करना।
(ii) विश्वविद्यालय के अध्यापन और अनुसंधान कार्य के सम्बन्ध में संकाय को सौंपे गये विषयों में शैक्षिक परिषद् को सिफारिश करना।
(iii) अपने कार्य–क्षेत्र के सम्बन्ध में किसी प्रश्न पर जो उसे आवश्यक प्रतीत हो और शैक्षिक परिषद् द्वारा उसे निर्दिष्ट मामले पर विचार करना और शैक्षिक परिषद् को सिफारिश करना।

अध्याय 8
विश्वविद्यालय के अन्य प्राधिकारी तथा निकाय
अनुशासनिक समिति

8.01— (1) कार्य परिषद् विश्वविद्यालय में ऐसी अवधि के लिये जिसे वह उचित समझे, एक अनुशासनिक समिति का गठन करेगी जिसमें कुलपति और कार्य परिषद् द्वारा नाम निर्दिष्ट दो अन्य व्यक्ति होंगे;

परन्तु यदि कार्य परिषद् समीचीन समझे तो वह विभिन्न मामलों या मामलों के वर्गों पर विचार करने के लिये ऐसी एक से अधिक समिति गठित कर सकती है।

(2) जिस अध्यापक के विरूद्ध अनुशासनिक कार्यवाही का कोई मामला विचाराधीन हो, वह मामले के सम्बन्ध में कार्यवाही करने वाली अनुशासनिक समिति के सदस्य के रूप में कार्य नहीं करेगा।

(3) कार्य परिषद् कोई मामला एक अनुशासनिक समिति से किसी दूसरी अनुशासनिक समिति को किसी प्रक्रम पर अन्तरित कर सकती है।

8.02— (1) अनुशासनिक समिति के निम्नलिखित कृत्य होंगे :—

(क) परिनियम 2.07 के अधीन विश्वविद्यालय के किसी कर्मचारी द्वारा प्रस्तुत की गई किसी अपील पर विनिश्चय करना; धारा
(ख) ऐसे मामलों में जांच करना, जिनमें विश्वविद्यालय के किसी अध्यापक या पुस्तकालयाध्यक्ष के विरूद्ध अनुशासनिक कार्यवाही अन्तर्ग्रस्त हो; 35(1)
(ग) उपखण्ड (ख) में निर्दिष्ट किसी ऐसे कर्मचारी को निलम्बित करने की सिफारिश करना जिसके विरूद्ध कोई जांच विचाराधीन हो या करने का विचार हो;
(घ) ऐसी अन्य शक्तियों का प्रयोग करना और ऐसे अन्य कृत्यों का निर्वहन करना, जो उसे समय–समय पर कार्य परिषद् द्वारा सौंपे जायें।

(2) समिति के सदस्यों में मत–भेद होने की दशा में, बहुमत का विनिश्चय अभिभावी होगा।

(3) अनुशासनिक समिति का विनिश्चय या उसकी रिपोर्ट यथा शीघ्र कार्य परिषद् के समक्ष रखी जायेगी जिससे कार्य परिषद् मामले में अपना विनिश्चय कर सके।

विभागीय समितियां

8.03– परिनियम 2.20 के अधीन नियुक्त विभागाध्यक्ष की सहायता के लिये विश्वविद्यालय में, प्रत्येक अध्यापन विभाग में एक विभागीय समिति होगी।

8.04– विभागीय समिति में निम्नलिखित होंगे :

(i) विभागाध्यक्ष, जो अध्यक्ष होगा।

(ii) विभाग के समस्त प्रोफेसर और यदि कोई प्रोफेसर न हो तो विभाग के सह प्रोफेसर।

(iii) यदि किसी विभाग में प्रोफेसर तथा सह प्रोफेसर भी हों तो ज्येष्ठता के अनुसार चक्रानुक्रम से तीन वर्ष की अवधि के लिये समस्त प्रोफेसर और दो सह प्रोफेसर।

(iv) यदि किसी विभाग में सह प्रोफेसर तथा सहायक प्रोफोसर भी हों तो एक सहायक प्रोफेसर, और यदि किसी विभाग में कोई सह प्रोफेसर न हो तो ज्येष्ठता के अनुसार चक्रानुक्रम में दो सहायक प्रोफेसर तीन वर्ष की अवधि के लिए :

परन्तु किसी विषय या विद्या विशेष से विशेषतः सम्बद्ध किसी मामले के लिये उस विषय या विद्या विशेष का ज्येष्ठतम अध्यापक यदि उसे पूर्ववर्ती शीर्षकों में पहले ही सम्मिलित न किया गया हो, उस मामले के लिये विशेषतः आमन्त्रित किया जायेगा। धारा 35(1)

8.05– विभागीय समिति के निम्नलिखित कृत्य होंगे:

(i) विभाग के अध्यापकों से अध्यापन कार्य के सम्बन्ध में सिफारिश करना।

(ii) विभाग में अनुसंधान कार्य और अन्य कार्यों के समन्वय के सम्बन्ध में सुझाव देना।

(iii) विभाग में ऐसे कर्मचारी वर्ग को नियुक्त करने के सम्बन्ध में जिसके लिये विभागाध्यक्ष नियुक्ति प्राधिकारी हो, सिफारिश करना;

(iv) विभाग के सामान्य और विद्या–विषयक रूचि के मामलों पर विचार करना।

8.06– समिति का अधिवेशन एक तिमाही में कम से कम एक बार होगा। इस अधिवेशन के कार्यवृत्त कुलपति को प्रस्तुत किये जायेंगे। धारा 35(1)

परीक्षा समिति

8.07– (1) परीक्षा समिति में निम्नलिखित होंगे:–

1. कुलपति
2. कुलसचिव
3. समस्त संकायाध्यक्ष
4. अधिष्ठता छात्र कल्याण
5. परीक्षा नियंत्रक
6. (i) सम्बद्ध महाविद्यालयों के तीन प्राचार्य ज्येष्ठताक्रम में चक्रानुक्रम में

(ii) सम्बद्ध राजकीय महाविद्यालयों के तीन प्राचार्य ज्येष्ठताक्रम में चक्रानुक्रम में

(iii) सम्बद्ध स्ववित्तपोषित महाविद्यालयों के तीन प्राचार्य (कुलपति द्वारा नामित)

(iv) घटक महाविद्यालयों के प्राचार्य

(2) परिनियम 8.07 (1) 6 के अधीन सदस्य तीन वर्ष के लिए पद धारण करेंगे।

प्रवेश समिति

8.08– (1) प्रवेश समिति में निम्नलिखित होंगे: धारा 35(1)

1. कुलपति
2. कुलसचिव
3. समस्त संकायाध्यक्ष
4. अधिष्ठता छात्र कल्याण
5. परीक्षा नियंत्रक
6. (i) सम्बद्ध महाविद्यालयों के तीन प्राचार्य ज्येष्ठताक्रम में चक्रानुक्रम में
   (ii) सम्बद्ध राजकीय महाविद्यालयों के तीन प्राचार्य ज्येष्ठताक्रम में चक्रानुक्रम में
   (iii) सम्बद्ध स्ववित्तपोषित महाविद्यालयों के तीन प्राचार्य (कुलपति द्वारा नामित)
   (iv) घटक महाविद्यालयों के प्राचार्य

(2) परिनियम 8.07 (1) 6 के अधीन सदस्य तीन वर्ष के लिए पद धारण करेंगे।

(v) कुलपति द्वारा नामित तीन विषय विशेषज्ञ (अन्य विश्वविद्यालयों से)

8.09– प्रवेश समिति में आवश्यकता अनुसार उप समितियों के गठन की शक्ति निहित होगी।

8.10– शैक्षिक परिषद् के निर्णयों तथा उपखण्ड 8.12 के अधीन प्रवेश समिति विश्वविद्यालय के विभिन्न पाठ्यक्रमों हेतु प्रवेश नीति बनायेगी तथा इस नीति के अनुरूप विश्वविद्यालय तथा सम्बद्ध महाविद्यालयों में किसी भी पाठ्यक्रम के संचालन के लिये किसी शिक्षक या उप–समिति के प्रवेश प्राधिकारी नामित कर सकती है। धारा 35(1)

8.11– प्रवेश समिति विश्वविद्यालय, घटक या सम्बद्ध महाविद्यालयों के किसी भी पाठ्यक्रम के लिए मूल–भूत सुविधाओं की उपलब्धता तथा विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा शिक्षक–छात्र के अनुपात के आधार पर छात्र संख्या निर्धारित करेगी। प्रवेश समिति द्वारा निर्धारित छात्र संख्या की सीमा का पालन विश्वविद्यालय के लिए बाध्यकारी होगा।

8.12– विश्वविद्यालय, घटक एवं सम्बद्ध महाविद्यालयों में छात्रों के प्रवेश के लिए उत्तराखण्ड शासन द्वारा निर्धारित आरक्षण सम्बन्धी नियमों का पालन किया जाएगा।

8.13– विश्वविद्यालय द्वारा स्वीकृत संख्या से अधिक संख्या में छात्रों को प्रवेश दिये जाने के लिए महाविद्यालय के प्राचार्य या प्रबन्धन को जैसी स्थिति हो आपराधिक रूप से अनियोजित किये जा सकेंगें।

अध्याय 9
बोर्ड

9.01– विश्वविद्यालय में संकाय बोर्डों तथा अध्ययन बोर्डों के अतिरिक्त छात्र–कल्याण बोर्ड भी होगा। धारा 35(1)

9.02– छात्र–कल्याण बोर्ड की शक्ति, कृत्य तथा गठन ऐसा होगा जैसा अध्यादेशों में निर्धारित किया जाय।

परन्तु छात्र–कल्याण से सम्बन्धित अध्यादेशों में छात्रों के प्रतिनिधित्व की भी व्यवस्था होगी और ऐसे छात्र प्रतिनिधियों का कार्यकाल एक वर्ष होगा।

अध्याय 10
अध्यापकों का वर्गीकरण

10.01— विश्वविद्यालय के अध्यापकों के निम्नलिखित वर्ग होंगे :— धारा 35(1)

(1) प्रोफेसर

(2) सह प्रोफेसर

(3) सहायक प्रोफेसर

विश्वविद्यालय के अध्यापक विषयों के लिये राज्य सरकार द्वारा अनुमोदित वेतनमान में पूर्णकालिक आधार पर नियुक्त किये जायेंगे:

परन्तु अंशकालिक सहायक प्रोफेसर उन विषयों के लिये नियुक्त किये जा सकते हैं जिनमें शैक्षिक परिषद् की राय में, ऐसे सहायक प्रोफेसर की, अध्ययन कार्य के हित में अथवा अन्य कारण से, आवश्यकता हो। ऐसे अंशकालिक सहायक प्रोफेसर उतना वेतन पा सकते हैं जितना सामान्यतया उस पद के, जिस पर वे नियुक्त किये जायें, प्रारम्भिक वेतन के आधे से अधिक न हो। अनुसंधान सहचर अथवा अनुसंधान सहायक के रूप में कार्य करने वाले व्यक्तियों को अंशकालिक सहायक प्रोफेसर के रूप में कार्य करने के लिये कहा जा सकता है।

10.02— कार्य परिषद्, शैक्षिक परिषद् की सिफारिशों पर, निम्नलिखित की नियुक्ति कर सकती है:—

(1) उस निमित्त अध्यादेशों के अनुसार विशिष्ट संविदा शर्तों पर शिक्षा क्षेत्र में प्रतिष्ठित और उत्कृष्ट योग्यता के प्रोफेसर।

(2) अवैतनिक सेवा मुक्त प्रोफेसर :

(क) जो विशिष्ट विषयों पर व्याख्यान देंगे;

(ख) जो अनुसंधान—कार्य का मार्ग—दर्शन करेंगे;

(ग) जो सम्बद्ध संकाय बोर्ड के अधिवेशनों में उपस्थित होने तथा उसके विचार—विमर्श में भाग लेने के हकदार होंगे किन्तु उन्हे मत देने का अधिकार नहीं होगा;

(घ) जिन्हे यथासम्भव, विश्वविद्यालय के पुस्तकालयों तथा प्रयोगशालाओं में अध्ययन तथा अनुसंधान—कार्य करने की सुविधायें प्रदान की जायेगी, और

(ड) जो समस्त दीक्षान्त समारोह में उपस्थित होने के हकदार होंगे परन्तु कोई व्यक्ति केवल विभाग में अवैतनिक सेवामुक्त प्रोफेसर के रूप में प्रोफेसर का पद धारण करने के आधार पर विश्वविद्यालय में या उसके किसी प्राधिकारी या निकाय में कोई पद धारण करने का पात्र नहीं होगा।

10.03— शिक्षक अथवा अध्यापन अनुसंधान सहायक ऐसी शर्तों तथा निबन्धनों पर, जिनकी अध्यादशों में व्यवस्था की गई हो, कार्य परिषद् द्वारा नियुक्त किये जा सकते हैं।

10.04— (क) सम्बन्ध महाविद्यालयों के प्राचार्य तथा अन्य अध्यापक राज्य सरकार द्वारा अनुमोदित वेतनमान में पूर्णकालिक आधार पर नियोजित किये जायेंगे। धारा 35(1)

(ख) परिनियम के खण्ड (iv) के उपबन्धों के अधीन रहते हुए अंशकालिक सह प्रोफेसर का अनुपात किसी भी समय सम्बद्ध विभाग में पूर्णकालिक अध्यापकों की कुल संख्या के एक चौथाई से अधिक न होगा।

अध्याय 11

भाग 1

विश्वविद्यालय,घटक एवं सम्बद्ध महाविद्यालयों के अध्यापकों की अर्हताएं, चयन और नियुक्ति

11.01— विश्वविद्यालय, घटक एवं सम्बद्ध महाविद्यालयों के अध्यापकों की अर्हतायें, चयन और नियुक्ति प्रक्रिया वही होगी जो विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा समय–समय पर निर्धारित होंगीं और जिन्हें राज्य सरकार द्वारा अनुमोदित किया जायेगा। वर्तमान प्रयोजन हेतु विश्वविद्यालय अनुदान आयोग नियमन–2010 (**परिशिष्ट–क**) एवं संशोधित नियमन 2013 (24 जुलाई, 2013)(**परिशिष्ट–क संशोधित**) एवं राज्य सरकार द्वारा यथा अनुमोदित शासनादेश लागू रहेगा। धारा 35(1)

भाग 2

विश्वविद्यालय के शिक्षणेत्तर कर्मचारियों की अर्हताएं, चयन और नियुक्ति

11.02— विश्वविद्यालय के शिक्षणेत्तर कर्मचारियों के पद पर नियुक्ति हेतु शैक्षिक अर्हता, चयन और नियुक्ति की प्रक्रिया ऐसी होगी, जैसी समय–समय पर कार्य परिषद् की संस्तुति के उपरान्त शासन द्वारा निर्धारित की जायेगी।

भाग 3

विश्वविद्यालय के मृत कर्मचारियों के आश्रितों का सेवायोजन

11.03— यदि किसी स्थायी कर्मचारी या ऐसे कर्मचारी की जो कम से कम लगातार तीन वर्ष से किसी अंस्थायी पद पर हो सेवा में रहते हुए मृत्यु हो जाय तो ऐसे मृत कर्मचारी के एक आश्रित को जो विश्वविद्यालय में किसी रिक्त शिक्षणेत्तर पद के लिए आवेदन–पत्र देता है और ऐसे पद के लिए न्यूनतम शैक्षिक अर्हता रखता हो, कुलसचिव द्वारा कुलपति के पूर्वानुमोदन से, चयन की प्रक्रिया और अधिकतम आयु सीमा को शिथिल करके नियुक्त किया जा सकता है।

स्पष्टीकरण– इस परिनियम के प्रयोजन के लिए –

(1) आश्रित का तात्पर्य कार्मिक विभाग, उत्तराखण्ड शासन द्वारा समय–समय पर यथासंशोधित शासनादेशों में किये गये प्रावधान से है।

(2) कर्मचारी के अन्तर्गत विश्वविद्यालय में नियोजित अध्यापक भी हैं।

अध्याय–12

भाग –1:– विश्वविद्यालय के परिसर

12.01— विश्वविद्यालय, अधिनियम के अधीन रहते हुये राज्य सरकार के पूर्वानुमोदन से ऐसे अन्य स्थानों पर जो आवश्यक समझे जायें अतिरिक्त परिसर स्थापित कर सकेगा।

भाग –2:– विश्वविद्यालय के घटक महाविद्यालय

12.02— विश्वविद्यालय, अधिनियम के अधीन रहते हुये राज्य सरकार के पूर्वानुमोदन से ऐसे अन्य स्थानों पर जो आवश्यक समझे जायें घटक महाविद्यालय स्थापित कर सकेगा।

भाग–3: विश्वविद्यालय के सम्बद्ध महाविद्यालय

12.03— विश्वविद्यालय से सम्बद्ध महाविद्यालयों की सूची समय–समय पर विश्वविद्यालय द्वारा अधिसूचना के माध्यम से प्रख्यापित की जायेगी। धारा 35(1)

क. नवीन महाविद्यालयों को सम्बद्ध करना

12.04— नवीन महाविद्यालयों की सम्बद्धता इस अध्याय के परिनियमों के अनुसार की जायेगी, विश्वविद्यालय को विहित शुल्क लगाने का अधिकार प्राप्त होगा।

अस्थायी सम्बद्धता प्रदान करने हेतु अर्हता मानदण्ड

12.05— सम्बद्धता का इच्छुक प्रस्तावित महाविद्यालय, विश्वविद्यालय द्वारा निरीक्षण किये जाने के समय निम्न अनिवार्यताओं को पूरा करेगा अथवा सांविधिक/विनियामक निकाय द्वारा ऐसी अनिवार्यताओं को पूरा करेगा जो केवल तकनीकी/व्यावसायिक पाठ्यक्रमों के लिए निर्धारित की गयी हो।

(1) अविवादित स्वामित्व तथा यदि यह महानगरों में स्थित है, तो कब्जे की भूमि 02 एकड़ अन्य शहर 1.5 एकड़ से कम भूमि न हो तथा अन्य क्षेत्रों के मामले में यह 5 एकड़ से कम न हो।

(2) प्रशासनिक, शैक्षणिक तथा अन्य भवन के साथ–साथ प्रत्येक उच्च शिक्षा पाठ्यक्रम के लिए संबंधित विश्वविद्यालय द्वारा यथा विनिर्दिष्ट त्वरित शैक्षणिक तथा अन्य स्थान संबंधी आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए पर्याप्त आवास स्थान होना चाहिए तथा वि0अ0आ0/सांविधिक/संबंधित विनियामक निकाय द्वारा विहित मानकों के अनुरूप भावी विस्तार हेतु पर्याप्त स्थान उपलब्ध होना चाहिए। यह भी ध्यान रखें कि कालेज में निर्मित सभी भवन निशक्त अनुकूल होने चाहिए।

(3) संकायों, लेक्चर/संगोष्ठी कक्षों, ग्रंथागारों तथा प्रयोगशालाओं के लिये पर्याप्त शैक्षिक भवन होना चाहिए, जहां लेक्चर/संगोष्ठी कक्ष/ग्रंथालय में प्रति छात्र कम से कम 15 वर्ग फुट का स्थान तथा प्रत्येक प्रयोगशाला में प्रति छात्र 20 वर्ग फुट का स्थान होना चाहिए।

(4) शैक्षणिक एवं गैर शैक्षणिक स्टॉफ की संख्या विश्वविद्यालय मानदण्डों के अनुसार होनी चाहिए।

(5) केन्द्र/राज्य लो0नि0वि0 द्वारा निर्धारित मानदण्डों के अनुरूप अनिवार्य सेवाओं जैसे, जल, विद्युत, संवातन, शौचालय, सीवर आदि के लिए पर्याप्त सिविल सुविधाएं होनी चाहिए।

(6) कम से कम 1000 पुस्तकों का एक ग्रंथालय, अथवा प्रस्तावित कार्यक्रम में प्रत्येक विषय के अलग–अलग शीर्षक पर 100 पुस्तकें, इनमें से जो भी अधिक हो, ताकि पाठ्यक्रम तथा सन्दर्भ– पुस्तकों, दोनों को शामिल किया जा सके, इसके अलावा प्रत्येक विषय पर दो जर्नल होने चाहिए साथ ही अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों तथा वि0अ0आ0 द्वारा समय समय पर यथा विनिर्दिष्ट अन्य वर्गो के छात्रों के लिए पुस्तक बैंक सुविधा भी होनी चाहिए।

(7) प्रत्येक उच्च शिक्षा कार्यक्रम के लिए विश्वविद्यालय/सांविधिक/विनियामक निकाय द्वारा यथा विहित आवश्यक प्रयोगशाला उपस्कर होने चाहिए। जिन पाठ्यक्रमों/विषयों में सांविधिक/विनियामक निकायों द्वारा मानक निर्धारित नहीं किये गये हैं, उनकी प्रयोगशालाओं के सम्बन्ध में विश्वविद्यालय की कार्य–परिषद् द्वारा बनाये गये मानक लागू होंगे। प्रयोगशाला के निर्धारित मानकों के अनुसार ही अनावर्तक व आवर्तक व्ययों के लिए महाविद्यालय/शिक्षण संस्थान में वांछित बजट प्राविधान होना भी अनिवार्य होगा।

(8) महाविद्यालय/शिक्षण संस्थान के व्याख्यान व प्रयोगशाला कक्ष, स्टाफ व विभागीय कक्ष, प्राचार्य व कार्यालय कक्ष, पुस्तकालय, प्रेक्षागृह, कामन रूम तथा अन्य सभी कक्षों के लिए पर्याप्त फर्नीचर तथा आवश्यकतानुसार उपकरणों व संयंत्रों के साथ–साथ प्रबन्ध संचालन के लिए वांछित संख्या में कम्प्यूटर (इन्टरनेट सुविधायुक्त) होने अनिवार्य हैं।

(9) राजकीय महाविद्यालयों का प्रबन्ध–संचालन, उच्च शिक्षा विभाग के दिशा–निर्देश व नियंत्रण में उच्च शिक्षा निदेशालय द्वारा किया जायेगा। अनुदानित व निजी महाविद्यालयों व शिक्षण संस्थानों का संचालन सोसाइटी रजिस्ट्रेशन अधिनियम, 1860 के अन्तर्गत अद्यावधिक पंजीकृत व विधिवत रूप से गठित समिति अथवा भारतीय ट्रस्ट अधिनियम 1882 के अन्तर्गत स्थापित न्यास द्वारा किया जायेगा।

(10) यदि महाविद्यालय/शिक्षण संस्थान, राज्य सरकार द्वारा नहीं चलाया जा रहा है तो उसे विश्वविद्यालय को संतुष्ट करना होगा कि कालेज को कम से कम तीन वर्षो तक बिना किसी सहायता या बाहरी स्त्रोत के चलाने के लिए पर्याप्त वित्तीय संसाधन उपलब्ध है। राज्य सरकार द्वारा स्थापित महाविद्यालय/शिक्षण संस्थान के लिए यह आवश्यक नहीं है। अशासकीय महाविद्यालय/शिक्षण संस्थान को मानविकी, विज्ञान तथा वाणिज्य में पाठ्यक्रम संचालित करने हेतु ₹ 15.00 लाख तथा व्यावसायिक पाठ्यक्रम संचालित करने की दशा में ₹ 35.00 लाख अथवा सांविधिक/विनियामक निकाय द्वारा निर्धारित धनराशि (जो दोनों में अधिक हो) प्रति पाठ्यक्रम की दर से महाविद्यालय/संस्थान के नाम अप्रतिसंहरणीय सरकारी प्रतिभूति के रूप में स्थायी कायिक निधि का सृजन तथा उससे रखरखाव का साक्ष्य विश्वविद्यालय के सम्मुख प्रस्तुत किया जायेगा। स्थायी कायिक निधि के स्थान पर महाविद्यालय/शिक्षण संस्थान द्वारा उपर्युक्त धनराशियों की विश्वविद्यालय तथा महाविद्यालय/शिक्षण संस्थान के संयुक्त नाम से न्यूनतम तीन वर्षों की लॉक–इन अवधि की सावधि जमा भी करवायी जा सकता है। यह प्रतिभूति/सावधि जमा, सम्बद्धता के आवेदन पत्र के साथ उपलब्ध कराई जायेगी। सावधि जमा से प्राप्त ब्याज का उपयोग, विश्वविद्यालय की पूर्वानुमति से महाविद्यालय/शिक्षण संस्थान की संरचनात्मक सुविधाओं को सुदृढ़ करने के लिए किया जा सकता है। महाविद्यालय/शिक्षण संस्थान का यह भी साक्ष्य उपलब्ध कराना होगा कि उसके पास सतत् रूप से कार्य करने के लिए स्वयं के स्त्रोतों से पर्याप्त आवृत्ति आय उपलब्ध है।

(11) राजकीय तथा सरकार से अनुदानित महाविद्यालयों में सहायक प्रोफेसर तथा कार्यालय/पुस्तकालय/प्रयोगशाला से सम्बन्धित कार्मिकों के पदों का मानक शासन द्वारा निर्धारित कार्यभार के अनुसार होगा। सहायक प्रोफेसर तथा कर्मचारियों की अर्हता, चयन तथा नियुक्ति प्रक्रिया तथा वेतन भुगतान के सम्बन्ध में शासन तथा विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा समय–समय पर जारी आदेशों तथा शासनादेशों का अनुपालन किया जायेगा। अनुदानित महाविद्यालयों में सहायक प्रोफेसर की नियुक्ति का अनुमोदन विश्वविद्यालय से सम्बद्धता प्राप्त करने के 03 माह के अन्दर प्राप्त किया जाना अनिवार्य होगा। राजकीय तथा अनुदानित महाविद्यालयों में कार्यरत समस्त कार्मिकों में किसी भी प्रकार के परिवर्तन की सूचना एक पखवाड़े के अन्दर शासन, विश्वविद्यालय तथा उच्च शिक्षा निदेशालय को उपलब्ध करायी जानी आवश्यक होगी।

(12) निजी महाविद्यालयों/शिक्षण संस्थानों एवं स्ववित्त पोषित पाठ्यक्रमों के लिए प्राध्यापकों एवं अन्य स्टाफ का पद सृजन तथा कार्यभार निर्धारण सम्बन्धित सांविधिक/विनियामक निकाय द्वारा निर्धारित मानकों के अनुसार किया जायेगा। यदि इन निकायों द्वारा इस सम्बन्ध में मानक निर्धारित नहीं किये गये हैं तो शासन अथवा विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित मानकों के अनुसार किया जायेगा। सहायक प्रोफेसर/प्रोफेसर के पद पर नियुक्ति हेतु अर्हता विश्वविद्यालय अनुदान आयोग अथवा सम्बन्धित सांविधिक/विनियामक निकाय द्वारा निर्धारित मानकों के अनुरूप होगी। निजी महाविद्यालय/शिक्षण संस्थानों एवं स्ववित्त पोषित पाठ्क्रमों के लिए नियुक्त प्राध्यापकों का अनुमोदन विश्वविद्यालय से सम्बद्धता प्राप्त करने के 03 माह के अन्दर प्राप्त किया जाना अनिवार्य होगा।

(13) राजकीय तथा अनुदानित महाविद्यालयों में पाठ्यक्रमों का शुल्क निर्धारण शासन द्वारा किया जायेगा। निजी महाविद्यालयों/शिक्षण संस्थानों में प्रवेश तथा पाठ्यक्रमों के शुल्क का निर्धारण में उत्तराखण्ड अनानुदानित निजी व्यावसायिक शिक्षण संस्थाओं (प्रवेश एवं शुल्क निर्धारण विनियम) अधिनियम 2006 के प्राविधानों का पालन किया जायेगा। जिन विषयों के प्रवेश व शुल्क के सम्बन्ध में इस अधिनियम के प्राविधानों के अन्तर्गत व्यवस्था न की गयी हो, उस सम्बन्ध में विश्वविद्यालय द्वारा बनाये गये तथा शासन से अनुमोदित नियमों का पालन किया जायेगा।

(14) कोई भी महाविद्यालय/शिक्षण संस्थान सम्बद्धता प्राप्त करने की प्रत्याशा में किसी भी पाठ्यक्रम में छात्र–छात्रा को प्रवेश नहीं देगा तथा न ही किसी पाठ्यक्रम में विश्वविद्यालय द्वारा संस्वीकृत सीटों से अधिक प्रवेश करेगा। महाविद्यालय/शिक्षण संस्थान में पूर्व से अनुमोदित व संचालित पाठ्यक्रम भी विश्वविद्यालय की अनुमति के बिना समाप्त नहीं किया जायेगा।

(15) महाविद्यालय/शिक्षण संस्थान द्वारा अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों तथा अल्पसंख्यकों सहित अन्य वंचित वर्गों के छात्र–छात्राओं के शैक्षणिक तथा कल्याण सम्बन्धी क्रियाकलापों पर शासकीय दिशा निर्देशों का अनुपालन किया जायेगा।

(16) कोई महाविद्यालय/शिक्षण संस्थान द्वारा संचालित सभी पाठ्यक्रमों के आय–व्यय का लेखा जोखा तथा सभी आवश्यक रजिस्टर व अभिलेखों का नियमानुसार रख–रखाव करने के साथ–साथ प्रत्येक वित्तीय वर्ष के अन्त में 30 जून से पूर्व लेखों का अंकेक्षण करवाया जायेगा तथा विश्वविद्यालय/शासन/उच्च शिक्षा निदेशालय द्वारा मांग किये जाने पर अंकेक्षण आख्या उपलब्ध करायी जायेगी।

(17) शैक्षणिक स्तर बनाये रखने तथा निष्पादन की निगरानी के साथ–साथ मूल्यांकन करने हेतु पाठ्यक्रम से सम्बन्धित सांविधिक/विनियामक निकाय/शासन/उच्च शिक्षा निदेशालय द्वारा निर्देशित किये जाने पर महाविद्यालय/शिक्षण संस्थान द्वारा वांछित सूचना तत्काल उपलब्ध करायी जायेगी। इस सम्बन्ध में सम्बन्धित सांविधिक/विनियामक निकाय/शासन/उच्च शिक्षा निदेशालय द्वारा निर्गत सभी आदेशों एवं निर्देशों का अनुपालन महाविद्यालय/शिक्षण संस्थान द्वारा किया जायेगा।

(18) प्रत्येक महाविद्यालय/शिक्षण संस्थान द्वारा वैबसाइट बनायी जानी अनिवार्य होगी जिसमें महाविद्यालय/शिक्षण संस्थान से सम्बन्धित समस्त महत्वपूर्ण सूचनाओं जैसे नाम, पता, स्थापना का वर्ष, संस्था तथा उसके पदाधिकारियों का विवरण, समस्त स्टॉफ का विवरण, संचालित पाठ्यक्रम, शुल्क ढांचा, मान्यता, उपलब्ध सुविधायें तथा वार्षिक लेखों इत्यादि की समस्त सूचनाओं का प्रदर्शित करना अनिवार्य होगा।

अस्थायी सम्बद्धता प्रदान करने की प्रक्रिया

12.06– (1) नवीन महाविद्यालय/शिक्षण संस्थान की स्थापना एवं सम्बद्धता के लिए सोसाइटी पंजीकरण अधिनियम 1860 के अन्तर्गत पंजीकृत संस्था अथवा भारतीय ट्रस्ट अधिनियम 1882 के अन्तर्गत स्थापित न्यास जिसके संविधान में शिक्षा प्रचार/प्रसार/उन्नयन का उद्देश्य स्पष्टतः अंकित हो द्वारा संस्था के पैड पर सम्बद्धता के लिए प्रस्तावित पाठ्यक्रम का उल्लेख करते हुए आवेदन पत्र विहित शुल्क सहित (राजकीय महाविद्यालय हेतु ₹ 2500/– तथा अन्य महाविद्यालयों/शिक्षण संस्थाओं हेतु ₹ 5000/–) प्रस्तुत किया जायेगा, यह शुल्क किसी भी स्थिति में वापस नहीं किया जायेगा। यदि किसी पाठ्यक्रम की सम्बद्धता हेतु सम्बन्धित सांविधिक/विनियामक आयोग द्वारा अनापत्ति प्रमाण पत्र दिया जाना आवश्यक हो तो आवेदन पत्र के साथ अनापत्ति प्रमाण पत्र संलग्न किया जाना अनिवार्य होगा। आवेदक संस्था को विश्वविद्यालय द्वारा एक माह के भीतर सम्बद्धता का प्रारूप उपलब्ध कराया जायेगा तथा आवेदक संस्था द्वारा विश्वविद्यालय का सत्र प्रारम्भ होने से 06 माह पूर्व सम्बद्धता प्रारूप पूर्ण कर विश्वविद्यालय को उपलब्ध कराना होगा। सम्बद्धता प्रारूप के साथ शासन द्वारा निर्धारित समस्त प्रारूप एवं शपत्र पत्र भी प्रस्तुत किये जायेंगे, इसके साथ–2 शासन द्वारा निर्धारित बिन्दुओं पर एक परियोजना प्रतिवेदन भी प्रस्तुत किया जायेगा।

(2) नये महाविद्यालय/शिक्षण संस्थान के सम्बद्धता प्रस्तावों के परीक्षण, स्थलीय निरीक्षण एवं अन्य कार्यों के व्ययों की प्रतिपूर्ति हेतु राजकीय महाविद्यालयों द्वारा ₹ 10000/– तथा अन्य महाविद्यालयों/शिक्षण संस्थाओं द्वारा ₹ 50000/– का प्रक्रिया शुल्क विश्वविद्यालय में जमा करना होगा, प्रक्रिया शुल्क किसी भी दशा में वापस नहीं किया जायेगा।

(3) सम्बद्धता के लिए इच्छुक प्रस्तावित महाविद्यालय/शिक्षण संस्थान को निरीक्षण किये जाने के समय सम्बन्धित सांविधिक/विनियामक निकाय द्वारा निर्धारित समस्त मानकों को पूर्ण करना अनिवार्य है। विश्वविद्यालय द्वारा प्रस्तावक संस्था/न्यास/सोसाइटी का प्रस्ताव, औचित्यपूर्ण एवं संतोषजनक पाये जाने के उपरान्त निम्नानुसार गठित समिति के माध्यम से प्रस्तावित महाविद्यालय/शिक्षण संस्थान का स्थलीय निरीक्षण करवाया जायेगा।

1. कुलपति द्वारा नामित एक विषय विशेषज्ञ।
2. कुलपति द्वारा नामित विश्वविद्यालय के सम्बन्धित संकाय के डीन अथवा समकक्ष शिक्षाविद।

3. उच्च शिक्षा विभाग द्वारा जिला स्तर पर नामित उप निदेशक/प्राचार्य स्तर से अनिम्न स्तर का अधिकारी।

4. लोक निर्माण विभाग द्वारा नामित विभाग का अधिशासी अभियन्ता से अनिम्न स्तर का अभियन्ता।

कुलपति द्वारा नामित किसी भी एक विषय का विशेषज्ञ जो कि प्रोफेसर के स्तर का हो, समिति का अध्यक्ष होगा।

(4) महाविद्यालय/शिक्षण संस्थान में उपलब्ध सुविधाओं, सांविधिक/विनियामक निकाय के मानकों तथा निरीक्षण आख्या के आधार पर विश्वविद्यालय द्वारा सम्बद्धता प्रदान किये जाने वाले विषयों/पाठ्यक्रमों में सीटों का निर्धारण किया जायेगा।

(5) महाविद्यालय/शिक्षण संस्थान को सम्बद्धता प्रदान करने के लिए मा0 कुलाधिपति की सहमति प्राप्त होने के उपरान्त कार्यपरिषद् के अनुमोदन के उपरान्त सम्बन्धित महाविद्यालय/शिक्षण संस्थान द्वारा विद्यार्थियों को प्रवेश, शिक्षण, परीक्षा एवं शिक्षणेत्तर गतिविधियों का संचालन किया जायेगा।

(6) महाविद्यालय/शिक्षण संस्था को प्रदान की गयी अस्थायी सम्बद्धता का विस्तारण भी उपर्युक्तानुसार निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार किया जायेगा।

(7) महाविद्यालय/शिक्षण संस्थान को सम्बद्धता प्रदान करने की प्रक्रिया के किसी भी चरण में निर्धारित मानकों/प्रक्रियाओं के पूर्ण न करने पर सम्बद्धता प्रस्ताव अस्वीकृत होने की दशा में विश्वविद्यालय द्वारा तदनुसार सम्बन्धित महाविद्यालय/शिक्षण संस्थान को यथासमय सूचित किया जायेगा तथा महाविद्यालय/शिक्षण संस्थान की प्रतिभूति ही वापस लौटायी जायेगी। यदि बाद में महाविद्यालय/शिक्षण संस्थान द्वारा निर्धारित प्रक्रियाओं को पूर्ण किया जाता है तो आवेदन अस्वीकृत होने के दिनांक से 06 माह बाद पुनः सम्बद्धता हेतु उपरोक्त प्रक्रिया का अनुपालन किया जायेगा।

स्थायी सम्बद्धता प्राप्त करने हेतु अर्हता मानदण्ड तथा प्रक्रिया

12.07— (1) स्थायी सम्बद्धता का इच्छुक प्रस्तावित महाविद्यालय द्वारा विश्वविद्यालय अनुदान आयोग सांविधिक/विनियामक निकाय/शासन/विश्वविद्यालय द्वारा विहित मानदण्डों के अनुरूप महाविद्यालय/शिक्षण संस्थान में शैक्षणिक तथा प्रशासनिक स्तर बनाए रखते हुए तथा अस्थायी सम्बद्धता प्राप्त किये हुए संतोषजनक निष्पादन के न्यूनतम 05 वर्ष पूर्ण कर लिए हों।

(2) महाविद्यालय/शिक्षण संस्थान द्वारा अस्थायी सम्बद्धता के लिए विहित मानकों एवं प्रक्रियाओं के अनुरूप भवन का निर्माण कार्य पूर्ण कर लिया हो तथा उसमें सभी वांछित संरचनात्मक सुविधाओं की व्यवस्था कर ली गयी हो।

(3) महाविद्यालय/शिक्षण संस्थान द्वारा अस्थायी सम्बद्धता के लिए विहित मानकों व प्रक्रियाओं के अनुरूप सभी शैक्षणिक तथा गैर–शैक्षणिक स्टॉफ की नियुक्ति निर्धारित वेतनमानों में कर ली गयी हो।

(4) स्थायी सम्बद्धता हेतु सम्बन्धित महाविद्यालय/शिक्षण संस्थान द्वारा अस्थायी सम्बद्धता के पांच वर्ष पूर्ण होने के उपरान्त निर्धारित प्रारूप पर स्थायी सम्बद्धता हेतु आवेदन किया जायेगा। आवेदन के साथ सम्बद्धता प्रस्तावों के परीक्षण, स्थलीय निरीक्षण एवं अन्य कार्यों के व्ययों की प्रतिपूर्ति हेतु राजकीय महाविद्यालयों द्वारा ₹ 10000/– तथा अन्य महाविद्यालयों/शिक्षण संस्थाओं द्वारा ₹ 50000/– का प्रक्रिया शुल्क विश्वविद्यालय में जमा करना होगा, प्रक्रिया शुल्क किसी भी दशा में वापस नहीं किया जायेगा।

(5) स्थायी सम्बद्धता प्रदान किये जाने की सम्पूर्ण प्रक्रिया अस्थायी सम्बद्धता प्रदान किये जाने की प्रक्रिया के समान ही होगी लेकिन परियोजना प्रतिवेदन में 10 वर्षों के लिए प्रस्तावित विकास परियोजना प्रस्तुत की जायेगी।

(6) महाविद्यालय/शिक्षण संस्थान को सुचारू संचालन, विकास एवं भावी योजनाओं पर विचार विमर्श के लिए स्टॉफ व चयनित छात्र–छात्राओं की एक विकास परिषद् का गठन महाविद्यालय/शिक्षण संस्थान द्वारा अनिवार्य रूप से किया जायेगा।

(7) महाविद्यालय/शिक्षण संस्थान का राष्ट्रीय प्रत्यायन एवं प्रमाणन परिषद् अथवा अन्य किसी सांविधिक प्रत्यायन अभिकरण से प्रत्यायन कराया जाना आवश्यक होगा।'

नये विषय/पाठ्यक्रम/स्नातकोत्तर स्तर की सम्बद्धता के मानक तथा प्रक्रिया

12.08– पूर्व से स्थापित महाविद्यालय/शिक्षण संस्थान में नये विषय/पाठ्यक्रम तथा स्नातक महाविद्यालय/शिक्षण संस्थान को स्नातकोत्तर स्तर पर पाठ्यक्रम संचालित करने के लिए सम्बद्धता पर केवल उसी दशा में विचार किया जायेगा जबकि महाविद्यालय/शिक्षण संस्थान में संचालित विषय/पाठ्यक्रमों में स्थायी सम्बद्धता प्रदान कर दी गयी हो। नये विषय/पाठ्यक्रम/स्नातकोत्तर स्तर की सम्बद्धता प्रदान करने के मानदण्ड व प्रक्रिया व प्रक्रिया अस्थायी सम्बद्धता हेतु विहित मानदण्ड एवं प्रक्रियानुसार होगी।

सम्बद्धता समाप्त करना तथा शास्तियां

12.09– (1) महाविद्यालय/शिक्षण संस्थान द्वारा सम्बद्धता के लिए निर्धारित मानकों के उल्लंघन करने अथवा निर्देशों का अनुपालन न करने अथवा अन्य किसी भी स्तर पर प्रकरण/शिकायत प्राप्त होने पर प्रकरण/शिकायत की जांच समिति द्वारा विधिवत जांच करने पर यदि महाविद्यालय/शिक्षण संस्थान विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के अधिनियम, परिनियम या अध्यादेश के उपबन्धों या नियमों अथवा शासन/विश्वविद्यालय/सांविधिक/विनियामक निकाय के निर्देशों या अनुदेशों का पालन करने में असफल सिद्ध होता होता है अथवा सम्बद्धता की किसी शर्त का पालन करने में असफल सिद्ध होता है, या इस प्रकार का आचरण करता है जो कि विश्वविद्यालय के शैक्षणिक तथा प्रशासनिक स्तर तथा विश्वविद्यालय के हितों पर प्रतिकूल प्रभाव डालता हो, तो उक्त महाविद्यालय/शिक्षण संस्थान को प्रदान की गयी सम्बद्धता आंशिक या पूर्ण रूप से समाप्त किये जाने हेतु मा0 कुलाधिपति को संस्तुति की जायेगी।

(2) यदि कोई सम्बद्ध महाविद्यालय/शिक्षण संस्थान पाठ्यक्रम का संचालन करना बन्द कर देता है अथवा विश्वविद्यालय/शासन की बिना अनुमति के वह किसी अन्य स्थान पर स्थानान्तरित हो जाता है या किसी पृथक समाज, व्यक्ति विशेष या व्यक्तियों के समूह के पास हस्तांतरित हो जाता है, तो महाविद्यालय/संस्थान को प्रदत्त सम्बद्धता, हस्तांतरण स्वतः समाप्त हो जायेगी तथा इसे भावी सम्बद्धता के प्रयोजन हेतु नया महाविद्यालय/शिक्षण संस्थान माना जायेगा। महाविद्यालय/शिक्षण संस्थान/ट्रस्ट/सोसाइटी के इस कृत्य को कदाचार माना जायेगा तथा ऐसी स्थिति में उसे अंतिम रूप से प्रतिबन्धित भी किया जा सकता है।

(3) यदि विश्वविद्यालय, सम्बन्धित महाविद्यालय/शिक्षण संस्थान को प्रदान की गई सम्बद्धता वापस करने का निर्णय लेता है अथवा विश्वविद्यालय के आदेश से सम्बद्धता, अस्थायी या स्थायी रूप से समाप्त हो जाती है तो इस प्रकार का निर्णय महाविद्यालय/शिक्षण संस्थान के छात्रों के हितों को प्रभावित नहीं करेगा जो कि आदेश जारी किये जाने के समय इसमें अध्ययनरत थे जब तक कि वे पाठ्यक्रम की सामान्य अवधि के तहत् सम्बन्धित पाठ्यक्रम को उत्तीर्ण नहीं कर लेते जिसमें उन्होंने उस समय पंजीकरण करवाया था। विश्वविद्यालय/शासन द्वारा यथोचित निर्णय/कार्यवाही द्वारा प्रभावित छात्रों के शैक्षणिक भविष्य की रक्षा की जायेगी।

(4) सम्बद्धता की शर्तों को पूर्ण न करने पर अथवा विश्वविद्यालय अनुदान आयोग/सांविधिक/विनियामक निकाय द्वारा निर्धारित मानकों की अवहेलना करने पर सम्बन्धित महाविद्यालय/शिक्षण संस्थान को विश्वविद्यालय अनुदान आयोग अधिनियम की धारा 12(ख) के अन्तर्गत अनुरक्षित सूची से पृथक करने अथवा विश्वविद्यालय अनुदान आयोग अधिनियम की धारा 2(च) की सूची से पृथक करने की संस्तुति विश्वविद्यालय द्वारा की जा सकेगी।

ख. सम्बद्ध महाविद्यालयों की वित्त, संपरीक्षा तथा लेखा

12.10– **(क)** प्रत्येक सम्बद्ध महाविद्यालय के प्रबन्धतंत्र की सहायता के लिये एक वित्त समिति होगी जिसमें निम्नलिखित होंगे :– धारा 35(1)

(i) प्रबन्धतंत्र का सभापति अथवा सचिव, जो अध्यक्ष होगा;
(ii) प्रबन्धतंत्र के सदस्यों द्वारा अपने में से निर्वाचित दो अन्य सदस्य;
(iii) प्राचार्य (पदेन;)
(iv) प्रबन्धतंत्र का ज्येष्ठतम अध्यापक सदस्य (पदेन)।

(ख) महाविद्यालय का प्राचार्य वित्त समिति का सचिव होगा और अधिवेशन बुलाने का हकदार होगा।

12.11– वित्त समिति महाविद्यालय का वार्षिक बजट (छात्र निधि को छोड़कर) तैयार करेगी जिसे प्रबन्धतंत्र के समक्ष उसके विचार तथा अनुमोदन के लिये रखा जायेगा।

12.12– ऐसा नया व्यय, जो महाविद्यालय के बजट में पहले से ही सम्मिलित न हो, वित्त समिति को निर्दिष्ट किये बिना नहीं किया जायेगा।

12.13– बजट में व्यवस्थित आवर्ती व्यय का नियंत्रण किन्ही विनिर्दिष्ट निर्देशों के अधीन रहते हुए जो वित्त समिति द्वारा दिये जायें, प्राचार्य द्वारा किया जायेगा।

12.14– सभी छात्र निधि प्राचार्य द्वारा विभिन्न समितियों की, जैसे कि खेलकूद समिति, पत्रिका समिति, अध्ययन कक्ष समिति और इसी प्रकार की अन्य समिति, जिसमें सम्बद्ध महाविद्यालयों के छात्रों के प्रतिनिधि भी होंगे, सहायता से प्रशासित होगी।

12.15– छात्र निधि के लेखों की संपरीक्षा प्रबन्धतंत्र द्वारा नियुक्त किसी अर्ह संपरीक्षक द्वारा, जो इसके सदस्यों में से न होगा, की जायेगी। संपरीक्षा फीस महाविद्यालय की छात्र निधियों पर विधि संगत प्रभार होगी, संपरीक्षा रिपोर्ट को प्रबन्धतंत्र के समक्ष रखा जायेगा। धारा 3(3)

12.16– छात्र निधि तथा छात्रावासों से फीस सम्बन्धी आय अन्य निधि में अन्तरित नहीं की जायेगी और इन निधियों से कोई ऋण किसी भी प्रयोजन के लिये नहीं लिया जायेगा। धारा 3(3)

अध्याय 13

उपाधियां और डिप्लोमा प्रदान करना और वापस लेना

13.01– (1) डॉक्टर ऑफ लेटर्स (डी. लिट.) अथवा महामहोपाध्याय की सम्मानार्थ उपाधि ऐसे व्यक्तियों को, जिन्होंने साहित्य, दर्शन शास्त्र, कला, संगीत, चित्रकारी अथवा संकाय को सौंपे गये किसी अन्य विषय की प्रगति में पर्याप्त रुप से योगदान किया हो, अथवा जिन्होंने शिक्षा के लिये उल्लेखनीय सेवा की हो, प्रदान की जायेगी। धारा 33

(2) डॉक्टर ऑफ साइन्स (डी. एस–सी.) की सम्मानार्थ उपाधि ऐसे व्यक्तियों को, जिन्होंने विज्ञान अथवा प्रौद्योगिक (टेक्नालोजी) की किसी शाखा की प्रगति अथवा देश में विज्ञान और प्रौद्योगिक संस्थाओं के आयोजन,संगठन अथवा विकास में पर्याप्त योगदान किया हो, प्रदान की जायेगी। धारा 35(1)

(3) डॉक्टर ऑफ लॉज (एल.एल.डी.) की सम्मानार्थ उपाधि ऐसे व्यक्तियों को, जो विख्यात वकील, न्यायाधीश अथवा विधिवेत्ता अथवा राजनयज्ञ हों, जिन्होंने लोक कल्याण के लिये महात्त्वपूर्ण योगदान किया हो, प्रदान की जायेगी।

13.02– कार्य परिषद् स्वतः अथवा विद्या परिषद् की सिफारिश पर, जो उसकी कुल सदस्यता के बहुमत से पारित संकल्प द्वारा किया जाय, सम्मानित उपाधि प्रदान करने का प्रस्ताव कुलाधिपति को धारा 9 (2) के अधीन पुष्टि के लिये पुष्टि के लिये प्रस्तुत कर सकती है:

परन्तु किसी ऐसे व्यक्ति के सम्बन्ध में, जो विश्वविद्यालय के किसी प्राधिकारी या निकाय का सदस्य हो, ऐसा प्रस्ताव प्रस्तुत नहीं किया जायेगा।

13.03– विश्वविद्यालय द्वारा प्रदत्त या स्वीकृति किसी उपाधि, डिप्लोमा या प्रमाण–पत्र को वापस लेने के लिये धारा 44 के अधीन कोई कार्यवाही करने के पूर्व, सम्बद्ध व्यक्ति को उसके विरुद्ध लगाये गये आरोपों को स्पष्ट करने के लिये अवसर दिया जायेगा। कुलसचिव उसके विरुद्ध निमित्त आरोपों की सूचना रजिस्ट्रीकृत डाक से भेजेगा और सम्बद्ध व्यक्ति से अपेक्षा की जायेगी कि वह आरोपों की प्राप्ति से कम पन्द्रह दिन की अवधि के भीतर अपना स्पष्टीकरण प्रस्तुत करें। धारा 35(1)

13.04– सम्मानार्थ उपाधि को वापस लेने के प्रत्येक प्रस्ताव पर कुलाधिपति की पूर्व स्वीकृति अपेक्षित होगी। धारा 35(1)

13.05– **(क)** किसी संस्थान को सम्बद्ध संकाय बोर्ड की सहमति से शैक्षिक परिषद् की सिफारिश के पश्चात् कार्य परिषद् द्वारा ऐसी संस्था के रुप में, जहां अधिनियम की धारा 7 की अपेक्षाओं को पूरा करने के लिये अनुसंधान कार्य किया जा सकता है, मान्यता दी जा सकती है इस प्रकार की दी गयी मान्यता सम्बद्ध संकाय बोर्ड को सहमति से शैक्षिक परिषद् द्वारा दी गयी सिफारिश पर कार्य परिषद द्वारा वापस ली जा सकती है। धारा 35(1)

(ख) इस प्रकार मान्यता प्राप्त संस्थान का प्रबन्ध–

(i) संस्थान का अनुरक्षण करने वाले व्यक्ति या निकाय द्वारा नियुक्त प्रबन्ध समिति या अन्य समकक्ष निकाय जिसके गठन की सूचना कार्य परिषद् को दी जायेगी; या धारा 35(1)

(ii) संस्थान का अनुरक्षण करने वाले व्यक्ति या निकाय द्वारा नियुक्त निदेशक, में निहित होगा।

(ग) किसी मान्यता प्राप्त संस्थान में अनुसंधान कार्य का मार्ग दर्शन, संस्थान के निदेशक और अन्य अध्यापकों द्वारा किया जा सकता है जिन्हें विश्वविद्यालय की डी. लिट. या डी.एस–सी. या एल–एल.डी या डी. फिल की उपाधियों के लिये पर्यवेक्षक या सलाहकार के रुप में मान्यता दी जा सकती है। धारा 35(1)

(घ) संस्थान के निदेशक और अन्य अध्यापक, यदि वे इस बात से सहमत हो, सम्बद्ध विभागाध्यक्ष की सम्मति से विश्वविद्यालय के अनुसंधान छात्रों को उच्च कोटि की व्याख्यानमाला में व्याख्यान दे सकते हैं।

(ङ) कोई व्यक्ति जो अपेक्षित अर्हतायें रखता हो और जो विश्वविद्यालय की अनुसंधान उपाधि के लिये संस्थान में अनुसंधान कार्य करने का इच्छुक हो, संस्थान के निदेशक के माध्यम से कुल सचिव को आवेदन पत्र देगा। इस प्रकार प्राप्त आवेदन पत्रों को अध्यादेशों के अधीन गठित विश्वविद्यालय की अनुसंधान उपाधि समिति के समक्ष रखा जायेगा और यदि समिति द्वारा अनुमोदित कर दिया जाय, तो आवेदक को ऐसी फीस का भुगतान करने पर, जैसी अध्यादेशों द्वारा विहित की जाय, प्रारम्भ करने की अनुज्ञा दी जायेगी। धारा 35(1) धारा 7(ङ), 9(2) और 35(1)(ङ)

(च) संस्थान के लिए प्राप्त विशिष्ट अनुदान या दान संस्थान के निमित्त रखा जायेगा और उसे संस्थान के लिये व्यय किया जायेगा। विश्वविद्यालय में किसी तत्सम्मान शिक्षण विभाग के किसी अनुदान का कोई भाग किसी संस्थान के लिये व्यय नहीं किया जायेगा।

अध्याय 14

दीक्षान्त समारोह

14.01– **(1)** विश्वविद्यालय द्वारा उपाधि, डिप्लोमा और विद्या संबंधी अन्य विशिष्टतायें प्रदान करने के लिये वर्ष में एक बार ऐसे दिनांक की और ऐसे समय पर जैसा कार्य परिषद् नियत करे, एक दीक्षान्त समारोह आयोजित किया जा सकता है। धारा 7(ङ), 9(2) और 35(1)(ङ)

(2) कुलाधिपति के पूर्वानुमोदन से विश्वविद्यालय द्वारा विशेष दीक्षान्त समारोह आयोजित किया जा सकता है।

(3) दीक्षान्त समारोह में कुलाधिपति, कुलपति, कार्य परिषद् के सदस्य, सभा तथा शैक्षिक परिषद् में विनिर्दिष्ट व्यक्ति होंगे।

14.02– प्रत्येक सम्बद्ध महाविद्यालय में स्थानीय दीक्षान्त समारोह ऐसे दिनांक को और ऐसे समय पर जैसा प्राचार्य, कुलपति के लिखित पूर्वानुमोदन के नियत करें, आयोजित किया जा सकता है।

14.03– दो या अधिक महाविद्यालयों द्वारा संयुक्त दीक्षान्त समारोह परिनियम 14.02 में विहित रीति से आयोजित किया जा सकता है। धारा 44

14.04– इस अध्याय में निर्दिष्ट दीक्षान्त समारोह में पालन की जाने वाली प्रक्रिया और इससे सम्बन्धित अन्य विषय ऐसे होंगे जैसा अध्यादेशों में निर्धारित हो।

14.05– जहां विश्वविद्यालय या किसी सम्बद्ध महाविद्यालय के लिये परिनियम 14.01 से परिनियम 14.04 के अनुसार दीक्षान्त समारोह आयोजित करना सुविधाजनक न हो वहां उपाधि, डिप्लोमा और अन्य विद्या संबंधी विशिष्टता सम्बन्धित अभ्यर्थियों को रजिस्ट्रीकृत डाक द्वारा भेजी जा सकती है। धारा 45

अध्याय 15

भाग 1

विश्वविद्यालय के अध्यापकों की सेवा शर्तें

15.01— परिनियम 10.02(1) में निर्दिष्ट नियुक्ति या किसी अध्यापक को 10 मास से अनाधिक अवधि के लिये छुट्टी स्वीकृत किये जाने के कारण हुई रिक्ति में विश्वविद्यालय के अध्यापक **परिशिष्ट 'ग'** में दिये गये प्रपत्र में लिखित संविदा द्वारा नियुक्त किये जायेंगे। धारा 7 और धारा 35

15.02— विश्वविद्यालय का अध्यापक सर्वदा पूर्ण सत्यनिष्ठ एवं कर्त्तव्यनिष्ठ रहेगा और **परिशिष्ट 'घ'** में दी गई आचरण संहिता का पालन करेगा जो नियुक्ति के समय अध्यापक द्वारा हस्ताक्षर किये जाने वाले करार का एक भाग होगा।

15.03— **परिशिष्ट 'घ'** में दी गई आचरण संहिता के उपबन्धों में से किसी का उल्लंघन परिनियम 15.04(1) के अर्थान्तर्गत दुराचरण समझा जायेगा।

15.04— **(1)** निम्नलिखित कारणों में से किसी एक या अधिक कारण से विश्वविद्यालय का कोई अध्यापक पदच्युत किया जा हटाया जा सकता है या उसकी सेवायें समाप्त की जा सकती हैं:—

(क) कर्तव्य की जान—बूझकर उपेक्षा;

(ख) दुराचरण;

(ग) सेवा संविदा की किसी शर्त का उल्लंघन;

(घ) विश्वविद्यालय की परिक्षाओं के सम्बन्ध में बेईमानी;

(ङ) लोकापवादुक्त आचरण या नैतिक दृष्टि से अधम अपराध के लिये दोषसिद्धि;

(च) शारीरिक या मानसिक अनुपयुक्तता;

(छ) अक्षमता;

(ज) पद की समाप्ति ।

(2) की गयी व्यवस्था के सिवाय संविदा समाप्त करने के लिये, किसी भी पक्ष द्वारा कम से कम तीन मास की नोटिस (या जब नोटिस अक्टूबर मास के पश्चात् दी जाय तब तीन मास या सत्र समाप्त होने तक की नोटिस, जो भी अधिक हो) दी जायेगी, या ऐसी नोटिस के बदले में, यथास्थिति तीन मास (या उपर्युक्त अधिक अवधि) का वेतन दिया या वापस किया जायेगा।

परन्तु जहां विश्वविद्यालय खण्ड (1) के अधीन विश्वविद्यालय के किसी अध्यापक को पदच्युत करे अथवा हटाये या उसकी सेवायें समाप्त करे या यदि कोई अध्यापक संविदा को विश्वविद्यालय द्वारा उसकी शर्तो का उल्लंघन किये जाने के कारण समाप्त करे, वहां ऐसी नोटिस की आवश्यकता न होगी : धारा 35(1)(छ)

परन्तु यह भी कि पक्षकार आपसी समझौते द्वारा पूर्ण या आंशिक रुप में नोटिस की शर्त का परित्याग करने के लिये स्वतंत्र होंगे।

15.05— (1) परिनियम 15.04 के खण्ड (1) में उल्लिखित किसी कारण से विश्वविद्यालय के किसी अध्यापक को पदच्युत करने, हटाने या उसकी सेवायें समाप्त करने का कोई आदेश (सिवाय नैतिक दृष्टि से अधम अपराध के लिये सिद्ध दोष होने या पद समाप्त किये जाने की स्थिति में) तब तक नहीं दिया जायेगा जब तक कि अध्यापक को, उसके विरुद्ध आरोप लगातार, उसकी सूचना जिस आधार पर कार्यवाही करने का प्रस्ताव है उसके विवरण सहित न दे दी जाय, और उसकी :— धारा 35(1)(ङ) और (छ)

(i) अपने प्रतिवाद के लिये लिखित बयान प्रस्तुत करने का;

(ii) व्यक्तिगत सुनवाई का, यदि वह ऐसा चाहे, और

(iii) अपने प्रतिवाद में ऐसे साक्षियों को बुलाने और परीक्षण करने का जिन्हें वह चाहे, पर्याप्त अवसर न दे दिया जाये,

परन्तु कार्य परिषद् या उसके द्वारा जांच करने के लिये, प्राधिकृत अधिकारी पर्याप्त कारणों को अभिलिखित करते हुए किसी साक्षी को बुलाने से इन्कार कर सकता है।

(2) कार्य परिषद् या उसके द्वारा जांच अधिकारी की रिपोर्ट के दिनांक से साधारणतया दो मास के भीतर सम्बद्ध अध्यापक को सेवा से पदच्युत करने या हटाने या उसकी सेवायें समाप्त करने का प्रस्ताव पारित कर सकती है, जिसमें पदच्युत करने हटाने या सेवा समाप्त करने के कारण उल्लिखित किये जायेंगे। धारा 35(1)

(3) प्रस्ताव की सूचना सम्बद्ध अध्यापक को तुरन्त दी जायेगी।

(4) कार्य परिषद्, अध्यापक को सेवा से पदच्युत करने, हटाने या उसकी सेवा समाप्त करने के बजाय एक या अधिक अपेक्षाकृत हल्का दण्ड देने का संकल्प पारित कर सकती है अर्थात अधिक से अधिक तीन वर्ष की विनिर्दिष्ट अवधि के लिए अध्यापक का वेतन कम करना, किसी विनिर्दिष्ट अवधि के लिये उसकी वेतन–वृद्धि रोकना और अध्यापक को उसकी निलम्बन की अवधि के यदि कोई हो, वेतन से, किन्तु जीवन निर्वाह भत्ते से नहीं, वंचित करना।

15.06— (1) यदि किसी अध्यापक के विरुद्ध कोई जांच विचाराधीन हो या विचार हो तो परिनियम 8.01 में निर्दिष्ट अनुशासनिक समिति उसको परिनियम 15.04 के खण्ड (1)के उपखण्ड (क) से (ङ) तक में उल्लिखित आधार पर निलंबन का आदेश की सिफारिश कर सकती है। यदि इस आधार पर निलंबन का आदेश दिया कि अध्यापक के विरुद्ध जांच प्रारम्भ करने का विचार है, तो निलम्बन आदेश उसके प्रवर्तन के चार सप्ताह बीत जाने पर समाप्त बीत जाने पर समाप्त हो जायेगा तब तक इस बीच अध्यापक को उस आरोप या उन आरोंपों की सूचना न दे दी जाय जिनके बारे में जांच कराने का विचार था।

(2) विश्वविद्यालय के किसी अध्यापक को—

(क) यदि किसी अपराध के लिए दोषसिद्धि की स्थिति में उसे 48 घंटे से अधिक अवधि का कारावास का दण्ड दिया जाय और उसे इस प्रकार दोषसिद्धि के परिणामस्वरुप तुरन्त पदच्युत न किया जाय या सेवा से हटाया न जाय तो उसकी दोषसिद्धि के दिनांक से,

(ख) किसी अन्य स्थिति में, यदि वह अभिरक्षा में निरुद्ध किया जाय, चाहे निरोध किसी आपराधिक आरोप के कारण हो या अन्यथा, उसके निरोध की अवधि तक के लिए निलम्बित समझा जायेगा।

स्पष्टीकरण–इस खण्ड के उपखण्ड (क) में निर्दिष्ट 48 घंटे की अवधि की गणना दोषसिद्धि के पश्चात् कारावास की सविराम अवधि पर भी, यदि कोई हो, विचार किया जायेगा।

(3) जहां विश्वविद्यालय के किसी अध्यापक को पदच्युत करने या सेवा से हटाने का आदेश अधिनियम या इस परिनियमावली के अधीन किसी कार्यवाही के परिणामस्वरुप या अन्यथा अपास्त कर दिया जाय या शून्य घोषित कर दिया जाय या हो जाय, और विश्वविद्यालय का समुचित अधिकारी, प्राधिकारी या निकाय उसके विरुद्ध अग्रसर जांच करने का विनिश्चय करे, वहां यदि अध्यापक पदच्युत होने या हटाने के ठीक पूर्व निलम्बित था, तो यह समझा जायेगा कि निलम्बन का आदेश पदच्युत या हटाने के मूल आदेश के दिनांक को और से प्रवृत्त है।

(4) विश्वविद्यालय का अध्यापक अपने निलम्बन की अवधि में समय–समय पर यथा संशोधित उत्तर प्रदेश सरकार के फाइनेंशियल हैण्डबुक, खण्ड 2 के भाग 2 के अध्याय 8 (उत्तराखण्ड राज्य में यथाप्रवृत्त) के उपबन्धों के अनुसार, जो आवश्यक परिवर्तनों सहित लागू होंगे, निर्वाह भत्ता पाने का हकदार होगा।

15.07– परिनियम 15.05 के खण्ड (2) या परिनियम 15.06 के खण्ड (1) के प्रयोजनार्थ अधिकतम अवधि की गणना करने में, वह अवधि जिसमें किसी न्यायालय का कोई स्थगन आदेश प्रवर्तन में हो, सम्मिलित नहीं की जायेगी।

15.08– विश्वविद्यालय का कोई अध्यापक किसी कलेण्डर वर्ष में निर्दिष्ट किसी परीक्षा के सम्बन्ध में सम्पादित किसी कर्त्तव्य के लिए उस कलेण्डर वर्ष में पच्चीस हजार रुपये से अधिक कोई पारिश्रमिक नहीं लेगा।

15.09– इस परिनियमावली में किसी बात के होते हुए भी–

(i) विश्वविद्यालय का कोई अध्यापक जो संसद या राज्य विधान मण्डल के सदस्य हो, अपनी सदस्यता की अवधि पर्यन्त विश्वविद्यालय में कोई प्रशासनिक या पारिश्रमिक पद धारण नहीं करेगा;

(ii) यदि विश्वविद्यालय का कोई अध्यापक संसद या राज्य विधान मण्डल के सदस्य के रुप में अपने निर्वाचन या नाम–निर्देशन के दिनांक के पूर्व से विश्वविद्यालय में कोई प्रशासनिक या पारिश्रमिक पद धारण किये हो, तो वह ऐसे निर्वाचन या नाम–निर्देशन के दिनांक से या इस प्रारम्भ होने के दिनांक से जो भी पश्चात्वर्ती हो, उस पद पर नहीं रह जायेगा;

(iii) विश्वविद्यालय के ऐसे अध्यापक से, जो संसद या राज्य विधान मण्डल के लिए निर्वाचित या नाम–निर्दिष्ट किया जाय अपनी सदस्यता की अवधि में या परिनियम 15.10 द्वारा जैसा उपबंधित है उसके सिवाय, किसी सदन या उसकी समिति के अधिवेशन में उपस्थित होने के लिए विश्वविद्यालय से त्याग–पत्र देने या छुट्टी लेने की उपेक्षा नहीं की जायेगी।

स्पष्टीकरण–इस परिनियम के प्रयोजनार्थ विश्वविद्यालय के किसी प्राधिकारी या निकाय की सदस्यता या किसी संकाय के संकायाध्यक्ष का पद या किसी महाविद्यालय के प्राचार्य का पद कोई प्रशासनिक या पारिश्रमिक पद नहीं समझा जायेगा।

15.10– कार्य परिषद् दिवसों की न्यूनतम संख्या नियत करेगी जब कि ऐसा अध्यापक अपने शैक्षिक कर्त्तव्यों के लिये विश्वविद्यालय में उपलब्ध होगा :

परन्तु जहां विश्वद्यिालय का कोई अध्यापक संसद या राज्य विधान मण्डल के सत्र के कारण इस प्रकार उपलब्ध न हो, वहां उसे छुट्टी पर समझा जायेगा जो उसे देय हो और यदि कोई छुट्टी देय न हो तो उसे बिना वेतन के छुट्टी पर समझा जायेगा।

भाग 2
विश्वविद्यालय के अध्यापकों के लिये छुट्टी संबंधी नियम

15.11– छुट्टी निम्नलिखित प्रकार की होगी :–

(क) आकस्मिक छुट्टी;

(ख) विशेषाधिकार की छुट्टी;

(ग) बीमारी की छुट्टी;

(घ) कर्त्तव्यस्थ (ड्यूटी) छुट्टी;

(ङ) दीर्घकालीन छुट्टी;

(च) असाधारण छुट्टी;

(छ) प्रसूति छुट्टी

(ज) पितृत्व छुट्टी

15.12– आकस्मिक छुट्टी पूर्ण वेतन पर दी जायेगी जो एक मास में सात दिन अथवा एक सत्र में चौदह दिन से अधिक न होगी और यह संचित नहीं होगी। यह साधारणतया अवकाश के दिन के साथ मिलाई नहीं जा सकेगी, किन्तु विशेष परिस्थितियों में कुलपति उन कारणों से जो अभिलिखित किये जायेंगे, इस शर्त को अधित्यजित कर सकता है।

15.13– एक सत्र में दस कार्य–दिवस तक की विशेषाधिकार की छुट्टी पूर्ण वेतन पर होगी, और वह 60 कार्य–दिवस तक संचित की जा सकती है।

15.14– बीमारी की छुट्टी,वेतन की चालू दर और यदि छुट्टी के समय के लिये कोई प्रबन्ध किया जाय तो उसके कुल व्यय के अन्तर पर, किन्तु कम से कम आधे वेतन पर, एक सत्र में एक मास के लिये दी जायेगी और संचित नहीं होगी।

15.15– विश्वविद्यालय के ऐसे निकायों, तदर्थ समितियों तथा सम्मेलनों के, जिसमें कोई अध्यापक पदेन सदस्य हों, अथवा जिसमें वह विश्वविद्यालय द्वारा नाम निर्दिष्ट किया गया हो, किसी अधिवेशन में सम्मिलित होने तथा विश्वविद्यालय की परिक्षायें संचालित करने के लिये 15 कार्यदिवस तक की कर्त्तव्यस्थ (ड्यूटी) छुट्टी पूर्ण वेतन पर दी जायेगी।

15.16– किसी एक सत्र में एक मास के लिये दीर्घकालीन छुट्टी, जो आधे वेतन पर होगी और जो बारह मास तक संचित की जा सकती है, उन कारणों से, यथा लम्बी बीमारी, आवश्यक कार्य, अनुमोदित अध्ययन अथवा निवृत्ति पूर्वता के लिए दी सकती है :

परन्तु ऐसी छुट्टी लम्बी बीमारी को छोडकर, केवल पांच वर्ष की लगातार सेवा के पश्चात् दी जा सकती है।

परन्तु यह भी कि लम्बी बीमारी की दशा में छुट्टी कार्य–परिषद् के विवेकानुसार छः मास से अनधिक अवधि के लिये पूर्ण वेतन पर दी जा सकती है।

परन्तु यह भी कि ऐसे अध्यापकों को जिनका चयन विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा "अध्यापक अधिछात्रवृत्ति" के लिये या आयोग द्वारा प्रायोजित किसी अन्य योजना के अधीन विदेश में प्रशिक्षण या अध्ययन के लिए किया गया हो, ऐसे निबन्धनों और शर्तो पर जिन्हें राज्य सरकार द्वारा विनिर्दिष्ट किया जाय, ऐसी अधिछात्रवृति, प्रशिक्षण या अध्ययन की अवधि के लिए पूर्ण वेतन पर छुट्टी दी सकती है।

15.17– असाधारण छुट्टी बिना वेतन के होगी यह प्रारम्भ में ऐसे कारणों से जिन्हें कार्य–परिषद् उचित समझे, तीन वर्ष से अनाधिक अवधि के लिये दी सकती है, किन्तु परिनियम 15.09 में उल्लिखित परिस्थितियों को छोड़कर, या विशेष परिस्थितियों में दो वर्ष से अनाधिक अवधि के लिये बढ़ायी जा सकती है।

स्पष्टीकरण (1)– कोई अध्यापक जो कोई स्थायी पद धृत करता हो या जो किसी निम्न पद पर स्थायी होने पर तीन वर्ष से अधिक अवधि से किसी उच्च पद पर स्थानापत्र रुप से कार्य कर रहा हो, राज्य सरकार की सहमति के अधीन रहते हुये, उच्च वैज्ञानिक और तकनीकी अध्ययन के लिए स्वीकृत की गई असाधारण छुट्टी की अवधि की गणना समय–मान में अपनी वेतन वृद्धि में किये जाने का हकदार होगा, धारा 35(1)

स्पष्टीकरण (2)– राज्य सरकार की सहमति के अधीन रहते हुए, कोई अध्यापक जो अस्थायी पद धृत करता हो और जिसे ऐसी छुट्टी स्वीकृत की गई हो, ऐसी छुट्टी से वापस आने पर, फाइनेंशियल हैण्डबुक, भाग 2 से 4 के फण्डामेंटल नियम 27 के अनुसार अपना वेतन समय–मान में ऐसे प्रक्रम पर निर्धारित कराने का हकदार होगा जो उसे उस समय मिलता यदि वह ऐसी छुट्टी पर न गया होता परन्तु यह कि वह अध्ययन जिसके लिये छुट्टी स्वीकृत की गई थी, लोकहित में रहा हो।

15.18– अध्यापिकाओं को ऐसी अवधि के लिये प्रसूति छुट्टी जो प्रसूति के प्रारम्भ होने के दिनांक से छः मास तक अथवा प्रसवावस्था के दिनांक से छः सप्ताह तक जो भी पहले हो, पूर्ण वेतन पर दी जा सकती है:

परन्तु ऐसी छुट्टी अध्यापिका की सम्पूर्ण सेवा–अवधि में दो जीवित बच्चो की सीमा तक तीन बार से अधिक नहीं दी जायेगी।

15.19– छुट्टी अधिकार स्वरुप नहीं मांगी जा सकती है। परिस्थिति की आवश्यकता को देखते हुये स्वीकृति प्राधिकारी किसी प्रकार की छुट्टी स्वीकृत करने से इन्कार कर सकता है और पहले स्वीकृत करने से इन्कार कर सकता है और पहले स्वीकृत की गई छुट्टी को भी रद्द कर सकता है।

15.20– किसी रजिस्ट्रीकृत चिकित्सक का चिकित्सा प्रमाण पत्र प्रस्तुत करने पर बीमारी की छुट्टी अथवा लम्बी बीमारी के कारण दीर्घकालीन छुट्टी स्वीकृत की जा सकती है। यदि ऐसी छुट्टी 14 दिन से अधिक हो तो कुलपति किसी ऐसे रजिस्ट्रीकृत चिकित्सक को जो उनके द्वारा अनुमोदित हो, द्वितीय प्रमाण पत्र मॉगने के लिए सक्षम होगा।

15.21– दीर्घकालीन छुट्टी तथा असाधारण छुट्टी को छोड़कर जो कार्य–परिषद् द्वारा स्वीकृत की जायेगी, छुट्टी स्वीकृति करने के लिये सक्षम प्राधिकारी कुलपति होगा।

15.22– पितृत्व अवकाश अधिकतम 15 दिन की अवधि हेतु सम्पूर्ण सेवाकाल में 02 बार देय होगा।

भाग 3

अधिवर्षता की आयु

15.23— अधिवर्षिता की आयु के सम्बन्ध में उत्तराखण्ड शासन के समय–समय पर यथा संशोधित शासनादेश लागू होगें।

भाग 4

अन्य उपबन्ध

15.24— इस परिनियमावली के प्रारम्भ होने के पूर्व किसी अध्यापक और विश्वविद्यालय के बीच की गई कोई नियुक्ति संविदा इस अध्याय में दिये गये परिनियमों के उपबन्धों के अधीन होगी, और इस अध्याय के उपबन्धों के अनुसार तथा **परिशिष्ट 'ग'** के साथ पठित **परिशिष्ट 'घ'** में दिये गये प्रपत्र की शर्तो के अनुसार समझी जायेगी।

15.25— परिनियम 15.04(1) के खण्ड (ख),खण्ड (ग), खण्ड (घ),या खण्ड (ङ) में उल्लिखित किसी कारण से सेवा से पदच्युत किया गया विश्वविद्यालय का कोई अध्यापक, किसी विश्वविद्यालय या ऐसे किसी विश्वविद्यालय से सम्बद्ध या सहयुक्त किसी महाविद्यालय में किसी भी रुप में फिर से नियोजित नहीं किया जायेगा।

15.26— (1) विश्वविद्यालय का प्रत्येक अध्यापक **परिशिष्ट 'ङ'** के प्रपत्र 3 में अपनी वार्षिक शैक्षिक प्रगति रिपोर्ट दो प्रति में तैयार करेगा। मूल रिपोर्ट कुलपति के पास रखी जायेगी और उसकी प्रति अध्यापक अपने पास रखेगा।

(2) मूल रिपोर्ट पर उसे कुलपति को देने के पूर्व, विभागाध्यक्ष से भिन्न अध्यापक की दशा में सम्बद्ध विभागाध्यक्ष द्वारा प्रतिहस्ताक्षर किया जायेगा।

(3) किसी शिक्षा सत्र के सम्बद्ध में रिपोर्ट उक्त सत्र के अनुवर्ती जुलाई के अन्त तक, या सत्र समाप्त होने के एक मास के भीतर, जो भी पश्चात्वर्ती हो, दी जायेगी।

15.27— विश्वविद्यालय का प्रत्येक अध्यापक विश्वविद्यालय द्वारा संचालित परीक्षाओं के सम्बंध में विश्वविद्यालय के अधिकारियों और प्राधिकारियों के निर्देशों का अनुपालन करने के लिये बाध्य होगा।

15.28— जहां अधिनियम या इस परिनियमावली या अध्यादेशों के उपबन्धों के अधीन किसी अध्यापक पर कोई नोटिस तामील करना अपेक्षित हो और ऐसा अध्यापक नगर में न हो, यहां ऐसी नोटिस उसे उसके अन्तिम ज्ञात पते पर रजिस्ट्री डाक से भेजी सकती है।

अध्याय 16

भाग–1

सम्बद्ध महाविद्यालयों के अध्यापकों की सेवा की शर्तें

16.01— इस अध्याय के उपबन्ध राज्य सरकार या स्थानीय प्राधिकारी द्वारा अनन्यरुप से पोषित किसी महाविद्यालय के अध्यापकों पर लागू नहीं होंगे।

16.02— किसी अध्यापक को दस मास से अनाधिक अवधि के लिये छुट्टी दिये जाने के कारण हुई किसी रिक्ति में सम्बद्ध महाविद्यालय के अध्यापक **परिशिष्ट "घ"** में दिये गये यथास्थिति प्रपत्र (1)या (2)में लिखित संविदा पर नियुक्त किये जायेंगे।

16.03— **(1)** सम्बद्ध महाविद्यालय का अध्यापक सर्वदा सत्यनिष्ठ एंव कर्तव्यनिष्ठ रहेगा और परिशिष्ट 'ग' में दी गयी आचार संहिता का पालन करेगा जो नियुक्ति के समय अध्यापक द्वारा हस्ताक्षर किये जाने वाले करार का एक भाग होगा

(2) परिशिष्ट 'ग' में दी गयी आचार संहिता के किसी उपबन्ध का उल्लंघन परिनियम 16.04(1) के अर्थान्तर्गत दुराचरण समझा जायेगा।

16.04— **(1)** सम्बद्ध महाविद्यालय का कोई अध्यापक (प्राचार्य को छोड़कर) निम्नलिखित कारणों में से किसी एक या उससे अधिक कारण से पदच्युत किया या हटाया जा सकता है या उसकी सेवायें समाप्त की जा सकती हैं :— **धारा 35(1)(छ)**

(क) कर्तव्य की जानबूझ कर उपेक्षा;

(ख) दुराचरण जिसके अन्तर्गत प्राचार्य के आदेशों की अवज्ञा भी है;

(ग) संविदा की किसी शर्त का उल्लंघन;

(घ) विश्वविद्यालय या महाविद्यालय की परीक्षाओं के सम्बन्ध में बेईमानी;

(ङ) लोकापवादयुक्त आचरण अथवा नैतिक दृष्टि से अधम अपराध के लिये सिद्धदोष होना;

(च) शारीरिक या मानसिक अनुपयुक्तता;

(छ) अक्षमता; तथा

(ज) कुलपति के पूर्वानुमोदन से पद का समाप्त किया जाना।

(2) किसी सम्बद्ध महाविद्यालय का प्राचार्य खण्ड (1) में उल्लिखित कारणों से या महाविद्यालय के निरन्तर कुप्रबन्धक के कारण पद्च्युत किया या हटाया जा सकता है या उसकी सेवायें समाप्त की जा सकती हैं।

(3) सिवाय खण्ड (4) में की गयी व्यवस्था के, सेवा संविदा समाप्त करने के लिये किसी भी पक्ष द्वारा कम से कम तीन मास की नोटिस (या जब नोटिस अक्टूबर मास के पश्चात् दी जाय, तब तीन मास की नोटिस या सत्र समाप्त होने तक की नोटिस, जो भी अधिक हो) दी जायेगी, या ऐसी नोटिस के बदले में यथास्थिति तीन मास (या उपर्युक्त दीर्घावधि) का वेतन दिया या वापस किया जायेगा :

परन्तु प्रबन्धतंत्र खण्ड (1) या खण्ड (2) के अधीन किसी अध्यापक को पदच्युत करे अथवा हटाये या उसकी सेवायें समाप्त करे या जब कोई अध्यापक प्रबन्धतंत्र द्वारा संविदा की शर्तों में से किसी का उल्लंघन किये जाने के कारण उसे समाप्त करे, तो ऐसी नोटिस की आवश्यकता नहीं होगी :

परन्तु यह भी कि पक्षकार आपसी समझौते द्वारा पूर्ण या आंशिक रूप से नोटिस की शर्त को अधित्यजित करने के लिये स्वतंत्र होंगे।

(4) अस्थायी या स्थानापन्न रूप में नियुक्त किसी अन्य अध्यापक की स्थिति में, उसकी सेवायें किसी भी पक्ष द्वारा एक मास की नोटिस या उसके बदले में वेतन देकर समाप्त की जा सकेगी।

16.05— किसी प्राचार्य या अन्य अध्यापकों की नियुक्ति की मूल संविदा नियुक्ति के दिनांक के तीन मास के भीतर रजिस्ट्रीकरण के लिये विश्वविद्यालय के पास जमा की जायेगी।

16.06— (1) परिनियम 16.04 के खण्ड (1) या खण्ड (2) में उल्लिखित किसी कारण से किसी अध्यापक को पदच्युत करने, हटाने या उसकी सेवायें समाप्त करने का कोई आदेश (सिवाय नैतिक दृष्टि से अधम अपराध के लिये सिद्ध–दोष होने या पद के समाप्त किये जाने की दशा में) तब तक नहीं दिया जायेगा जब तक कि अध्यापक के विरूद्ध आरोप लगा न दिया जाय और जिस आधार पर कार्यवाही करने का प्रस्ताव है उसका विवरण उस अध्यापक को न दे दिया जाय, और उसे

(i) अपने प्रतिवाद के लिये लिखित बयान प्रस्तुत करने का,

(ii) व्यक्तिगत सुनवाई का, यदि वह ऐसा चाहे, और

(iii) अपने प्रतिवाद में ऐसे साक्षियों को बुलाने और परीक्षण करने के लिये, जिन्हें वह चाहे, पर्याप्त अवसर न दे दिया जायः

परन्तु प्रबन्धतंत्र या उसके द्वारा जांच करने के लिये प्राधिकृत अधिकारी अभिलिखित किये जाने वाले पर्याप्त कारणों से किसी साक्षी को बुलाने से इन्कार कर सकता है।

धारा 35(1)

(2) प्रबन्धतंत्र किसी समय, साधारणतया जांच अधिकारी की रिपोर्ट के दिनांक से दो मास के भीतर, सम्बद्ध अध्यापक को सेवा से पदच्युत करने या हटाने सा उसकी सेवायें समाप्त करने का संकल्प पारित कर सकता है जिसमें पदच्युत करने, हटाने या सेवा समाप्त करने का कारण उल्लिखित होगा।

(3) संकल्प की सूचना सम्बद्ध अध्यापक को तुरन्त दी जायेगी और अनुमोदन के लिये कुलपति को उसकी रिपोर्ट की जायेगी और वह तब तक प्रवर्तनीय न होगी जब तक कि कुलपति उसका अनुमोदन न कर दे।

(4) प्रबन्धतंत्र अध्यापक को सेवा से पदच्युत करने, हटाने या उसकी सेवायें समाप्त करने के बजाय निम्नलिखित एक या एकाधिक अपेक्षाकृत हल्का दण्ड देने का संकल्प पारित कर सकता है अर्थात् –

(1) विनिर्दिष्ट अवधि के लिये वेतन कम करना,

(2) तीन वर्ष से अनाधिक विनिर्दिष्ट अवधि के लिये वार्षिक वृद्धि रोकना, तथा

(3) उसको निलम्बन की अवधि में, यदि कोई हो, वेतन से, जिसके अन्तर्गत निर्वाह भत्ता नहीं है, वंचित करना।

प्रबन्धतंत्र द्वारा ऐसा दण्ड देने के संकल्प की सूचना कुलपति को दी जायेगी और वह तभी प्रवर्तनीय होगा जब और जिस सीमा तक कुलपति द्वारा अनुमोदित किया जाय।

16.07— यदि किसी अध्यापक के विरूद्ध कोई जांच विचाराधीन हो या करने का विचार हो तो प्रबन्धतंत्र उसको परिनियम 16.04 के खण्ड (1) के उपखण्ड (क) से (ङ) तक में उल्लिखित आधार पर निलम्बित करने के लिये शक्ति सम्पन्न होगा। किसी आपातस्थिति में, (प्राचार्य से भिन्न किसी अध्यापक की स्थिति में) इस शक्ति का प्रयोग प्रबन्धतंत्र के अनुमोदन की प्रत्याशा में प्राचार्य द्वारा किया जायेगा। प्राचार्य ऐसे मामले की सूचना प्रबन्धतंत्र को शीघ्र देगा। यदि इस आधार पर निलम्बन का आदेश दिया जाय कि अध्यापक के विरूद्ध जांच प्रारम्भ करने का विचार है तो निलम्बन आदेश जारी किये जाने के पश्चात् चार सप्ताह की समाप्ति पर भंग हो जायेगा जब तक कि इस बीच अध्यापक को उन आरोपों की संसूचना न दे दी जाय जिनके बारे में जांच कराये जाने का विचार था।

16.08— परिनियम 16.06 के खण्ड (2) और परिनियम 16.07 के प्रयोजनार्थ अधिकतम अवधि की गणना करने में ऐसी कोई अवधि जिसमें किसी न्यायालय का स्थगन आदेश कायम हो सम्मिलित नहीं की जायेगी।

16.09— सम्बद्ध महाविद्यालय का कोई अध्यापक किसी कलेण्डर वर्ष में किसी परीक्षा के सम्बद्ध में सम्पादित किसी कर्तव्य के लिये उस कलेण्डर वर्ष में पच्चीस हजार रूपये से अधिक कोई पारिश्रमिक नहीं लेगा।

16.10– इस परिनियमावली में किसी बात के होते हुये भी–

(i) किसी सम्बद्ध महाविद्यालय का कोई अध्यापक जो संसद या राज्य विधान मण्डल का सदस्य हो, अपनी सदस्यता की अवधि पर्यन्त महाविद्यालय में या विश्वविद्यालय में कोई प्रशासनिक या पारिश्रमिक पद धारण नहीं करेगा।

(ii) यदि सम्बद्ध महाविद्यालय का कोई अध्यापक संसद या राज्य विधान मण्डल के सदस्य के रूप में अपने निर्वाचित या नाम–निर्देशन के दिनांक के पूर्व से महाविद्यालय में या विश्वविद्यालय में, कोई प्रशासनिक या पारिश्रमिक पद धारण किये हो तो वह ऐसे निर्वाचन या नाम–निर्देशन के दिनांक से या इस परिनियमावली के आरम्भ होने के दिनांक से, जो भी पश्चात्वर्ती हो, उस पद पर नहीं रह जायेगा;

(iii) सम्बद्ध महाविद्यालय के ऐसे अध्यापक से जो संसद या राज्य विधान मण्डल के लिये निर्वाचन या नाम–निर्दिष्ट किया जाय, अपनी सदस्यता की अवधि में या, परिनियम 16.11 द्वारा उपबन्धित के सिवाय, किसी सदन या उसकी समिति के अधिवेशन में उपस्थित होने के लिये महाविद्यालय से त्याग–पत्र देने या छुट्टी लेने की अपेक्षा नहीं की जायेगी।

स्पष्टीकरण–इस परिनियम के प्रयोजनार्थ विश्वविद्यालय के किसी प्राधिकारी या निकाय की सदस्यता या किसी संकाय के संकायाध्यक्ष का पद या किसी महाविद्यालय के प्राचार्य का पद कोई प्रशासनिक या पारिश्रमिक पद नहीं समझा जायेगा।

16.11– किसी सम्बद्ध महाविद्यालय का प्रबन्धतंत्र, कुलपति के पूर्वानुमोदन से उतने न्यूनतम दिन नियत करेगा जितने दिन ऐसा अध्यापक अपने शैक्षिक कर्तव्यों के लिये महाविद्यालय में उपलब्ध होगा :

परन्तु जहां महाविद्यालय का कोई अध्यापक संसद या राज्य विधान मण्डल के सत्र के कारण इस प्रकार उपलब्ध न हो, वहां उसे ऐसी छुट्टी पर समझा जाये जो उसे देय हो, और यदि कोई छुट्टी देय न हो तो उसे बिना वेतन के छुट्टी पर समझा जायेगा।

भाग–2

सम्बद्ध महाविद्यालयों के अध्यापकों के लिये छुट्टी सम्बन्धी नियम

16.12– विश्वविद्यालयों के अध्यापकों के लिये छुट्टी सम्बन्धी नियम से सम्बद्ध परिनियम 15.11 से 15.21 के उपबन्ध सम्बद्ध महाविद्यालय के अध्यापकों के सम्बन्ध में इस प्रकार लागू होंगे मानों क्रमशः शब्द "कार्य परिषद् और "कुलपति" के स्थान पर शब्द "प्रबन्धतंत्र" और "प्राचार्य" रखे गये हों।

भाग–3

सम्बद्ध महाविद्यालयों के अध्यापकों की अधिवर्षिता की आयु

16.13– इस भाग में, पद ''नये वेतनमान'' का तात्पर्य समय–समय पर यथा संशोधित सम्बन्धित उत्तराखण्ड शासन के शासनादेश से है।

16.14— (1) नये वेतनमान द्वारा नियंत्रित विश्वविद्यालय के किसी अध्यापक को अधिवर्षिता की आयु पैंसठ वर्ष होगी।

(2) विश्वविद्यालय के किसी ऐसे अध्यापक की अधिवर्षिता की आयु, जो नये वेतनमान द्वारा नियंत्रित न हो, साठ वर्ष होगी।

(3) इस परिनियमावली के प्रारम्भ के दिनांक के पश्चात् किसी अध्यापक की सेवा में अधिवर्षिता की आयु के उपरान्त कोई वृद्धि नहीं की जायेगी।

भाग—4

अन्य उपबन्ध

16.15— इस परिनियमावली के प्रारम्भ होने के पूर्व सम्बद्ध महाविद्यालय के प्राचार्य या अन्य अध्यापक और प्रबन्धतंत्र के बीच की गई कोई नियुक्ति संविदा इस अध्याय में दिये गये परिनियमों के उपबन्धों के अधीन होगी, और इस अध्याय के उपबन्धों के अनुसार तथा परिशिष्ट 'घ' के साथ पठित परिशिष्ट 'ड.' में दिये गये यथास्थिति प्रपत्र (1) या (2) की शर्तों के अनुसार परिष्कृत समझी जायेगी।

16.16— परिनियम 16.04 (1) के खण्ड (ख), खण्ड (ग), खण्ड (घ) या खण्ड (ङ) में उल्लिखित किसी कारण से सेवा से पदच्युत किया गया सम्बद्ध महाविद्यालय का कोई अध्यापक किसी विश्वविद्यालय अथवा किसी विश्वविद्यालय से सम्बद्ध या सहयुक्त किसी महाविद्यालय में किसी भी रूप में फिर से नियोजित नहीं किया जायेगा।

16.17— परिनियम 15.06 के खण्ड (2) से (4), परिनियम 15.28 के उपबन्ध, आवश्यक परिवर्तनों सहित, किसी सम्बद्ध महाविद्यालय के प्रत्येक अध्यापक पर निम्नलिखित परिष्कार के साथ लागू होंगे, अर्थात्

(क) परिनियम 15.06 के खण्ड (2) से (4) में, शब्द "कुलपति" और "कार्य परिषद्", के स्थान पर क्रमशः शब्द "प्राचार्य" और 'प्रबन्धतंत्र' रख दिये जायेंगे।

(ख) परिनियम 15.28 में, शब्द "कुलपति" और "विभागाध्यक्ष" के स्थान पर शब्द "प्राचार्य" और "विभाग का ज्येष्ठतम प्राध्यापक" रख दिये जायेंगे।

अध्याय 17

भाग 1

विश्वविद्यालय के अध्यापकों की ज्येष्ठता

17.01— इस अध्याय के परिनियमों से इस परिनियमावली के प्रारम्भ होने के पूर्व से विश्वविद्यालय में नियोजित प्राध्यापकों की परस्पर ज्येष्ठता पर प्रभाव नहीं पडेंगा।

17.02— कुलसचिव का यह कर्तव्य होगा कि वह आगे आये हुये उपबन्धों के अनुसार विश्वविद्यालय के प्रत्येक श्रेणी के अध्यापकों के संबंध में एक पूर्ण और अद्यावधि ज्येष्ठता सूची तैयार करे और रखें।

17.03— संकायों के संकायाध्यक्षों में ज्येष्ठता का अवधारण उनके द्वारा संकाय के संकायाध्यक्ष के रूप में की गयी सेवा के कुल अवधि से किया जायेगा :

परन्तु जब दो या इससे अधिक संकायाध्यक्ष उक्त पद पर समान समयावधि तक रहे हों तो आयु में ज्येष्ठ संकायाध्यक्ष इस अध्याय के प्रयोजनार्थ ज्येष्ठ समझा जायेगा।

17.04– विभागाध्यक्षों में ज्येष्ठता का अवधारण उनके द्वारा विभागाध्यक्ष के रूप में की गयी सेवा की कुल अवधि से किया जायेगा।

परन्तु जब दो या इससे अधिक विभागाध्यक्ष उक्त पद पर समान समयावधि तक रहे हों तो आयु में ज्येष्ठ विभागाध्यक्ष इस अध्याय के प्रयोजनार्थ ज्येष्ठ समझा जायेगा। **धारा35(1)**

17.05– विश्वविद्यालय के अध्यापकों की ज्येष्ठता अवधारित करने में निम्नलिखित नियमों को पालन किया जायेगा।

(क) किसी प्रोफेसर को प्रत्येक सह प्रोफेसर से ज्येष्ठ समझा जायेगा और किसी सह प्रोफेसर को प्रत्येक सहायक प्रोफेसर से ज्येष्ठ समझा जायेगा।

(ख) एक ही संवर्ग में वैयक्तिक पदोन्नति या सीधी भर्ती द्वारा नियुक्ति अध्यापकों की पारम्परिक ज्येष्ठता ऐसे संवर्ग में निरन्तर सेवा की अवधि के अनुसार अवधारित की जायेगी।

परन्तु जहां सीधी भर्ती द्वारा एक से अधिक नियुक्तियां एक ही समय में की गयी हों और यथास्थिति, चयन समिति या कार्य परिषद् द्वारा अधिमानता या योग्यता का क्रम इंगित किया हो, वहां इस प्रकार नियुक्त व्यक्तियों को पारम्परिक ज्येष्ठता इस प्रकार इंगित क्रम द्वारा नियंत्रित होगी : **धारा35(1)**

परन्तु यह और कि जहां एक से अधिक नियुक्तियां एक ही बार में की गयी हों, वहां इस प्रकार नियुक्त अध्यापकों की पारम्परिक ज्येष्ठता वही होगी जो पदोन्नति के समय उनके द्वारा धृत पद पर थी।

(ग) जब किसी विश्वविद्यालय या किसी महाविद्यालय या किसी संस्थान में चाहे वह उत्तराखण्ड राज्य में या उत्तराखण्ड के बाहर स्थित हो, मौलिक पद धारण करने वाला कोई अध्यापक विश्वविद्यालय में तत्स्थानी पंक्ति या श्रेणी के पद पर नियुक्त किया जाय, तब उस अध्यापक द्वारा ऐसे विश्वविद्यालय में उस श्रेणी या पंक्ति में की गयी सेवा अवधि को उसके सेवा–काल में सम्मिलित किया जायेगा।

(घ) जब किसी विश्वविद्यालय से सम्बद्ध या सहयुक्त किसी महाविद्यालय में मौलिक पद धारण करने वाला कोई अध्यापक चाहे इस परिनियमावली के प्रारम्भ होने के पूर्व या उसके पश्चात्, विश्वविद्यालय में प्राध्यापक नियुक्त किया जाय तब उस अध्यापक की ऐसे महाविद्यालयों में मौलिक रूप में की गयी सेवा–अवधि की आधी अवधि को उसकी सेवा–अवधि में सम्मिलित किया जायेगा। **धारा 35(1)**

(ङ) किसी विश्वविद्यालय या संस्थान में प्रशासकीय पद के प्रति की गयी सेवा की गणना ज्येष्ठता के प्रयोजनार्थ नहीं की जायेगी।

17.06– जहां एक ही संवर्ग के एक से अधिक अध्यापक समान अवधि की अनवरत सेवा की गणना किये जाने के हकदार हों वहां ऐसे अध्यापकों की आपेक्ष ज्येष्ठता निम्नलिखित प्रकार से अवधारित की जायेगी

(i) प्रोफेसरों की स्थिति में, सह प्रोफेसर के रूप में की गई मौलिक सेवा की अवधि पर विचार किया जायेगा;

(ii) सह प्रोफेसर की स्थिति में, सहायक प्रोफेसर के रूप में की गयी मौलिक सेवा की अवधि पर विचार किया जायेगा;

(iii) उन प्रोफेसरों की स्थिति में जिनकी सह प्रोफेसर के रूप में भी सेवा की अवधि उतनी ही हो, तो सहायक प्रोफेसर के रूप में उनकी सेवा की अवधि पर विचार किया जायेगा।

17.07– जहां एक से अधिक अध्यापक समान अवधि की सेवा की गणना किये जाने के हकदार हों और उनकी सापेक्ष ज्येष्ठता किन्हीं पूर्ववर्ती उपबन्धों के अनुसार अवधारित नहीं की जा सकती है, वहां ऐसे अध्यापकों की ज्येष्ठता वयोवृद्धता के आधार पर अवधारित की जायेगी।

17.08– (1) किसी अन्य परिनियम में किसी बात के होते हुये भी यदि कार्य परिषद्–

(क) चयन समिति की सिफारिश से सहमत हो, और एक ही विभाग में अध्यापकों के रूप में नियुक्ति के लिये दो या अधिक व्यक्तियों के नाम को अनुमोदित करे तो वह ऐसा अनुमोदन अभिलिखित करते समय, ऐसे अध्यापकों की योग्यता–क्रम अवधारित करेगी; धारा 35(1)

(ख) चयन समिति की सिफारिशों से सहमत न हो और धारा 45 के अधीन मामला कुलाधिपति को निर्दिष्ट करे तो कुलाधिपति उन मामलों में जहां एक ही विभाग में दो या अधिक अध्यापकों की नियुक्ति अन्तर्ग्रस्त हो ऐसे निर्देश का अवधारण करते समय ऐसे अध्यापकों की योग्यता–क्रम अवधारित करेंगे।

(2) ऐसे योग्यता–क्रम की जिसमें खण्ड (1) के अधीन दो या अधिक अध्यापक रखे जायें, सूचना सम्बद्ध अध्यापकों को उनकी नियुक्ति के पूर्व दी जायेगी।

17.09– (1) कुलपति समय–समय पर एक या अधिक ज्येष्ठता समिति गठित करेंगे। जिसमें/जिनमें अध्यक्ष के रूप में कुलपति और कुलाधिपति द्वारा नाम–निर्दिष्ट किये जाने वाले दो संकायाध्यक्ष होंगे :

परन्तु उस संकाय का, जिससे अध्यापकों का (जिनकी ज्येष्ठता विवादग्रस्त हो) सम्बन्ध हो, संकायाध्यक्ष सापेक्ष ज्येष्ठता समिति का सदस्य नहीं होगा।

(2) विश्वविद्यालय के किसी अध्यापक की ज्येष्ठता के बारे में प्रत्येक विवाद ज्येष्ठता समिति को निर्दिष्ट किया जायेगा जो विनिश्चय के कारण उल्लिखित करते हुए, उसे विनिश्चय करेगी।

(3) ज्येष्ठता समिति के विनिश्चय से व्यथित कोई अध्यापक ऐसा विनिश्चय संसूचित किये जाने के दिनांक से सात दिन के भीतर कार्य परिषद् को अपील कर सकता है। यदि कार्य परिषद् समिति से सहमत न हो तो वह ऐसी असहमति के कारण बतायेगी।

भाग 2

सम्बद्ध महाविद्यालयों के प्राचार्यों और अध्यापकों की ज्येष्ठता

17.10— सम्बद्ध महाविद्यालयों के प्राचार्यों और अध्यापकों की ज्येष्ठता अवधारित करने में निम्नलिखित नियमों का पालन किया जायेगा :—

(क) प्राचार्य महाविद्यालय के अन्य अध्यापकों से ज्येष्ठ समझा जायेगा।

(ख) स्नातकोत्तर महाविद्यालय का प्राचार्य उपाधि महाविद्यालय के प्राचार्य से ज्येष्ठ समझा जायेगा।

(ग) सम्बद्ध महाविद्यालयों के प्राचार्यों और अध्यापकों को ज्येष्ठता मौलिक रूप से नियुक्त किये जाने के दिनांक से अनवरत सेवा की अवधि के अनुसार अवधारित की जायेगी।

(घ) प्रत्येक हैसियत में (उदाहरणार्थ प्राचार्य या अध्यापक के रूप में की गयी सेवा की गणना मौलिक नियुक्ति के अनुसार कार्य–भार ग्रहण करने के दिनांक से की जायेगी।

(ङ) किसी अन्य विश्वविद्यालय या अन्य उपाधि या स्नातकोत्तर महाविद्यालय में, चाहे वह विश्वविद्यालय या विधि द्वारा स्थापित किसी अन्य विश्वविद्यालय से सम्बद्ध या सहयुक्त हो, मौलिक रूप में की गयी सेवा को उसकी सेवा की अवधि में सम्मिलित किया जायेगा।

17.11— जहां एक से अधिक अध्यापक समान अवधि की अनवरत सेवा की गणना किये जाने के हकदार हों, वहां ऐसे अध्यापकों की सापेक्ष ज्येष्ठता निम्नलिखित प्रकार से अवधारित की जायेगी :—

(i) प्राचार्यों की स्थिति में, सहायक प्रोफेसर के रूप में की गयी मौलिक सेवा की अवधि पर विचार किया जायेगा :—

(ii) सहायक प्रोफेसरों की स्थिति में, आयु की ज्येष्ठता पर विचार किया जायेगा।

17.12— जहां विश्वविद्यालय के प्राधिकारी में प्राचार्य के रूप में प्रतिनिधित्व करने या नियुक्ति के प्रयोजनार्थ, प्राचार्य के रूप में किसी व्यक्ति की ज्येष्ठता अवधारित की जानी हो, वहां केवल प्राचार्य के रूप में की गयी सेवा की अवधि पर ध्यान दिया जायेगा।

17.13— **(1)** जब दो या अधिक व्यक्ति एक ही विभाग में या एक ही विषय के लिए अध्यापक नियुक्त किये जायें तो उनका सापेक्ष उस अधिमानता या योग्यता–क्रम में, जिसमें चयन समिति द्वारा उनके नाम की सिफारिश की गयी थी, अवधारित की जायेगी।

(2) यदि दो या अधिक अध्यापकों की ज्येष्ठता खण्ड (1) के अधीन अवधारित की गयी हो तो उसकी सूचना अध्यापकों को उनको नियुक्ति के पूर्व दी जायेगी।

17.14— अध्यापकों (प्राचार्य से भिन्न) की ज्येष्ठता के सम्बन्ध में समस्त विवाद महाविद्यालय के प्राचार्य द्वारा विनिश्चित किये जायेंगे जो विनिश्चय के कारण उल्लिखित करेगा। प्राचार्य के विनिश्चय से व्यथित कोई अध्यापक ऐसा विनिश्चय संसूचित किये जाने के दिनांक से साठ दिन के भीतर कुलपति को अपील कर सकता है। यदि कुलपति–प्राचार्य से सहमत न हों तो वह ऐसी असहमति के कारण उल्लिखित करेंगे।

17.15— सम्बद्ध महाविद्यालयों के प्राचार्यों की ज्येष्ठता के सम्बन्ध में समस्त विवाद कुलपति द्वारा विनिश्चित किये जायेंगे जो विनिश्चय के कारण उल्लिखित करेंगे। कुलपति के विनिश्चय से व्यथित कोई प्राचार्य ऐसा विनिश्चय संसूचित किये जाने के दिनांक से साठ दिन के भीतर कार्य परिषद् को अपील कर सकता है। यदि कार्य परिषद् कुलपति से सहमत न हो तो वह ऐसी असहमति के कारण उल्लिखित करेगी।

17.16— परिनियम 17.01,17.02,17.05 और 17.08 के उपबन्ध, आवश्यक परिवर्तनों सहित सम्बद्ध महाविद्यालयों के अध्यापकों और प्राचार्यों पर उसी प्रकार लागू होंगे जिस प्रकार वे विश्वविद्यालय के अध्यापकों पर लागू होते हैं।

अध्याय 18

स्वायत्त महाविद्यालय

18.01— किसी सम्बद्ध महाविद्यालय का प्रबन्धतंत्र जो स्वायत्त महाविद्यालय के विशेषाधिकार प्राप्त करने का इच्छुक हो, निम्नलिखित बातों को स्पष्टतया विनिर्दिष्ट करते हुए कुलसचिव को आवेदन–पत्र देगा :–

(क) विश्वविद्यालय द्वारा विहित शिक्षा पाठक्रम में या उससे प्रस्तावित परिवर्तन जिसके अन्तर्गत ऐसे विषय में, जिसके लिये विश्वविद्यालय द्वारा व्यवस्था न की गयी हो, पाठक्रम प्रारम्भ करना तथा विश्वविद्यालय द्वारा विहित पाठक्रम के स्थान पर किसी अन्य पाठक्रम का प्रतिस्थापन भी है;

(ख) वह रीति जिसके अनुसार महाविद्यालय का इस प्रकार परिवर्तित पाठक्रमों में परीक्षायें लेने का प्रस्ताव है;

(ग) अपने वित्त तथा आस्तियों के ब्योरे, अपने अध्यापक वर्ग की संख्या तथा अर्हतायें, उच्च अनुसंधान कार्य के लिये उपलब्ध सुविधायें तथा किया गया उच्च अनुसंधान कार्य, यदि कोई हो।

18.02— परिनियम 18.01 के अधीन कोई भी आवेदन–पत्र तब तक ग्रहण नहीं किया जायेगा जब तक कि महाविद्यालय निम्नलिखित शर्तों को पूरा न करे–

(क) उसमें, कम से कम दो संकायों में स्नातकोत्तर स्तर तक कम से कम छः विषयों में शिक्षण देने के लिये सुस्थापित अध्यापन विभाग है; **धारा 35(1)**

(ख) उसमें पर्याप्त तथा उत्तम अर्हत्तासंपन्न अध्यापक वर्ग है या होने की संभावना है;

(ग) उसका प्राचार्य असाधारण योग्यता का अध्यापक अथवा विद्वान है तथा उसे प्रशासनिक अनुभव है;

(घ) उसके पास समस्त पाठन (ट्यूटोरियल) प्रयोजनों तथा पुस्तकालय, वाचनालय, प्रयोगशालाओं के निमित्त पर्याप्त तथा संतोषजनक भवन है और भविष्य में उनके प्रसार के लिये भूमि है;

(ङ) उसके पास एक अच्छा पुस्तकालय है और उसके नियमित विकास के लिये व्यवस्था है अथवा होने की संभावना है;

(च) उसके पास, उसमें पढाये जाने वाले विषयों के निमित्त, यदि आवश्यक हो सुसज्जित प्रयोगशालायें हैं और उसमें नवीन उपलब्धियों तथा उनके प्रतिस्थापनार्थ पर्याप्त व्यवस्था है अथवा होने की संभावना है;

(छ) महाविद्यालय को स्वायत्त महाविद्यालय की स्थिति प्राप्त करने में अन्तर्गत अतिरिक्त व्यय को पूरा करने के लिये प्रबन्धतंत्र के पास पर्याप्त संसाधन है।

18.03— परिनियम 18.01 के अधीन प्रत्येक आवेदन–पत्र के साथ विश्वविद्यालय को देय 20000/– रूपये (रुपये बीस हजार मात्र) की धनराशि का एक बैंक ड्राफ्ट होगा जिसे वापस नहीं किया जायेगा।

18.04— (1) परिनियम 18.01 के अधीन प्रत्येक आवेदन–पत्र संवीक्षार्थ प्रत्येक संकाय की सम्बद्ध स्थायी समिति को निर्दिष्ट किया जायेगा।

(2) प्रत्येक सम्बद्ध संकाय की स्थायी समिति में निम्नलिखित सदस्य होंगे :

(क) संकाय का संकायाध्यक्ष (संयोजक);

(ख) उत्तराखण्ड में विधि द्वारा स्थापित किन्हीं दो विश्वविद्यालयों से कार्य परिषद् द्वारा चयन किये गये तत्स्थानी प्रत्येक संकाय का एक प्रतिनिधि।

(3) यदि समिति की रिपोर्ट पक्ष में हो तो कार्य परिषद् महाविद्यालय का निरीक्षण करने तथा उसे स्वायत्त महाविद्यालय घोषित किये जाने की उपयुक्तता पर रिपोर्ट देने के लिये (छः सदस्यों से अनाधिक का) एक निरीक्षक बोर्ड नियुक्त करेगी।

(4) निरीक्षक–बार्ड में संयोजक के रूप में कुलपति, तथा सदस्यों के रूप में शिक्षा निदेशक (उच्च शिक्षा) और विषयों के ऐसे अन्य विशेषज्ञ होंगे जिन्हे कार्य परिषद् नियुक्त करना उचित समझे।

18.05— निरीक्षक–बोर्ड की रिपोर्ट पर सम्बद्ध संकाय के बोर्ड तथा शैक्षिक परिषद् द्वारा विचार किया जायेगा, और उसे इन निकायों के दृष्टिकोण सहित कार्य परिषद् के समक्ष रखा जायेगा।

18.06— (1) निरीक्षक–बोर्ड को सिफारिश और परिनियम 18.05 में निर्दिष्ट दो निकायों की रिपोर्ट पर विचार करने के पश्चात् यदि कार्य परिषद् की राय हो कि महाविद्यालय धारा 35(1) में उल्लिखित विशेषाधिकारों का हकदार है तो वह अपना प्रस्ताव कुलाधिपति को प्रस्तुत करेगी।

(2) खण्ड (1) के अधीन प्रस्ताव और अन्य सम्बद्ध पत्रादि प्राप्त होने पर और ऐसी जांच, जिसे कुलाधिपति आवश्यक समझे, करने के पश्चात् कुलाधिपति प्रस्ताव का अनुमोदन या अनानुमोदन कर सकते है:

परन्तु किसी ऐसे प्रस्ताव का अनुमोदन करने के पूर्व कुलाधिपति विश्वविद्यालय अनुदान आयोग अधिनियम 1956 के अधीन स्थापित विश्वविद्यालय अनुदान आयोग से परामर्श कर सकते हैं।

18.07— परिनियम 18.06 के अधीन कुलाधिपति द्वारा कार्य–परिषद् की सिफारिश का अनुमोदन कर लेने के पश्चात् कार्य–परिषद् महाविद्यालय को स्वायत्त महाविद्यालय घोषित करेगी और ऐसे विषयों को विनिर्दिष्ट करेगी जिनके सम्बन्ध में तथा जिस सीमा तक महाविद्यालय स्वायत्त महाविद्यालय के विशेषाधिकारों का प्रयोग कर सकता है। धारा 35(1)

18.08— (1) धारा 35 (1) के उपबन्धों के अधीन रहते हुये, स्वायत्त महाविद्यालय निम्नलिखित का हकदार होगा :–

(क) अपने विशेषाधिकारों के अन्तर्गत आने वाले विषयों का पाठक्रम तैयार करना;

(ख) ऐसे विषयों में आन्तरिक या वाह्य परीक्षकों के रूप में नियुक्त किये जाने के लिये अर्हता–सम्पन्न व्यक्तियों की नियुक्ति करना ;

(ग) परीक्षायें आयोजित करना और परीक्षा तथा अध्यापन कार्य की विधि में ऐसे परिवर्तन करना, जो उसकी राय में शिक्षा के स्तर को बनाये रखने में सहायक हों।

(2) सम्बद्ध संकाय–बोर्ड, शैक्षिक–परिषद् और परीक्षा समिति खण्ड (1) के अधीन स्वायत्त महाविद्यालय द्वारा की गयी कार्यवाही पर विचार कर सकती है और किसी परिवर्तन का, यदि आवश्यक हो, सुझाव दे सकती है।

18.09— (1) स्वायत्त महाविद्यालय का परीक्षाफल विश्वविद्यालय द्वारा घोषित तथा प्रकाशित किया जायेगा जो उस महाविद्यालय का नाम उल्लिखित करेगा जिसने घोषणा और प्रकाशन के लिए परीक्षा–फल प्रस्तुत किया हो।

(2) प्रत्येक स्वायत्त महाविद्यालय ऐसी रिपोर्ट, विवरणी और अन्य सूचना देगा जैसी कार्य परिषद् महाविद्यालय की दक्षता का अनुभव के लिये समय–समय पर अपेक्षा करे।

(3) विश्वविद्यालय स्वायत्त महाविद्यालय का सामान्य पर्यवेक्षण करता रहेगा और महाविद्यालय के ऐसे छात्रों को उपाधियां प्रदत्त करता रहेगा जो विश्वविद्यालय की किसी उपाधि के लिये कोई अर्हकारी परीक्षा उत्तीर्ण करे।

18.10— कार्य परिषद् किसी भी समय निरीक्षक–बोर्ड द्वारा किसी स्वायत्त महाविद्यालय का निरीक्षण करा सकती है, और यदि निरीक्षण की रिपोर्ट का अवलोकन करने के पश्चात् उसकी यह राय हो कि महाविद्यालय अपेक्षित स्तर को बनाये रखने में या अपेक्षित संसाधनों से सम्पन्न होने में असफल रहा है या यह कि शिक्षा के हित में परिनियम 18.07 द्वारा प्रदत्त विशेषाधिकारों को वापस लेना आवश्यक है तो कार्य–परिषद् कुलाधिपति के पूर्वानुमोदन से, ऐसे विशेषाधिकारों को वापस ले सकती है और तदुपरान्त सम्बन्धित महाविद्यालय की स्थिति में प्रतिवर्तित हो जायेगा।

18.11— (1) अपने कार्य के समुचित नियोजन तथा संचालन के लिये प्रत्येक स्वायत्त महाविद्यालय की एक शैक्षिक–परिषद् और प्रत्येक संकाय में समाविष्ट विषयों के संबंध में एक संकाय बोर्ड होगा।

(2) शैक्षिक परिषद् में समस्त विभागाध्यक्ष, पदेन और स्नातकोत्तर उपाधि के लिए पढाये जाने वाले प्रत्येक विषय के दो अन्य अध्यापक तथा प्रथम उपाधि के लिये पढाये जाने वाले प्रत्येक विषय के एक अध्यापक होंगे, जिसका अध्यक्ष प्राचार्य होगा। अध्यापक एक बार में तीन वर्ष की अवधि के लिये ज्येष्ठता–क्रम में, चक्रानुक्रम से, परिषद् के सदस्य होंगे, परन्तु चार वर्ष से कम की अवस्थिति का कोई भी अध्यापक सदस्य न होगा।

(3) शैक्षिक–परिषद् तिमाही अधिवेशनों में महाविद्यालय के शैक्षिक कार्य का पुनर्विलोकन करेगी और पाठ्यक्रम, परीक्षा आदि के सम्बन्ध में महाविद्यालय द्वारा किये गये समस्त प्रस्ताव उक्त परिषद् के माध्यम से भेजे जायेंगे।

(4) संकाय बोर्ड में, संकाय में समाविष्ट विषयों के ऐसे सभी अध्यापक होंगे जिनकी उपाधि कक्षाओं के अध्यापक के रूप में तीन वर्ष की अवस्थिति हो। शैक्षिक मामलों पर विचार करने के लिये संकाय बोर्ड का अधिवेशन नियमित अन्तरालों पर (यदि संभव हो, मास में एक बार) होगा और प्राचार्य को सलाह देगा। इन संकाय के बोर्डों में पाठक्रम, परीक्षा आदि से सम्बन्धित प्रस्ताव या तो व्युत्पन्न होंगे अथवा उन पर विचार किया जायेगा।

18.12— इस अध्याय के उपबन्धों के अधीन रहते हुए, किसी स्वायत्त महाविद्यालय से सम्बन्धित शिक्षा पाठ्यक्रम तथा अन्य शर्तें ऐसी होंगी जैसी कि अध्यादेशों में निर्धारित की जायें।

अध्याय 19

भाग 1

सम्बद्ध महाविद्यालयों के शिक्षणेत्तर कर्मचारियों की अर्हतायें व सेवा संबंधी शर्तें

19.01— जब तक संदर्भ में अन्यथा अपेक्षित न हो, इस अध्याय में–

(1) चतुर्थ वर्ग का पद तात्पर्य नैत्यिक लिपिक के वेतनमान से कम वेतनमान के पद से है और चतुर्थ वर्ग के कर्मचारी तथा चतुर्थ वर्ग के कर्मचारीवर्ग का तद्नुसार अर्थ लगाया जायेगा।

(2) महाविद्यालय का तात्पर्य अधिनियम या विश्वविद्यालय के उपबन्धों के अनुसार विश्वविद्यालय से सम्बद्ध महाविद्यालय से है, किन्तु इसमें राज्य सरकार या किसी स्थानीय प्राधिकारी द्वारा पोषित महाविद्यालय सम्मिलित नहीं है।

(3) कर्मचारी का तात्पर्य किसी महाविद्यालय के वेतन भोगी कर्मचारी (जो अध्यापक न हो) से है और इसके व्याकर्णिक रूपभेद तथा सजातीय पदों का तद्नुसार अर्थ लगाया जायेगा।

(4) संघ की सशस्त्र सेना का तात्पर्य संघ की नौसेना, सेना या वायु सेना से है और इसके अन्तर्गत भूतपूर्व भारतीय राज्यों का सशस्त्र सेना भी हैं।

(5) अंगहीन भूतपूर्व सैनिक का तात्पर्य उस भूतपूर्व सैनिक से है जो संघ की सशस्त्र सेना में सेवा करते हुए शत्रु के विरूद्ध कार्यवाही के दौरान या उपद्रवग्रस्त क्षेत्रों में अंगहीन हुआ हो।

(6) भूतपूर्व सैनिक का तात्पर्य उस व्यक्ति से है जिसने संघ की सशस्त्र सेना में किसी कोटि में (चाहे योधक के रूप में या अनायोधक के रूप में) कम से कम छः मास की अवधि के लिए लगातार सेवा की हो और जिसे –

(i) दुराचरण या अदक्षता के कारण पदच्युत या सेवामुक्त किये जाने से भिन्न रूप में निर्मुक्त किया गया हो या निर्मुक्त होने तक रिजर्व में स्थानान्तरित किया हो ; या

(ii) इस प्रकार निर्मुक्त किये जाने या रिजर्व स्थानान्तरित किये जाने का हकदार होने के लिये अपेक्षित सेवा की अवधि पूरी करने के लिये छः मास से अनाधिक सेवा करनी है।

19.02– (1) इस परिनियमावली के उपबन्धों के अधीन रहते हुए, तृतीय वर्ग के कर्मचारियों के पदों पर नियुक्ति महाविद्यालय के प्रबन्धतंत्र द्वारा की जायेगी और चतुर्थ वर्ग के कर्मचारियों के पदों पर नियुक्ति प्राचार्य द्वारा की जायेगी।

(2) खण्ड (1) में निर्दिष्ट नियुक्त प्राधिकारी को उस वर्ग के कर्मचारियों के विरूद्ध जिसका वह नियुक्ति प्राधिकारी है, अनुशासनिक कार्यवाही करने और दण्ड देने की शक्ति होगी।

(3) खण्ड (2) में निर्दिष्ट नियुक्त प्राधिकारी के प्रत्येक विनिश्चय की सूचना कर्मचारी को संसूचित किये जाने के पूर्व मुख्य शिक्षा अधिकारी को दी जायेगी और वह तब तक प्रभावी नहीं होगी जब तक कि मुख्य शिक्षा अधिकारी द्वारा उसका अनुमोदन लिखित रूप से न कर दिया जाय :

परन्तु इस खण्ड की कोई बात पर उस अवधि के जब तक के लिये कर्मचारी नियुक्त किया गया हो, व्यतीत हो जाने पर सेवा–समाप्त करने पर लागू नहीं होगाः

परन्तु इस खण्ड की कोई बात ऐसे निलम्बन के आदेश पर जिसमें जांच विचाराधीन हो, लागू नहीं होगी, किन्तु कोई ऐसा आदेश मुख्य शिक्षा अधिकारी द्वारा स्थगित प्रतिसंहृत या उपान्तरित किया जा सकता है।

(4) खण्ड (2) और खण्ड (3) में निर्दिष्ट आदेश के विरूद्ध कोई अपील सम्भागीय अपर शिक्षा निदेशक को दी जायेगी।

19.03— (1) नैत्यिक लिपिक के पदों पर या खण्ड (2) या खण्ड (3) में उल्लिखित पदों से भिन्न नैत्यिक लिपिक के वेतनमान में या उससे उच्च वेतनमान में किसी अन्य पद पर नियुक्त समाचार पत्रों में रिक्ति का विज्ञापन करने पश्चात् खण्ड (6) में उपबंधित रीति से चयन समिति की संस्तुति पर सीधी भर्ती द्वारा की जायेगी :

(2) सहायक के पद पर नियुक्ति, नैत्यिक लिपिकों में से उपयुक्तता और योग्यता के अधीन रहते हुए, ज्येष्ठता के अनुसार पदोन्नति द्वारा की जायेगी।

(3) मुख्य लिपिक एंव लेखाकार, मुख्य लिपिक, कार्यालय अधीक्षक और वर्सर के पद पर नियुक्ति अपेक्षित अर्हता रखने वाले वर्तमान कर्मचारियों में से उपयुक्तता और योग्यता के अधीन रहते हुए, ज्येष्ठता के अनुसार पदोन्नति द्वारा की जायेगी और सहायक लेखाकार के पद पर नियुक्ति सीधी भर्ती द्वारा की जायेगी। वर्तमान कर्मचारीवर्ग में से अर्ह और उपयुक्त अभ्यर्थियों के उपलब्ध न होने की स्थिति में, मुख्य लिपिक एवं लेखाकार, मुख्य लिपिक, कार्यालय अधीक्षक और वर्सर के पदों पर नियुक्ति समाचार पत्रों में रिक्ति को विज्ञापित करने के पश्चात् चयन के आधार पर सीधी भर्ती द्वारा की जायेगी।

(4) कर्मचारियों की नियुक्ति शिक्षा निदेशक (उच्च शिक्षा) या उसके द्वारा इस निमित्त प्राधिकृत अधिकारी के अनुमोदन से की जायेगी। यदि अनुमोदन प्राधिकारी अनुमोदन का प्रस्ताव प्राप्त होने के दो मास के भीतर नियुक्ति प्राधिकारी को अनुमोदन न करने की सूचना न दे या ऐसे प्रस्ताव के सम्बन्ध में कोई सूचना न भेजे तो यह समझा जायेगा कि अनुमोदन प्राधिकारी ने नियुक्ति का अनुमोदन कर दिया है।

(5) स्थायी पदों पर नियुक्ति एक वर्ष के लिये परिवीक्षा पर की जायेगी। यदि अभ्यर्थी का कार्य संतोषजनक न पाया जाय तो परिवीक्षा अवधि एक वर्ष के लिये बढाई जा सकती है परन्तु परिवीक्षा की कुल अवधि तीन वर्ष से अधिक न होगी। परिवीक्षा की बढाई हुई अवधि वेतन वृद्धि के लिये मान्य नही होगी।

19.04— परिनियम 19.07 में निर्दिष्ट पदों पर नियुक्ति के लिए आरक्षण का प्रावधान राज्य सरकार द्वारा निर्धारित नियमानुसार किया जायेगा।

19.05— महाविद्यालय में नियोजन के लिये अभ्यर्थी का –

(क) भारत का नागरिक, या

(ख) तिब्बती शरणार्थी, जो भारत में स्थायी रूप से निवास करने के अभिप्राय से 1 जनवरी, 1962 के पूर्व भारत आया हो, या

(ग) भारतीय उद्भव का व्यक्ति, जो भारत में स्थायी रूप से निवास करने के अभिप्राय से पाकिस्तान, वर्मा, श्रीलंका और केन्या, उगाण्डा और यूनाइटेड रिपब्लिक ऑफ तन्जानिया (जिसका पहले तांगानिका और जंजीबार नाम था) के पूर्वी अफ्रीकी देशों से प्रवजन किया हो, होना आवश्यक है :

परन्तु उपर्युक्त श्रेणी (ख) या (ग) का अभ्यर्थी ऐसा व्यक्ति होना चाहिए जिसके पक्ष में राज्य सरकार द्वारा पात्रता का प्रमाण–पत्र जारी किया गया हो :

परन्तु यह और कि श्रेणी (ख) के अभ्यर्थी से यह भी अपेक्षा की जायेगी कि वह उप–पुलिस महानिरीक्षक, गुप्तचर शाखा, उत्तराखण्ड से पात्रता का प्रमाण–पत्र प्राप्त कर ले।

19.06– (1) किसी महाविद्यालय में नीचे विनिर्दिष्ट पदों पर नियुक्ति के लिए न्यूनतम अर्हता वही होगी जो प्रत्येक श्रेणी के सामने उल्लिखित है :–

(एक) लिपिक वर्ग –

नैत्यिक लिपिक, सहायक, मुख्य लिपिक एंव लेखाकार और मुख्य लिपिक के पद के लिए इण्टरमीडिएट या राज्य सरकार द्वारा उसके समकक्ष मान्यता प्राप्त कोई परीक्षा :

परन्तु मुख्य लिपिक एंव लेखाकार और मुख्य लिपिक की स्थिति में यह आवश्यक होगा कि किसीं स्नातकोत्तर या उपाधि या इण्टरमीडिएट, महाविद्यालय में नैत्यिक लिपिक या सहायक के पद पर कार्य करने का कम से कम दस वर्ष की अवधि का अनुभव हो।

(दो) प्रयोगशाला सहायक –

प्रयोगशाला सहायक के पद के लिए, उन विषयों में जिनसे प्रयोगशाला का सम्बन्ध हो, इण्टरमीडिएट या राज्य सरकार द्वारा उसके समकक्ष मान्यता प्राप्त कोई परीक्षा, या हाईस्कूल या राज्य सरकार द्वारा उसके समकक्ष मान्यता प्राप्त कोई परीक्षा और सम्बद्ध विषय के प्रयोगशाला में प्रयोगशाला वेयरर के रूप में कम से कम पांच वर्ष का अनुभव हो।

(तीन) कार्यालय अधीक्षक–

कार्यालय अधीक्षक के पद के लिये विधि द्वारा स्थापित किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से उपाधि और किसी विश्वविद्यालय से सम्बद्ध या सहयुक्त किसी महाविद्यालय में या इसी प्रकार की किसी अन्य संस्था में मुख्य लिपिक या लेखाकार के रूप में कार्य करने का दस वर्ष का अनुभव।

(चार) सहायक लेखाकार–

विधि द्वारा स्थापित किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय की लेखाशास्त्र/लेखा परीक्षा के साथ वाणिज्य में स्नातक की उपाधि।

(पांच) वर्सर –

वर्सर के पद के लिये विधि द्वारा स्थापित किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से उपाधि और किसी उपाधि या स्नातकोत्तर महाविद्यालय में कार्यालय अधीक्षक या लेखाकार के रूप में कार्य करने का कम से कम दस वर्ष का अनुभव।

(छः) चतुर्थ वर्ग के कर्मचारी वर्ग –

चतुर्थ वर्ग के पदों के लिये किसी मान्यता प्राप्त विद्यालय से कक्षा पांच उत्तीर्ण की हो:

परन्तु सफाईकार के पद के लिये किसी शैक्षिक अर्हता की अपेक्षा नहीं की जायेगी किन्तु ऐसे व्यक्ति को अधिमान दिया जायेगा जो शिक्षित हो या कम से कम देवनागरी लिपि में हिन्दी पढ़ और लिख सकता हो।

(सात) अन्य पद–

पूर्ववर्ती खण्डों के अन्तर्गत न आने वाले किसी अन्य पद के लिये, ऐसी न्यूनतम अर्हता जैसी राज्य सरकार द्वारा सामान्य या विशेष आदेशों द्वारा विनिर्दिष्ट की जाय।

(क) खण्ड (1) में दी गयी किसी बात के होते हुए भी,–

(एक) तृतीय वर्ग की सेवाओं और पदों की आरक्षित रिक्तियों में किसी भूतपूर्व सैनिक की नियुक्ति के लिये न्यूनतम अर्हता जहां कहीं इस परिनियम में विहित अर्हता किसी विश्वविद्यालय की उपाधि हो, वहां हाईस्कूल या उसके समकक्ष मान्यता प्राप्त कोई अन्य अर्हता होगी और जहां विहित अर्हता हाईस्कूल या उसके समकक्ष कोई अर्हता हो, वहां शिथिलता नहीं दी जायेगी :

(दो) चतुर्थ वर्ग की सेवाओं और पदों के लिये ऐसी सेवाओं और पदों की आरक्षित रिक्तियों में अन्यथा उपयुक्त समझे गये भूतपूर्व सैनिकों के लिये कोई शैक्षिक अर्हता अपेक्षित न होगी।

(2) ऐसा कोई कर्मचारी जिसके पास इस परिनियमावली के प्रारम्भ के पश्चात खण्ड (1) में विहित अर्हता न हो, पदोन्नति या स्थायी किये जाने के लिये तब तक पात्र नहीं होगा जब तक कि वह–उपर्युक्त अर्हतायें प्राप्त न कर ले :

परन्तु खण्ड (1) किसी बात का प्रभाव इस नियमावली के प्रारम्भ से पूर्व की गयी पदोन्नति और स्थायीकरण पर नहीं पड़ेगा।

19.07– **(1)** किसी महाविद्यालय में, सीधी भर्ती द्वारा किसी कर्मचारी की नियुक्ति के लिए अभ्यर्थी की न्यूनतम आयु 18 वर्ष होगी और अधिकतम आयु सीमा राज्य सरकार द्वारा राजकीय कर्मचारियों हेतु समय–समय पर निर्धारित नियमों के अनुसार होगी :

परन्तु यह और कि परिनियम 19.16 में निर्दिष्ट कर्मचारी पर अधिकतम आयु सीमा नहीं होगी :

(2) जिस वर्ष भर्ती की जाय उस वर्ष जुलाई के प्रथम दिनांक की आयु, खण्ड (1) के प्रयोजनार्थ आयु होगी।

(3) चतुर्थ वर्ग के किसी ऐसे कर्मचारी की स्थिति में, जिसने तीन वर्ष या इससे अधिक की निरन्तर सेवा की हो और जो सीधी भर्ती द्वारा भरे जाने वाले नैत्यिक लिपिक के पद या उसके समकक्ष पद पर नियुक्ति के लिये विहित अर्हता रखता हो, अधिकतम आयु सीमा में करके 10 वर्ष तक शिथिलीकरण किया जा सकता है।

19.08– नियुक्ति प्राधिकारी का वह कर्त्तव्य होगा कि वह अपना समाधान कर ले कि सीधी भर्ती द्वारा नियोजन के लिये अभ्यर्थी का चरित्र ऐसा होना चाहिये कि वह महाविद्यालय में नियोजन के लिये सभी प्रकार से उपयुक्त हो।

टिप्पणी–राज्य सरकार, संघ सरकार या किसी अन्य राज्य सरकार या स्थानीय प्राधिकारी द्वारा पदच्युत व्यक्ति पात्र नहीं समझे जायेंगे।

19.09– कोई व्यक्ति किसी महाविद्यालय में तब तक नियुक्त नही किया जायेगा जब तक कि मानसिक और शारीरिक दृष्टि से उसका स्वास्थ्य अच्छा न हो और किसी ऐसे शारीरिक दोष से युक्त न हो जिससे उसे अपने कर्त्तव्यों का दक्षतापूर्वक पालन करने में बाधा पड़ने की सम्भावना हो नियुक्ति के लिये अन्तिम रूप से अनुमोदित किये जाने के पूर्व अभ्यर्थी से यह अपेक्षा की जायेगी कि वह राज्य सरकार द्वारा स्थापित किसी अस्पताल के प्रभारी चिकित्सा अधिकारी से स्वास्थता का प्रमाण–पत्र प्रस्तुत करे।

19.10– कर्मचारी को वही वेतनमान और भत्ता दिया जायेगा जो राज्य सरकार द्वारा समय–समय पर विहित किया जाय।

स्पष्टीकरण–भूतपूर्व सैनिकों के लिये आरक्षित किसी रिक्ति में नियुक्त कोई भूतपूर्व सैनिक केवल संघ की सशस्त्र सेना में अपनी पिछली सेवा के कारण कोई उच्च वेतन पाने का हकदार नहीं होगा।

19.11– (1) प्रत्येक कर्मचारी अपने कार्य और आचरण के संबंध में उच्चतम कोटि की सत्यनिष्ठा बनाये रखेगा **धारा 7**

(2) प्रत्येक कर्मचारी प्रबन्धतंत्र या प्राचार्य के आदेशों या निर्देशों का, जिसमें राज्य सरकार के या विश्वविद्यालय के आदेशों के कार्यान्वयन में जारी किये गये आदेश या निर्देश भी सम्मिलित हैं, अनुपालन करेगा।

(3) महाविद्यालय का प्राचार्य प्रत्येक कर्मचारी की चरित्र पंजी रखेगा। जिसमें उसके कार्य और आचरण के सम्बन्ध में गोपनीय रिपोर्ट प्रति वर्ष लिखी जायेगी। सम्बद्ध कर्मचारी को प्रतिकूल प्रविष्टि की सूचना यथाशीघ्र दी जायेगी जिससे कि वह अपना कार्य और आचरण तद्नुसार सुधार सके।

(4) प्रतिकूल प्रविष्टि से व्यथित कोई कर्मचारी प्रतिकूल प्रविष्टि को हटाने के लिए प्राचार्य के माध्यम से महाविद्यालय के प्रबन्धक को अभ्यावेदन कर सकता है। प्रतिकूल प्रविष्टि को निकालने के औचित्य के आधार पर, प्रतिकूल प्रविष्टि की शक्ति सम्बद्ध महाविद्यालय की प्रबन्ध समिति में निहित होगी।

(5) प्रत्येक कर्मचारी की सेवा–पुस्तिका प्राचार्य के नियंत्रण में रखी जायेगी।

19.12– कोई कर्मचारी जो परिनियम 19.11 के खण्ड (1) और (2) में से किसी एक या दोनों उपबन्ध का पालन नहीं करता है अनुशासनिक कार्यवाही की भागी होगी।

19.13– (1) किसी कर्मचारी को निम्नलिखित किसी एक से अधिक कारण से सेवा से हटाया जा सकेगा–

(क) कर्त्तव्यों की घोर उपेक्षा;

(ख) दुराचरण;

(ग) अधीनता या अवज्ञा;

(घ) कर्त्तव्यों के पालन में शारीरिक या मानसिक दृष्टि से अनुपयुक्तता;

(ङ) सरकार या सम्बद्ध विश्वविद्यालय या महाविद्यालय के विरूद्ध प्रतिकूल आचरण या कार्य–कलाप;

(च) नैतिक पतन समन्वित आरोप पर किसी विधि न्यायालय द्वारा दोष सिद्ध।

(2) यदि कोई अस्थायी कर्मचारी सेवा से त्याग–पत्र देता है तो वह महाविद्यालय के प्रबन्धतंत्र को एक मास पहले इस आशय की लिखित नोटिस देगा अन्यथा उसे नोटिस के बदले में एक मास का वेतन महाविद्यालय के पास जमा करना होगा। उसी प्रकार, महाविद्यालय का प्रबन्धतंत्र किसी कर्मचारी की सेवा समाप्त करने का विनिश्चय करता है तो प्रबन्धतंत्र कर्मचारी को एक मास की नोटिस या उसके बदले में एक मास का वेतन देगा।

(3) किसी स्थायी कर्मचारी को सेवा से, पद समाप्त किये जाने के आधार पर, उसे तीन मास की लिखित नोटिस देने या उसके बदले में तीन मास का वेतन देने के पश्चात् मुक्त किया जा सकता है। किसी पद को निम्नलिखित एक अथवा उससे अधिक किसी आधार पर समाप्त किया जा सकता है–

(क) वित्तीय कठिनाई के कारण छटनी।

(ख) छात्रों की भर्ती में कमी,

(ग) उस विषय में, जिससे पद सम्बन्धित हो, अध्यापन–कार्य का बन्द किया जाना।

19.14— किसी कर्मचारी की अधिवर्षिता की आयु साठ वर्ष होगी।

19.15— (1) समान स्तर के सरकारी सेवकों पर प्रयोज्य छुट्टी सम्बन्धी नियम, आवश्यक परिवर्तन सहित कर्मचारी पर लागू होंगे।

(2) प्राचार्य को चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों की सभी प्रकार के अवकाश तथा अन्य कर्मचारियों को आकस्मिक अवकाश स्वीकृत करने का प्राधिकार होगा।

(3) चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों को छोड़कर अन्य कर्मचारियों को आकस्मिक छुट्टी से भिन्न छुट्टी के लिए कर्मचारी के आवेदन–पत्र को प्राचार्य अपनी सिफारिश के साथ महाविद्यालय के प्रबन्धक को भेजेगा, जिसे छुट्टी स्वीकृति करने का प्राधिकार होगा।

(4) छुट्टी से सम्बन्धित समस्त अभिलेख प्राचार्य द्वारा रखे जायेंगे। (आकस्मिक छुट्टी से भिन्न) छुट्टी स्वीकृत किये जाने के आदेश की प्रतियां उस व्यक्ति को, जो उसके द्वारा कर्मचारी के वेतन का संवितरण करने के लिए प्राधिकृत हो, भेजेगा। प्राचार्य वेतन बिल में छुट्टी की अवधि और उसका प्रकार भी उल्लिखित करेगा।

19.16— राज्य सरकार से अनुरक्षण अनुदान पाने वाले किसी एक महाविद्यालय का पूर्णकालिक कर्मचारी, जो किसी दूसरे महाविद्यालय में नियुक्त किया जाय, नियमित चयन के पश्चात्, उस वेतन से जो वह उस महाविद्यालय में पा रहा था, जिसमें वह पहले कार्य कर रहा था, कम वेतन पाने का हकदार नहीं होगा, यदि कर्मचारी–

(क) पूर्ववर्ती महाविद्यालय में अपने पद पर स्थायी था और ऐसा महाविद्यालय सहायता अनुदान सूची में था।

(ख) नये महाविद्यालय में सेवा के लिए पूर्ववर्ती महाविद्यालय के प्रबन्धक की अनुज्ञा प्राप्त कर ली हो और पूर्ववर्ती महाविद्यालय के प्रबन्धतंत्र को उसे अमुक्त करने में कोई आपत्ति न हो।

(ग) पूर्ववर्ती महाविद्यालय मे प्रबन्ध में इस आशय का प्रमाण–पत्र प्रस्तुत करे कि ऐसी कोई असामान्य और प्रतिकूल परिस्थितियां नहीं थी जिसमें कर्मचारी ने उस महाविद्यालय को छोडा।

(घ) पूर्ववर्ती महाविद्यालय से अन्तिम वेतन प्रमाण–पत्र प्रस्तुत करे जो सम्बद्ध वेतन संवितरण करने वाले प्राधिकारी द्वारा सम्यक् रूप से प्रतिहस्ताक्षरित हो।

स्पष्टीकरण :–

(1) नये महाविद्यालय में नियुक्ति किये जाने पर, पूर्ववर्ती महाविद्यालय में की गयी सेवा की गणना ज्येष्ठता के लिये नहीं की जायेगी। नये महाविद्यालय में ज्येष्ठता की गणना नये महाविद्यालय नियुक्ति के दिनांक से की जायेगी और वार्षिक वेतन वृद्धि नये महाविद्यालय में कार्यभार ग्रहण करने के दिनांक से उस महाविद्यालय में एक वर्ष की सेवा पूरी करने के पश्चात् देय होगी।

(2) कर्मचारी नये महाविद्यालय में अपना कार्यभार ग्रहण करने के लिये की गयी यात्रा के लिए कोई यात्रा भत्ता पाने का हकदार नहीं होगा। फिर भी, उसे निम्नलिखित दरों पर यात्रा अवधि अनुमन्य होगी :–

(क) रेल यात्रा से सम्बन्धित स्थानों के लिये प्रति 500 किलोमीटर पर एक दिन।

(ख) उन स्थानों के लिये जो रेल से सम्बन्धित नहीं है परन्तु बस से सम्बद्ध है प्रति 150 किलोमीटर पर एक दिन।

(ग) उन स्थानों के लिये जो न तो रेल से सम्बद्ध है और न बस से सम्बद्ध है प्रति 25 किलोमीटर पर एक दिन।

भाग 2

महाविद्यालय के मृत कर्मचारियों के आश्रित का सेवायोजन

19.17— यदि किसी स्थायी कर्मचारी या ऐसे कर्मचारी की जो कम से कम लगातार तीन वर्ष से किसी अस्थायी पद पर हो सेवा में रहते हुए मृत्यु हो जाय तो ऐसे मृत कर्मचारी के एक आश्रित को जो महाविद्यालय में किसी रिक्त शिक्षणेत्तर पद के लिए आवेदन–पत्र देता है और ऐसे पद के लिए न्यूनतम शैक्षिक अर्हता रखता हो, प्रबन्धतंत्र द्वारा निदेशक (उच्च शिक्षा) के पूर्वानुमोदन से, चयन की प्रक्रिया और अधिकतम आयु सीमा को शिथिल करके नियुक्त किया जा सकता है।

स्पष्टीकरण– इस परिनियम के प्रयोजन के लिए –

(1) आश्रित का तात्पर्य कार्मिक विभाग, उत्तराखण्ड शासन द्वारा समय–समय पर यथासंशोधित शासनादेशों में किये गये प्रावधान से है।

(2) कर्मचारी के अन्तर्गत विश्वविद्यालय में नियोजित अध्यापक भी हैं।

अध्याय 20

प्रकीर्ण

20.01— विश्वविद्यालय अध्यादेशों में निर्धारित उपबन्धों के अनुसार छात्रवृतियां, अधिछात्रवृतियां (जिनके अन्तर्गत यात्रिक अधिछात्रवृतियां भी हैं) विद्यावृतियां, पदक तथा पारितोषिक संस्थित और प्रदान कर सकता है। धारा 7 (ठ)

20.02— विश्वविद्यालय के किसी प्राधिकारी या निकाय के सभी निर्वाचन आनुपातिक प्रतिनिधित्व प्रणाली के अनुसार एकल संक्रमणीय मत द्वारा **परिशिष्ट 'ख'** में निर्धारित रीति से होगा।

20.03— धारा 7 के उपबन्धों के अधीन रहते हुए, विश्वविद्यालय द्वारा संचालित किसी परीक्षा में प्राइवेट अभ्यर्थी के रूप में बैठने की अनुमति दे सकता है परन्तु–

(क) ऐसा व्यक्ति अध्यादेशों में निर्धारित अपेक्षाओं को पूरा करता हो; और

(ख) ऐसी परीक्षा ऐसे विषय या शिक्षा पाठ्यक्रम से सम्बन्धित न हो जिसमें व्यावहारिक परीक्षा पाठयक्रम का भाग हो।

20.04— परिनियम 20.03 का उपबन्ध, आवश्यक परिवर्तनों सहित, पत्राचार पाठयक्रम पर लागू होगा।

20.05— इस परिनियमावली या विश्वविद्यालय के अध्यादेश में दी गई किसी बात के होते हुए भी–

(i) किसी शैक्षिक वर्ष में 31 अगस्त के पश्चात् कोई प्रवेश नहीं किया जायेगा;

(ii) विश्वविद्यालय द्वारा संचालित सभी परीक्षाएं 30 अप्रैल तक पूरी हो जायेंगी;

(iii) 15 जून तक परीक्षाफल घोषित कर दिये जायेंगे:

परन्तु विशेष परिस्थिति में कुलपति के अनुमोदन से इन तिथियों को परिवर्तित व विस्तारित किया जा सकता है।

20.06— किसी अभ्यर्थी को अपने परीक्षाफल में सुधार करने की दृष्टि से विश्वविद्यालय की अगली नियमित परीक्षा में, पूर्व स्नातक परीक्षा के किसी भाग के एक विषय में और बी.एड. परीक्षा के, या एल.एल.बी. के किसी एक वर्ष की परीक्षा के या स्नातकोत्तर परीक्षा के एक भाग के एक प्रश्नपत्र की परीक्षा में बैठने की अनुमति दी जा सकती है।

अध्याय–21

अधिभार

21.01– जब तक विषय या सन्दर्भ में कोई बात प्रतिकूल न हो, इस परिनियमावली में,–

(1) परीक्षक से स्थानीय निधि लेखा परीक्षक, उत्तराखण्ड अभिप्रेत हैं।

(2) सरकार से उत्तराखण्ड सरकार अभिप्रेत है।

(3) विश्वविद्यालय का अधिकारी से अधिनियम की धारा 8 के खण्ड (ख) से (च) तक के किसी भी खण्ड में उल्लिखित अधिकारी और परिनियम 2.01–क के अधीन इस रूप में घोषित अधिकारी अभिप्रेत है।

21.02– **(1)** किसी भी ऐसे मामले में जिसमें परीक्षक की राय को ही किसी अधिकारी की उपेक्षा या अवधार के प्रत्यक्ष परिणामस्वरूप विश्वविद्यालय के किसी धन या संपत्ति की हानि, अपव्यय या दुरूपयोग जिनके अन्तर्गत दुर्विनियोग या अनुचित व्यय भी है, हुआ है तो वह अधिकारी से लिखित रूप में स्पष्टीकरण देने के लिये कह सकता है कि क्यों न ऐसे अधिकारी पर ऐसी धनराशि की हानि, धन के अपव्यय या दुरूपयोग के लिए या ऐसी धनराशि संपत्ति की हानि, अपव्यय या दुरूपयोग के बराबर हो, अधिभार लगाया जाय और ऐसा स्पष्टीकरण संबद्ध व्यक्ति और ऐसी अध्यपेक्षा के संसूचित किये जाने के दिनांक से दो मास से अनाधिक अवधि के भीतर किया जायेगा :

परन्तु कुलपति से भिन्न किसी भी अधिकारी से स्पष्टीकरण कुलपति के माध्यम से मांगा जायेगा।

टिप्पणी–(1) परीक्षक द्वारा या प्रयोजन के लिये उसके द्वारा नियुक्ति व्यक्ति द्वारा प्रारम्भिक जांच के लिये अपेक्षिक कोई सूचना और समस्त सम्बन्धित पत्रादि और अभिलेख अधिकारी द्वारा (या यदि ऐसी सूचना पत्रादि और अभिलेख उक्त अधिकारी से भिन्न व्यक्ति द्वारा) किसी भी स्थिति में दो सप्ताह से अनाधिक युक्ति युक्त समय के भीतर प्रस्तुत किया जायेगा और दिखाया जायेगा।

(2) खण्ड (1) में दिये गये उपबन्धों की व्यापकता पर प्रतिकूल प्रभाव डाले बिना, परीक्षक निम्नलिखित मामलों में स्पष्टीकरण मांग सकता है :–

(क) जहां व्यय इस परिनियमावली के या अधिनियम के या इसके अधीन बनाये गये अध्यादेशों या विनियमों के उपबन्धों के उल्लंघन में किया गया हो :

(ख) जहां हानि पर्याप्त अभिलिखित कारणों के बिना कोई उच्च टेन्डर स्वीकार करने से हुई हो :

(ग) जहां विश्विद्यालय को देय किसी धनराशि का परिद्वार इस परिनियमावली के या अधिनियम के या इसके अधीन बनाये गये अध्यादेशों या विनियमों के उपबन्धों के उल्लंघन में किया गया हो।

(घ) जहां विश्विद्यालय को अपने देयों को वसूल करने में उपेक्षा के कारण हानि हो :

(ङ) जहां विश्विद्यालय की निधि या सम्पत्ति को ऐसे धन या सम्पत्ति को अभिरक्षा के लिये युक्तियुक्त सावधानी न बरतने के कारण हानि हुई हो :

(3) उस अधिकारी को जिससे स्पष्टीकरण मांगा गया हो, लिखित अध्यपेक्षा पर विश्वविद्यालय उसे सम्बन्धित अभिलेखों का निरीक्षण करने के लिए आवश्यक सुविधायें देगा। परीक्षक सम्बद्ध अधिकारी के आवेदन–पत्र पर, उसे स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने के लिए समय को युक्तियुक्त अवधि तक बढा सकता है यदि उसका यह समाधान हो जाय कि आरोपित/अधिकारी अपना स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने प्रयोजन के लिए सम्बन्धित अभिलेखों का निरीक्षण अपने नियंत्रण से नहीं कर सका।

स्पष्टीकरण :–अधिनियम या इसके अधीन बनाये गये परिनियमों या कोई नियुक्ति करने को अवचार करना समझा जायेगा और ऐसी अनियमित नियुक्ति के कारण सम्बद्ध व्यक्ति को वेतन या अन्य देयों का भुगतान विश्वविद्यालय के धन की हानि, दुर्व्यय या दुरूपयोग समझा जायेगा।

21.03– विहित अवधि की समाप्ति के पश्चात् और स्पष्टीकरण पर, यदि समय के भीतर प्राप्त हों, विचार करने पश्चात् परिक्षक अधिकारी पर सम्पूर्ण धनराशि या उसके किसी भाग के लिए, जिसके लिए ऐसा अधिकारी उसकी राय में उत्तरदायी हो अधिभार लगा सकता है:

परन्तु यदि दो या अधिक अधिकारियों की उपेक्षा या अवचार के परिणामस्वरूप हानि, दुर्व्यय या दुरूपयोग हो तो प्रत्येक ऐसा अधिकारी संयुक्ततः और पृथक्तः देनदार होगा :

परन्तु यह भी कि कोई अधिकारी किसी ऐसी हानि, दुर्व्यय या दुरूपयोग के दिनांक से दस वर्ष की समाप्ति के पश्चात् या उसके ऐसा अधिकारी न रह जाने के दिनांक से छः वर्ष की समाप्ति के पश्चात् इसमें जो भी पश्चात्वर्ती हो, किसी हानि, दुर्व्यय या दुरूपयोग के लिए उत्तरदायी न होगा।

21.04– परीक्षक द्वारा दिये गये अधिभार के आदेश से व्यथित अधिकारी, उस मण्डल के आयुक्त को जिसमें विश्वविद्यालय स्थित हो, ऐसा आदेश संसूचित किये जाने के दिनांक से तीस दिन के भीतर अपील कर सकता है। आयुक्त परीक्षक द्वारा दिये गये आदेश को पुष्ट, विखण्डित या परिवर्तित कर सकता है या ऐसा आदेश दे सकता है जैसा वह उचित समझे। इस प्रकार दिया गया आदेश अन्तिम होगा और इसके विरूद्ध कोई अपील न हो सकेगी।

21.05– (1) अधिकारी जिस पर अधिभार लगाया गया हो, ऐसा आदेश संसूचित किये जाने के दिनांक से साठ दिन के भीतर या ऐसे अग्रेतर समय के भीतर जो उक्त दिनांक से एक वर्ष से अधिक न हो, जैसा परीक्षक द्वारा अनुमति दी जाय, अधिभार की धनराशि का भुगतान करेगा :

परन्तु यदि परीक्षक द्वारा दिये गये अधिभार के आदेश के विरूद्ध परिनियम 21.04 के अधीन कोई अपील प्रस्तुत की गयी हो तो अपील प्रस्तुत की गयी हो तो अपील प्रस्तुत करने वाले व्यक्ति से धनराशि की वसूली के लिए समस्त कार्यवाहियां आयुक्त द्वारा रोकी जा सकती हैं जब तक कि अपील का अन्तिम रूप से विनिश्चय न हो जाय।

(2) यदि अधिभार की धनराशि का भुगतान खण्ड (1) में विनिर्दिष्ट अवधि के भीतर नहीं किया जाता है तो वह भू–राजस्व के बकाया के रूप में वसूल किये जाने योग्य होगी।

21.06– जहां अधिभार के किसी आदेश पर आपत्ति करने के लिये किसी न्यायालय में कोई वाद संस्थित किया जाय और ऐसे वाद में परीक्षक या राज्य सरकार प्रतिवादी हो, वहां वाद का प्रतिवाद करने में उपगत समस्त खर्चे का भुगतान विश्वविद्यालय द्वारा किया जायेगा और विश्वविद्यालय का यह कर्त्तव्य होगा कि वह भुगतान बिना किसी विलम्ब के करे।

परिशिष्ट ख
(परिनियम 4.12 देखिये)
आनुपातिक प्रतिनिधित्व प्रणाली के अनुसार एकल संक्रमणीय मत द्वारा निर्वाचन
भाग 1
सामान्य

1. जब तक कि आनुपातिक प्रतिनिधित्व प्रणाली के अनुसार एकल संक्रमणीय मत द्वारा किसी निर्वाचन के प्रति निर्देश से विषय या संदर्भ में कोई बात प्रतिकूल न हो :

(i) अभ्यर्थी का तात्पर्य निर्वाचन लड़ने के लिये सम्यक् रूप से अर्ह ऐसे व्यक्ति से है जो सम्यक् रूप से नाम–निर्दिष्ट किया गया हो;

(ii) अनवरत अभ्यर्थी का तात्पर्य ऐसे व्यक्ति से है जो न तो निर्वाचित हुआ हो और न किसी समय विशेष पर मतदान से अपराजित हुआ हो;

(iii) निर्वाचन का तात्पर्य ऐसे व्यक्ति से है जो निर्वाचन में अपना मत देने के लिए सम्यक् रूप से अर्ह हो;

(iv) विशेष पत्र का तात्पर्य ऐसे मत–पत्र से है जिस पर किसी अनवरत अभ्यर्थी के लिए कोई अग्रेतर अधिमान अभिलिखित न हो, परन्तु कोई पत्र तब भी निःशेषित समझा जायेगा, यदि–

(क) उसमें दो अथवा अधिक अभ्यर्थियों के नाम, चाहे वे अनवरत हों या न हों, समान अंक से नियुक्त हो और उनका स्थान अधिमान क्रम में अगला हो; या

(ख) अधिमान–क्रम में अगले अभ्यर्थी का नाम, चाहे वह अनवरत हों या न हो–

(1) ऐसे अंक से चिन्हित हो जो मतपत्र में किसी अन्य अंक के पश्चात् क्रमानुसार न हो, या

(2) दो अथवा अधिक अंको से चिन्हित हो।

(v) प्रथम अधिमान मत का तात्पर्य ऐसे अभ्यर्थी के पक्ष में मत से है जिनके नाम के सामने मतपत्र में अंक 1 लिखा हो, द्वितीय अधिमान–मत का तात्पर्य ऐसे अभ्यर्थी के पक्ष में मत से है जिसके नाम के सामने अंक 2 लिखा हो, तृतीय अधिमान मत का तात्पर्य ऐसे अभ्यर्थी के पक्ष में मत से है जिसके सामने अंक 3 लिखा हो और इसी प्रकार क्रम में आगे भी लिखा हो;

(vi) किसी अभ्यर्थी के सम्बन्ध में, मूल मत का तात्पर्य ऐसे मतपत्र द्वारा प्राप्त मत है जिस पर उस अभ्यर्थी के लिये प्रथम अधिमान अभिलिखित हो;

(vii) कोटा का तात्पर्य मतों के उस न्यूनतम मूल्यांक से है जो किसी अभ्यर्थी के निर्वाचित होने के लिए पर्याप्त हो;

(viii) आधिक्य का तात्पर्य उस संख्या से है जितने से किसी अभ्यर्थी के मूल और सवंमित मतों का मूल्यांकन कोटा से अधिक हो;

(ix) किसी अभ्यर्थी के सम्बन्ध में, सवंमित मत का तात्पर्य ऐसे मतपत्र द्वारा प्राप्त मत से है जिस पर उस अभ्यर्थी के लिये द्वितीय अथवा उसके बाद वाला कोई अधिमान लिखा हो और जिसका मूल्यांक या मूल्यांक का भाग उस अभ्यर्थी के पक्ष में जोडा जाय;

(x) अनिःशेष का तात्पर्य ऐसे मतपत्र से है जिस पर किसी अनवरत अभ्यर्थी के लिये अग्रतल अधिमान अधिलिखित हो।

कुलसचिव

2. कुलसचिव रिटर्निंग आफिसर होगा जो सभी निर्वाचनों के संचालन के लिये उत्तरदायी होगा।

कुलपति

3.(i) प्रत्येक निर्वाचन के विभिन्न प्रक्रमों के लिये परिनियम के उपबन्धों के अनुरूप दिनांक नियत करेगा तथा उसे आपातिक स्थिति में इन दिनांकों में परिवर्तन करने की, सिवाय उस दशा में जब ऐसे परिवर्तन से परिनियम के उपबन्धों का उल्लंघन होता हो, शक्ति होगी।

(ii) सन्देह की दशा में, किसी अभिलिखित मत की वैद्यता अथवा अवैद्यता का विनिश्चय करेगा।

4. सभा के रजिस्ट्रीकृत स्नातकों का प्रतिनिधित्व करने वाले सदस्यों का निर्वाचन (तथा अन्य ऐसे निर्वाचन जिनके विषय में कुलपति सुविधा तथा मिततव्ययिता के कारण निर्देश दे) डाक द्वारा मतपत्र से किया जायेगा। अन्य निर्वाचित सम्बन्धित प्राधिकारियों अथवा निकायों के अधिवेशन में किये जायेंगें।

5. मतपत्र निम्नलिखित प्रपत्र में होगा –

विश्वविद्यालय का नाम

.....निर्वाचन–क्षेत्र द्वारा निर्वाचन–

अभ्यर्थियों के नाम तथा अधिमान–क्रम 1,2,3 इत्यादि अंकों द्वारा (रिक्त स्थान में) इंगित किये जायेंगे।

.....

.....

.....

6. निर्वाचन अपना मत देने में–

(i) अपने मतपत्र पर अंक 1 उस अभ्यर्थी के नाम के सामने लिखेगा जिसको कि वह अपना मत देय और

(ii) इसके अतिरिक्त जितने अन्य अभ्यर्थियों को वह चाहे अपनी पसन्द या अधिमानता को उस अभ्यर्थियों के नाम के सामने क्रमशः 2,3,4, तथा इसी प्रकार अविछिन्न अंकों द्वारा लिखकर व्यक्त कर सकता है।

7. वह मत पत्र अविधिमान्य होगा।

(i) जिस पर अंक 1 न लिखा हो; या

(ii) जिस पर से अधिक अभ्यर्थियों के नाम के आगे अंक 1 लिखा हो; या

(iii) जिस पर एक ही अभ्यर्थियों के नाम के आगे अंक 1 तथा कोई अंक लिखा हो; या

(iv) जिस पर अंक 1 ऐसा लिखा हो जिससे यह सन्देह हो कि वह किस अभ्यर्थी के लिए अभिप्रेरित है; या

(v) मतपत्र द्वारा निर्वाचन की दशा में जिस पर कोई ऐसा चिह्न बना हो जिससे कि मतदाता बाद में पहिचाना जा सके; या

(vi) जिस पर मतदाता के अधिमान को व्यक्त करने वाला अंक मिटाया हो या उसमें परिवर्तन किया गया हो; या

(vii) जो उक्त प्रयोजन के लिये व्यवस्थित प्रपत्र में न हो।

भाग 2

डाक मतपत्र द्वारा संचालित निर्वाचन

8. डाक मतपत्र द्वारा भरी जाने वाली रिक्तियां होने के कम से कम तीन मास पहले कुलसचिव प्रत्येक अर्ह मतदाता के पास उनके रजिस्ट्री कृत पते पर रजिस्ट्री कृत डाक से नोटिस भिजवायेगा, जिसमें उससे नोटिस भेजे जाने के पन्द्रह दिन के भीतर नाम–निर्देशन–पत्र प्रस्तुत करने को कहा जायेगा। नोटिस के साथ निर्वाचकों की एक सूची होगी।

9. कुलसचिव को मतदाताओं की सूची की प्रत्येक ऐसी अशुद्धि तथा लोप को, जो उसकी जानकारी में लाया जाय, ठीक करने की शक्ति होगी। यदि किसी व्यक्ति का नाम सूची से निकाल दिया जाय तो उसके मत की गणना नहीं की जायेगी, भले ही उसे मतपत्र मिल गया हो और उसने अपना मत दे दिया हो, और एक प्रमाण–पत्र कि ऐसा किया गया है, कुलसचिव तथा निर्वाचन तैयार करने में उससे सम्बद्ध व्यक्तियों द्वारा, यदि कोई हों, अभिलिखित किया जायेगा।

10. प्रत्येक निर्वाचन को भरे जाने वाले स्थानों की संख्या से अनाधिक अभ्यर्थियों का नाम–निर्देशन करने का विकल्प होगा।

11. प्रत्येक नाम निर्देशन–पत्र पर प्रस्तावक द्वारा जो स्वयं निर्वाचक होगा, हस्ताक्षर किया जायेगा,और उसके साथ निर्वाचन के लिये नाम–निर्दिष्ट अभ्यर्थी की सहमति होगी जो या तो लिखित होगी या नाम–निर्देशित पत्र पर हस्ताक्षर द्वारा की गई होगी। उसमें नाम–निर्देशन के समर्थकों के रूप में अन्य निर्वाचकों के हस्ताक्षर हो सकते हैं। किन्तु कोई भी अभ्यर्थी किसी ऐसे नाम–निर्देशन–पत्र पर, जिसमें उसका नाम अभ्यर्थी के रूप में लिखा हो, प्रस्तावक या अनुमोदक के रूप में हस्ताक्षर नहीं करेगा।

12. नाम–निर्देशन–पत्र नोटिस में उल्लिखित समय के भीतर कुलसचिव को बन्द लिफाफे में या तो स्वयं प्रस्तावक या किसी ऐसे निर्वाचक द्वारा दिया जायेगा जो नाम–निर्देशन का समर्थन करता हो या रजिस्ट्रीकृत डाक द्वारा भेजा जायेगा।

13. कोई अभ्यर्थी निर्वाचन से अपना नाम वापस लेने की लिखित सूचना,जिस पर उसके हस्ताक्षर होंगे और जो किसी वैतनिक मजिस्ट्रेट, राजपत्रित अधिकारी या विश्वविद्यालय से सहायुक्त या सम्बद्ध महाविद्यालय के प्राचार्य द्वारा अनुप्रमाणित होगा, कुलसचिव को इस प्रकार भेजकर कि वह नाम–निर्देशन की प्राप्ति के लिये अन्तिम दिन के रूप में निश्चित दिन तथा समय के पूर्व पहुंच जाय, निर्वाचन से अपना नाम वापस ले सकता है। अनूप्रमाणन पर सम्बन्धित अधिकारी की मुहर लगी होनी चाहिए।

14. कुलसचिव नाम–निर्देशन–पत्रों के लिफाफों को खोलने का स्थान, दिनांक और समय अधिसूचित करेगा। ऐसे अभ्यर्थी या निर्वाचक जो उपस्थित होना चाहे, उस अवसर पर उपस्थित हो सकते हैं।

15. कुलसचिव विधिमान्य नाम–निर्देशनों की एक सूची तैयार करेगा। यदि कोई नाम निर्देशन पत्र कुलसचिव द्वारा अस्वीकृत किया जाय, तो वह अस्वीकृत करने के कारणों की सूचना अभ्यर्थी को दो दिन के भीतर देगा। यह अभ्यर्थी पर निर्भर होगा कि वह ऐसी संसूचना की प्राप्ति के तीन दिन के भी आवेदन–पत्र भेजे कि मामला कुलपति को निर्दिष्ट किया जाय। तत्पश्चात् वह मामला कुलपति को निर्दिष्ट किया जायेगा। जिसका विनिश्चय अन्तिम होगा।

16. यदि सम्यक् रूप से नाम–निर्दिष्ट अभ्यर्थियों की संख्या भरे जाने वाले स्थानों की संख्या से अधिक न हो तो कुलसचिव उन्हें निर्वाचित घोषित कर देगा। यदि कोई स्थान भरने से रह जाय तो उसे भरने के लिये पूर्वोक्त रीति से नया निर्वाचन किया जायेगा और ऐसा निर्वाचन सामान्य निर्वाचन का भाग समझा जायेगा।

17. यदि सम्यक् रूप से नाम–निर्दिष्ट व्यक्तियों की संख्या, भरे जाने वाले स्थानों की संख्या से अधिक हो तो निर्वाचन किया जायेगा।

18. कुलसचिव संवीक्षा पूरी होने के 15 दिन के भीतर प्रत्येक निर्वाचक को रजिस्ट्रीकृत डाक से उसके रजिस्ट्रीकृत पते पर एक मतपत्र के साथ एक लिफाफा भेजेगा जिस पर केवल निर्वाचन क्षेत्र का नाम लिखा होगा और एक बड़ा लिफाफा भी भेजेगा जिसके बांई ओर निर्वाचन नामावली में निर्वाचकों की संख्या, निर्वाचन क्षेत्र का नाम और दाहिनी ओर विश्वविद्यालय के कुलसचिव का पता लिखा अथवा छपा होगा। कुलसचिव अभिज्ञान का एक प्रमाण पत्र भी संलग्न करेगा।

19. (i) निर्वाचन अभिज्ञान के प्रमाण–पत्र पर हस्ताक्षर करेगा और उसे निम्नलिखित व्यक्तियों में से किसी से सम्यक् रूप में अनुप्रमाणित करायेगा :–

(क) तत्समय भारत में विधि द्वारा स्थापित किसी विश्वविद्यालय का कुलसचिव;

(ख) किसी ऐसे विश्वविद्यालय से सहायुक्त या सम्बद्ध महाविद्यालय का प्राचार्य अथवा उस विश्वविद्यालय के अध्यापन विभाग का अध्यक्ष;

(ग) सरकार का कोई राजपत्रित अधिकारी।

(ii) अनुप्रमाणक अधिकारी अपने पूर्ण हस्ताक्षर और अपनी मुहर से अनुप्रमाणित करेगा।

(iii) निर्वाचन मतपत्र को, बिना अपने नाम अथवा हस्ताक्षर के, सम्यक् रूप से भरकर छोटे लिफाफे में बन्द करेगा, और तब उसे सम्यक् रूप से हस्ताक्षरित और अनुप्रमाणित अभिज्ञान के प्रमाण–पत्र के साथ बड़े लिफाफे में बन्द कर देगा और उसे सम्यक् रूप से मुहर बन्द करके या तो रजिस्ट्रीकृत डाक द्वारा कुलसचिव के पास भेज देगा या उन्हें स्वयं देगा।

